दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
वर्ष 72 ▸ अंक 217 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 06 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

स्वार्थी हितों ने कभी भी अपनी ताकत को स्वेच्छा से नहीं छोड़ा है, जब तक कि उन्हें मजबूर करने के लिए पर्याप्त दबाव न डाला गया हो।
– डॉ. भीमराव अंबेडकर

**गृह मंत्रालय का बड़ा आदेश:** पाकिस्तान से तनाव के बीच पूरे देश में होगी मॉक ड्रिल

# सात मई को 'एयर रेड अलर्ट'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच हाल के दिनों में बढ़े तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने 7 मई को पूरे देश में व्यापक नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) आयोजित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश गृह मंत्रालय ने जारी किया है और इसका मकसद संभावित आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आम नागरिकों, सिविल डिफेंस बलों और सुरक्षा एजेंसियों को तैयार करना है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बनाने से लेकर सूचना और साइबर स्पेस में जवाबी कार्रवाई तक शामिल हैं। इन कार्रवाइयों से पाकिस्तान बौखलाया हुआ नजर आ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में गृह मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे 7 मई को हवाई हमले की आशंका से जुड़ी मॉक ड्रिल आयोजित करें। सरकार का मानना है कि मौजूदा हालात में नागरिकों को आपदा प्रबंधन और सुरक्षा प्रशिक्षण देना बेहद जरूरी है।




## यह हैं गृह मंत्रालय का निर्देश

- सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 7 मई को एयर रेड सायरन से जुड़ी मॉक ड्रिल कराई जाएगी।
- सिविल डिफेंस, पुलिस, प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं को इस ड्रिल में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है।
- स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर एयर रेड सायरन के बजने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का अभ्यास कराया जाएगा।
- नागरिकों को यह बताया जाएगा कि हवाई हमले या किसी बड़े आतंकी हमले की स्थिति में किस तरह की सावधानियां बरती जानी चाहिए और कहां छुपना है।
- कुछ सीमावर्ती राज्यों को सायरन सिस्टम लगाने या उसे सक्रिय करने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि अलर्ट प्रणाली सक्रिय रह सके।

### क्यों जरूरी है मॉक ड्रिल

भारत पहले भी सीमावर्ती राज्यों में मॉक ड्रिल करता रहा है, लेकिन इस बार इसका दायरा पूरे देश में रखा गया है। यह इस बात का संकेत है कि सरकार किसी भी तरह के खतरे के लिए तैयार रहना चाहती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह अभ्यास महज प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह एक पूर्व-सावधानी भरा रणनीतिक कदम है जो भारत की आंतरिक तैयारी और जवाबी क्षमता को मजबूत करता है। साथ ही, यह आम जनता को भी यह संदेश देता है कि सरकार हर स्तर पर सतर्क है और उन्हें तैयार रहने की जरूरत है।

### सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी

इस निर्देश के अलावा बीते कुछ दिनों में कई सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। जम्मू-कश्मीर की जेलों पर संभावित आतंकी हमले की खुफिया जानकारी के बाद सीआईएसएफ को विशेष सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीमाओं पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है और पाकिस्तानी नागरिकों की घुसपैठ की कई कोशिशें नाकाम की गई हैं।

### रक्षा वेबसाइटों पर निशाना

पाकिस्तान साइबर फोर्स नाम के एक हैंडल ने दावा किया है कि हैकर्स ने मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस के संवेदनशील डेटा तक पहुंच हासिल कर ली है। हमलावरों ने लॉगिन क्रेडेंशियल सहित रक्षा व्यक्तियों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी भी हासिल की है। समूह ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की वेबसाइट को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने किसी भी वेबसाइट के हैक होने की पुष्टि नहीं की।

### यूएनएससी की बैठक

पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को बैठक बुलाई। सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में पाकिस्तान और भारत के बीच के मौजूदा हालत पर विचार-विमर्श किया।

## निर्णायक मोड़ पर तनाव: भारतीय एजेंसियां चौतरफा संभाल रहीं मोर्चा

भारत और पाक के बीच चल रहा तनाव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। पहलगाम हमले के बाद से दोनों देशों के रिश्ते बर्फीले होते जा रहे हैं, लेकिन भारत अब महज कूटनीतिक नहीं, सुरक्षा, आर्थिक और तकनीकी मोर्चों पर भी आक्रामक मुद्रा में दिख रहा है।

**डोभाल की पीएम से मुलाकात:** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच कुछ देर की बातचीत के बाद डोभाल बाहर निकले और इसके बाद पीएम मोदी से मिलने के लिए गृह सचिव गोविंद मोहन पीएमओ पहुंचे। पीएमओ में लगातार बैठकें जारी हैं।

**पीएम मोदी से मिले रक्षा सचिव:** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। रक्षा सचिव ने सोमवार को प्रधानमंत्री को ताजा हालात और सैन्य तैयारियों की जानकारी दी।

**भारत-जापान के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात:** सोमवार को ही नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा मंत्री से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जापानी रक्षा मंत्री ने भारत को अपना समर्थन दिया।

उधर, बीएसएफ ने पंजाब के गुरदासपुर में एक संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है, जिसे बाद में स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। शुरुआती पूछताछ में उसके पास से कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में तलाशी अभियान के दौरान 5 आईईडी बरामद किए गए। साथ ही जम्मू-कश्मीर की जेलों पर संभावित आतंकी हमले के इनपुट मिलने के बाद सीआईएसएफ को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस माहौल में भारत को कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएं मिली हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद मोदी को फोन कर संवेदना जताई और समर्थन का आश्वासन दिया। दूसरी ओर चीन के राजदूत की पाकिस्तान राष्ट्रपति आसिफ जरदारी से मुलाकात हुई।

**ऑफ बीट**

## घूंघट उठाया तो दुल्हन की जगह मिली सास



*उत्तर प्रदेश के मेरठ में बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। यहां एक युवक ने आरोप लगाया कि उसे धोखे से उसकी होने वाली पत्नी की मां से निकाह करवा दिया गया। हालांकि, अब इस मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है और युवक ने अपनी शिकायत भी वापस ले ली है। यह अनोखी घटना मेरठ के ब्रह्मपुरी इलाके की है, जहां 22 वर्षीय मोहम्मद अजीम की शादी शामली जिले की 21 वर्षीय मंताशा से तय हुई थी। यह रिश्ता अजीम के बड़े भाई नदीम और भाभी शाइदा की पहल पर तय हुआ था। शादी की रस्में 31 मार्च को पूरी की गईं। अज़ीम के अनुसार, निकाह के समय मौलवी ने दुल्हन का नाम 'ताहिरा' लिया, जिससे उसे शक हुआ। लेकिन जब निकाह के बाद घूंघट उठाया गया, तो सामने 45 वर्षीय एक विधवा महिला थी—जो मंताशा की मां ताहिरा निकली। अजीम ने शिकायत दी कि निकाह के लिए 5 लाख रुपये का लेन-देन भी हुआ था। उसने धोखाधड़ी का विरोध किया, तो बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। मामले की जांच सीओ ब्रह्मपुरी को सौंपी गई।*

**आईपीएल में आज**

मुम्बई बनाम गुजरात
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
**परिणाम:** हैदराबाद और दिल्ली के बीच मैच रद्द, दोनों को 1-1 अंक

# भोपाल सहित दर्जनों जिलों में देर रात तक बारिश, ओले गिरे

### कई जगह बिजली गुल, लंबे जाम में फंसे वाहन



छाया: एचसी वर्मा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में सोमवार की रात मौसम ने एक बार फिर करवट ली। दिन में रुक रुक कर बारिश होती रही, लेकिन रात करीब 10 बजे शुरू हुई बारिश का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई, जिससे अंधेरे में डूबे मोहल्लों और कॉलोनियों में लोग परेशान रहे। तेज हवा और पानी के चलते शहर के कई प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई, जहां वाहन घंटों तक रेंगते रहे।

बारिश के दौरान राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर पानी भरने और सिग्नल बंद होने से परेशानी हुई। भोपाल के साथ प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को मौसम बदला रहा। यह लगातार तीसरा दिन है जब प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद करीब एक बजे से तेज हवाएं चलने लगीं, जो आधा घंटा तक रुक-रुक कर चलती रहीं। इसके बाद शाम चार बजे के करीब भोपाल सहित प्रदेश के दर्जनभर जिलों में बारिश रिकॉर्ड की गई।

### भोपाल में 57 की स्पीड से चली हवा

साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण मप्र में आंधी, बारिश का दौर बना हुआ है। जो कि 7 मई तक जारी रहेगा। भोपाल में भी दोपहर डेढ़ बजे के आस पास 57 किलो मीटर प्रति घंटा की स्पीड से हवा चली।

**नरसिंहपुर सबसे ज्यादा गर्म :** सोमवार को नरसिंहपुर सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम पारा 43 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे अधिक है। खरगोन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। बाकी जिलों में तापमान इससे कम रहा। भोपाल-उज्जैन में 35.5 डिग्री, इंदौर में 35 डिग्री, ग्वालियर में 36.2 डिग्री और जबलपुर में 36.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रायसेन के साथ पचमढ़ी में 32.2 डिग्री और रतलाम में 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, अधिकांश शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। रायसेन सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 27.4 डिग्री पहुंच गया। एक ही दिन में 8.6 डिग्री की गिरावट हुई है। उज्जैन में 5.5 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 35.5 डिग्री पर आ गया।

## देश के 26 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने सोमवार को मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश सहित देश के 26 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश होने की चेतावनी जारी की है। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट और पूर्वी में यलो अलर्ट जारी किया गया है। यूपी-बिहार में ओले गिरने की भी चेतावनी जारी की है। वहीं, दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होगी, लेकिन अधिकतम तापमान में और ज्यादा गिरावट होने की संभावना नहीं है। मध्य और उत्तर भारत में 7-8 मई तक मौसम ऐसा ही बना रहने का अनुमान है। इसके बाद गर्मी बढ़ेगी। मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी, 8 मई तक आंधी, बारिश और ओले का सिस्टम एक्टिव है।



भारत वनडे व टी-20 में नंबर 1 पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत (पेज 11)



# अवैध बारात घरों में लगेगा ताला, 10 हजार रुपए का लगेगा जुर्माना

## स्थापना प्रभारी को नोटिस, टीएल बैठक में दिए निर्देश



**जागरण, रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही अवैध व मनमानी संचालन के खिलाफ की जा रही है। अवैध कॉलोनियों की तरह अब अवैध बारात घरों में कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए हैं। सोमवार को निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक ली गई। इस दौरान निर्माण, राजस्व, सीएम हेल्पलाइन, स्वच्छता एवं टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर में स्थित विवाह घर जो बिना परमिशन के संचालित किये जा रहे हैं, उन्हें तत्काल बंद कराये जाने एवं संबंधित के ऊपर जुर्माने के साथ ही वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए तथा जिनके द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है उन पर 10 हजार तक जुर्माने की कार्यवाही के साथ तत्काल सुधार के निर्देश दिए। नगर निगम में कार्यरत मस्टर कर्मचारियों को निर्माण शाखा के नियंत्रण से हटाकर कन्ट्रोल रूम से नियंत्रण किये जाने के आदेश पर उचित अमल न किये जाने पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये स्थापना प्रभारी को एक वेतनवृद्धि रोके जाने का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शहर में लगाये गये अवैध विज्ञापनों पर चालानी कार्यवाही एवं अवैध वॉल पेन्टिग पर भी अभियान चलाते हुये सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। निगम के सभी कर्मचारियों को वायोमेट्रिक एनरोल्ड कर शीघ्र पोर्टेबल बयोमेट्रिक डिवाइस से उपस्थिति दर्ज कराये जाने के निर्देश दिए। मॉडल रोड के सभी अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के सख्त निर्देश दिए। मटन शॉप को जल्द से जल्द शिफ्ट कराये जाने एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी लेते हुये 50 दिवस से अधिक लम्बित शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री एसके गर्ग, एसएन द्विवेदी, पीएन शुक्ला, अम्बरीश सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी एवं उपयंत्री व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ब्लैक लिस्टेड होंगे संविदाकार

2024 तक के प्रगतिरत कार्यों को इस माह के अंत तक पूर्ण किये जाने के सख्त निर्देश दिए एवं वर्तमान में जिन निर्माण कार्यों का कार्यादेश जारी किया जा चुका है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कर जून माह तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए एवं जिन संविदाकारों द्वारा कार्यादेश पश्चात भी कार्य को प्रारंभ नही किया जा रहा है, अनावश्यक विलंब कर रहे हैं, उन पर कार्यवाही करते हुये कार्य निरस्तगी कर ब्लैकलिस्ट किये जाने के निर्देश दिए।

### अवैध कॉलोनाइजर पर होगी एफआईआर

शहर में विकसित अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की जानकारी लेते हुये सूचना प्रकाशन एवं अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजरों के ऊपर एफआईआर दर्ज कराये जाने के निर्देश दिए। वर्ष 2016 के पूर्व वैध की गई कॉलोनियों जिनमें आरक्षित पार्क की नोटिस जारी की गई थी उनकी जानकारी लेते हुये सभी कॉलोनाइजरों पर अगली नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर में जल स्त्रोतों के संरक्षण के संबंध में कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। शहर में मौजूद सभी हैण्डपंपो के पास सोकपिट के निर्माण हेतु टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। एक्यूफायर मैनेजमेंट प्लान बनाकर शहर के ऐसे क्षेत्र को चिन्हित किया जाय जहाँ वाटर लेवल निचले स्तर पर है उन स्थानों में वाटर चार्ज किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए। एक अप्रैल 2025 से आज दिनांक तक कम्पाउडिंग हेतु जमा कराई गई राशि की जानकारी प्राप्त की गई साथ ही कम्पाउडिंग कार्य में गति लाये जाने के निर्देश दिए।

## पूर्व पीसीसी सदस्य विनोद शर्मा बनाए गए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता



**जागरण, रीवा।** कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद जीतू पटवारी ने पहली बार पुराने संगठनात्मक ढांचे में बदलाव शुरू किया है। प्रदेश में 53 नए प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची सोमवार को जारी की गई है जिसमें रीवा के कांग्रेस नेता पूर्व पीसीसी सदस्य विनोद शर्मा को जगह दी गई। विनोद शर्मा जनता की आवाज को सदैव से मुखरता से रखते हुए कांग्रेस का पक्ष रखने का काम किया है। इसी का प्रतिफल है कि उन्हें प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता का दायित्व दिया गया है। विनोद शर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर सिंह, उपाध्यक्ष अरूण तिवारी मुन्नू सहित तमाम कांग्रेस नेताओं ने शुभकामनाएं दी है।

## विश्वकर्मा समाज के गौरव थे ज्ञानी जैल सिंह



**रीवा।** ओम श्री विश्वकर्मा विकास परिषद द्वारा भारत के सातवें राष्ट्रपति व विश्वकर्मा समाज के गौरव स्व.ज्ञानी जैल सिंह की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर शहर कार्यालय विश्वकर्मा बीमा सेवा केंद्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष अर्जुन विश्वकर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में साधारण सभा के अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा एवं मनोज विश्वकर्मा रहे। अर्जुन विश्वकर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञानी जैल सिंह ने विश्वकर्मा समाज पर कई बड़े उपकार किए। समाज को मुफ्त औजार दिलाने का कार्य स्व. ज्ञानी जैल सिंह ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में किया। विश्वकर्मा समाज को कम डॉक्यूमेंट में लोन मुहैया किया जाता था लेकिन आज वैसा नहीं है। मनोज विश्वकर्मा ने ज्ञानी जैल सिंह की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि देश में कई कीर्तिमान उनके कार्यकाल में बने। इस अवसर पर मौली विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, सुधीर विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### खरीदी केंद्र प्रभारियों व ऑपरेटरों का कमाल

# इधर स्लॉट बुक नहीं कर पाए किसान उधर उनके नाम से बिक गया गेहूं





## किसानों से सस्ते दाम पर गेहूं क्रय कर व्यापारी सहकारी समितियों के साथ मिल कर रहे खेल

जागरण, रीवा

जिन किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन नहीं करवाया, उनका गेहूं भी खरीदी केन्द्रों में विक्रय हो गया। किसानों की मानें तो ये खेल व्यापारियों की मिलीभगत से किया गया है। किसान जगजीवन, प्रमोद, रामबहादुर, शीतला प्रसाद के अलावा नाम न छापने की शर्त पर यहां के मजदूरों ने बताया कि व्यापारियों ने किसानों से संपर्क कर अपनी दुकानों पर गेहूं मंगवा लिया, जिसकी खरीदी निर्धारित दाम पर न कर सस्ते दामों पर की गई, और उनकी खरीदी पंजीकृत किसानों के खाते में दर्शा दी। यानी समिति के जिम्मेदारों के साथ व्यापारी भी शासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं, जिससे अन्नदाताओं का शोषण हो रहा है और शासन को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### फर्जी किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर के मान से भुगतान करेंगे

किसानों ने बताया कि ये कारस्तानी आज से नहीं बल्कि लंबे समय से चल रही है। व्यापारी उन किसानों को खोजते हैं, जिन्होंने पंजीयन नहीं करवाया, उनसे निर्धारित दाम से कम दाम पर उपज खरीदकर पंजीकृत किसानों के खाते में उनसे खरीदा गया अनाज जोड़ देते हैं, इसमें खरीदी करने वाली समिति के जिम्मेदार भी शामिल होते हैं। किसानों का कहना है कि अधिकांश किसान पंजीयन नहीं करवा पाए, वहीं जिन्होंने पंजीयन करवा भी लिया था तो कई के स्लॉट बुक नहीं हो पाए। खरीफ फसल में धान के पंजीयन को लेकर फर्जी किसानों का पंजीयन किया गया था, मामले का खुलासा होने पर एक ही आईडी से किसानों के नाम हटाए गए थे। इसी प्रकार का खेल रबी सीजन में भी खेला गया। इस बार किसानों के पंजीयन नहीं किए अपितु जिन किसानों ने पंजीयन करवाया था, उनके खातों में अपंजीकृत किसानों की उपज जोड़कर फर्जी किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर के मान से भुगतान किया जाएगा, जिसमें नुकसान शासन को झेलना पड़ेगा, जबकि व्यापारी व समिति के जिम्मेदार मुनाफा कमाएंगे।

### पंजीयन के दौरान रकबा भी अंकित किया था

जिन किसानों ने अनाज विक्रय के लिए पंजीयन करवाया है उन्होंने अपनी भूमि यानी रकबा भी अंकित करवाया है, जिसकी जांच की जाए तो किसानों से पता चल सकता है कि उनके द्वारा उपार्जन केन्द्र में कितना अनाज बेचा गया और उनके खाते में कितना अनाज दर्ज है। इनमें से अधिकांश किसान तो ऐसे हैं जिन्हें ये भी नहीं पता कि उनके द्वारा जितनी उपज बेची गई, उनके खाते में उससे भी अधिक उपज बेचना दर्शाया गया है।

### साढ़े 11 बजे तक तौलाई नहीं हुई थी शुरू

गेहूं उपार्जन के लिए 5 मई अंतिम दिवस निर्धारित किया गया था, अंतिम दिन होने के चलते मण्डी में बड़ी संख्या में किसान उपनी उपज लेकर तड़के ही पहुंच गए थे, लेकिन करहिया मण्डी में साढ़े 11 बजे तक गेहूं की तौलाई शुरू नहीं हो पाई थी। किसान उपनी उपज तौलने का इंतजार कर रहे थे, किसानों ने कहा कि खरीदी का आखरी दिन होने से कम से कम आज तो समय पर खरीदी शुरू कर देना थी, जिन किसानों का अनाज नहीं बिका तो मजबूरन उन्हें व्यापारियों का सस्ते दामों में अनाज बेचना पड़ेगा। हालांकि खरीदी का समय दो दिन और बढ़ा दिया गया है, जिससे किसानों को राहत मिली है।

## जातीय जनगणना के लिए कांग्रेस ने सरकार को मजबूर किया : पूर्व मंत्री कमलेश्वर

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना



**जागरण, रीवा।** पूर्व मंत्री व कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के लिए आदेश जारी किए जाने का श्रेय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को दिया है। स्थानीय राजनिवास में पत्रकारों से चर्चा दौरान उन्होंने कहा कि सरकार जातिगत जनगणना कराना ही नहीं चाहती थी लेकिन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे द्वारा लगातार आवाज मुखर किए जाने पर सरकार जातिगत जनगणना कराने को मजबूर हुई। श्री पटेल ने कहा कि राहुल गांधी ने जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी की लगातार आवाज उठाई। श्री पटेल ने सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार की मंशा अभी भी साफ नहीं है। खर्च को लेकर स्थिति साफ नहीं है। 850 करोड़ खर्च होने की बात सरकार ने कही है किंतु प्रावधान नहीं किया है। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और हर हाल में जातिगत जनगणना कराने के लिए सरकार को बाध्य करेगी। श्री पटेल ने कहा कि जातीय जनगणना होने के उपरांत देश में बजट में प्रावधान हो और सभी वर्गों को न्याय मिले, चाहे वह जिस क्षेत्र से हो। श्री पटेल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार किसान, मजदूर, गरीब की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं में आरएसएस के लोगों को बैठाया जा रहा है। शासन की योजनाओं को उद्योगपति ले रहे हैं। सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपने का काम किया जा रहा है। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने कभी संवैधानिक संस्थाओं में राजनीति नहीं की। सदैव बुद्धजीवियों को महव दिया। कांग्रेस अब चुप बैठने वाली नहीं है। जनता की आवाज मुखर करने के लिए जय बापू, जय भीम, जय संविधान का अभियान चला रही है, जिसमें जनता के हितों की रक्षा के लिए काम आंदोलन किया जायेगा। श्री पटेल ने पहलगाम हमले की निंदा की और कहा कि कांग्रेस सरकार के साथ है लेकिन सरकार ही गैरजिम्मेदाराना है। आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## मछली बाजार में शिफ्ट होंगे मीट-मटन व्यवसायी

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा राष्ट्रीय मत्स्यकीय विकास बोर्ड योजनान्तर्गत नगर के वार्ड क्रमांक-06 कनौडिया पेट्रोल पम्प के पीछे झिरिया नाला के पास मत्स्य बाजार केन्द्र के प्रथम तल पर निर्मित मीट/मटन की दुकानों का आवंटन लॉटरी द्वारा किया जा चुका है। रीवा शहर के सभी मीट/मटन व्यवसायियों, जिन्हें दुकानें आवंटित की गई हैं, उन्हें 06 मई मंगलवार को मत्स्य बाजार केन्द्र झिरिया के प्रथम तल पर निर्मित मीट/मटन की दुकानों में शिफ्ट किया जाएगा। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मीट/मटन व्यवसायियों से अपेक्षा की है कि वह अपना सुव्यवस्थित व्यवसाय नगर पालिक निगम रीवा द्वारा निर्मित मटन मार्केट की दुकानों में शिफ्ट होकर संचालित करें और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यवसाय में और प्रगति करें।

# मीटर वाचकों का आमरण अनशन जारी

### अशनकारियों की बिगड़ी तबियत

**जागरण, रीवा।** आयुक्त कार्यालय के सामने 01 मई से मीटर वाचकों और अगस्त क्रान्ति मंच के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी का आमरण अनशन जारी है। बताया गया कि आमरण अनशन के पांचवें दिन तीन अशनकारियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। श्री तिवारी ने बताया कि मऊगंज, त्योंथर और पश्चिम सम्भाग के मीटर वाचकों को बगैर किसी अपराध के प्रायोजित तरीके से निकाले जाने पर सम्भागीय आयुक्त को ज्ञापन देकर 01 मई मजदूर दिवस से आमरण किया जा रहा है। बात केवल आउट सोर्स मीटर वाचक की बहाली तक नहीं है, जिन ठेकेदारों को ग्रामीण क्षेत्र में मीटर लगाने के ठेके मिले, उन्होंने एम.पी.ई.बी. के अधिकारियों के साथ व्यापक भ्रष्टाचार करते हुये कहीं भी मीटर नहीं लगाये और पैसे का बन्दरबांट कर लिया। मीटर रीडरों पर अनैतिक तरीके से दक्षता ऐप के माध्यम से डमी मीटर रख कर रीडिंग कराई गई। क्योंकि क्षेत्र में कहीं भी मीटर लगे नहीं थे तो मीटर रीडिंग लेना सम्भव नहीं था। जब इसकी जानकारी प्रबंधक पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड जबलपुर को हुई तो इसके संबंध में उनके द्वारा संज्ञान लिया गया और मुख्य अभियंता रीवा को पत्र जारी किया गया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो ने अपने आपको बचाने के लिये बेगुनाह आउट सोर्स कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया। मेन्टीनेन्स करने वाले ठेकेदारो को अधिकारियों द्वारा बिना काम के भुगतान करके राशि वसूली गई। काम इन आउट सोर्स कर्मचारियों से कराये जाते रहे हैं, अब देखना होगा कि प्रशासन इन आउट सोर्स कर्मचारियों की बलि लेकर मानेगा या उच्च स्तरीय जांच दल बना कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करते हुये इन्हें बहाल किया जायेगा।

# पात्रता के अनुसार पीएम आवास की फाइलों का हो परीक्षण: डॉ.सोनवणे



**जागरण,रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सोमवार को निगम सभागार में राजस्व वसूली, जलकर और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के आवेदनों की स्थिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि पीएमएवाई आवेदनों का भली-भांति परीक्षण करते हुए पात्रता के अनुसार फाइलों का सत्यापन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत नहीं होनी चाहिए यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आगामी रणनीति और कार्ययोजना तैयार कर, इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बकाया राजस्व एरियर्स पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश देते हुए कहा कि एरियर्स न जमा किये जाने वालो पर नोटिस जारी कर कुर्की की कार्यवाही मई माह के अंत तक सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सेवाकर की वसूली भी सुनिश्चित करें। जीआईएस सर्वे में दर्ज प्रापर्टी जिसमें विसंगतियॉ है उन्हें भी परीक्षण कर जल्द दूर करें जिससे राजस्व वसूली के दौरान कोई व्यवधान एवं शिकायतें प्राप्त न हों। साथ ही ईकेवाईसी की प्रक्रिया को गति लाते हुये सप्ताहिक लक्ष्य बनाकर 30 मई के पहले शतप्रतिशत केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। जलकर की समीक्षा करते हुये कहा कि रणनीति तैयार कर जलकर की वसूली में भी प्रगति लायें। अवैध कनेक्शनों की जॉच कर तत्काल मौके पर निर्धारित शुल्क लेकर नियमितीकरण की कार्यवाही करें एवं ऐसा न करने वालों पर नल कनेक्शन विच्छेद के साथ वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही निगम आयुक्त ने कहा कि आगामी 10 मई को आयोजित लोक अदालत में डिमांड जारी कर लक्ष्य अनुरूप बकाया राशि जमा कराये, साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि समय पर टैक्स जमाकर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें एवं शहर विकास में भागीदार बनें। इस अवसर पर उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, शीतल भलावी, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रज्ञा भारती एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# करीब दो घंटे तक आंधी के साथ हुई बरसात

### सोमवार दोपहर से शाम तक कई हिस्सों में गिरा पानी, अभी 24 घंटे वर्षा का अनुमान बरकरार



**जागरण, रीवा।** जिले में सोमवार की दोपहर फिर बरसात हुई। सोमवार की दोपहर आंधी-तूफान के साथ जिले कई हिस्सों में तेज पानी गिरा। गरज-चमक के समेत जिलेभर में बौछार पड़ी। करीब 28 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। शहर में कई जगह चने बराबर ओले भी गिरे। ऐसे ही, अंचलों में भी कई जगह ओलावृष्टि हुई। तो कहीं-कहीं आंधी-वर्षा की स्थिति बनी। विदित हो कि जिले में मौसम बदलने का यह क्रम पिछले सप्ताह से ही प्रारम्भ हो गया था। पिछले एक सप्ताह में करीब तीन दिन जिले में आंधी-वर्षा की स्थिति बन चुकी थी। इसके बाद भी आसमान में बादल कायम रहे। अब सोमवार को पुनः आंधी-वर्षा ने जिलेवासियों को हलाकान कर दिया। शहर में सोमवार को तेज आंधी और वर्षा का क्रम करीब दो घंटे से अधिक समय तक चला, लिहाजा सड़कों में पानी भर गया। गांवों के कच्चे ढर्रे पानी गिरने से कीचड़ से भर गए। वहीं लगातार दो दिन से इस तरह मौसम बदलने के कारण किसान को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी, सोमवार की देर शाम तक जिले में तेज हवाओं के चलने का क्रम जारी रहा। मौसम विभाग ने अभी अगले 24 घंटे जिले में गरज-चमक के साथ वर्षा होने का अनुमान जताया है।

**इन कारणों से बदला मौसम :** गौरतलब है कि बीते सप्ताह ही जिले में तीन दिन लगातार तेज आंधी सहित जिलेभर में वर्षा हुई। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के ऊपरी हिस्से में एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। साथ ही, दक्षिण पंजाब, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी हरियाणा में एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इस कारण जिले में बादलों की आवाजाही हो रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है। इन कारणों से जिले में अगले एक-दो दिन में गरज-चमक के साथ कुछ वर्षा हो सकती है। बारिश के कारण कई खरीदी केंद्रों में गेहूं भी भीज गया।

### विंध्य क्षेत्र में चार ट्रांसमिशन टॉवर क्षतिग्रस्त हुए

**रीवा।** तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के.व्ही. अमरकंटक-सीधी तथा 220 केव्ही सीधी-रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 के.व्ही. सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 के व्ही सब स्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ।

### 72 मीटर ऊँचा टावर भी हुआ क्षतिग्रस्त

एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में सोन नदी के आसपास मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए। इन टॉवरों में से एक 72 मीटर ऊँचाई का विशेष ट्रांसमिशन टॉवर है, जो सोन नदी क्रॉसिंग के लिए स्थापित किया गया था। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, क्षतिग्रस्त टॉवरों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। प्रभावित सर्किटों से विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल करने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लग सकता है।

## ननि अमले ने कराई साफ-सफाई

**रीवा।** नाला गैंग द्वारा 5 मई को वार्ड 23 एवं 24 कमसरियत का बड़ा नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 31 अल्लारक्खा के बड़े नाला की सफाई शंकर जी के मंदिर तक कराई गई। जिला न्यायालय परिसर की सफाई कराई गई। समान नाका से जेएनसिटी तक, सुभाष तिराहा से निराला नगर तक एवं सिकरमखाना से ट्रांसपोर्ट नगर तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर, सिविल लाइन एवं फ्लाई ओवर की सफाई कराई गई।

**इश्तहार**

जरिए /आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीयक व्यावसायिक संघ, मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक / 7100/चतुर्थ/व्यास/ 2025/1626-1630 दिनांक 25.04.2025 के द्वारा अमिलिया नार्थ कोयला खदान कर्मचारी ट्रेड यूनियन कांग्रेस का पंजीयन एतद् द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अब इस ट्रेड यूनियन का जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड अमिलिया (नार्थ) कोल माइन से कोई वास्ता या संबंध नहीं है। इसलिए कोई भी व्यक्ति अथवा कर्मचारी इनके कहने पर अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, सैलरी स्लिप, सीएमपीएफ या अन्य जानकारी अथवा किसी भी तरह का पेपर पर हस्ताक्षर / पेपर का लेनदेन न करें। इसके बावजूद अगर कोई भी व्यक्ति या कर्मचारी अपने निजी डाक्यूमेन्ट या अन्य कोई जानकारी इनके कहने पे देता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी, इसमें कंपनी या संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

(इकाई प्रमुख)
जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड
अमिलिया (नार्थ) कोल माइन



वर्ष 72 अंक 217 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 06 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

स्वार्थी हितों ने कभी भी अपनी ताकत को स्वेच्छा से नहीं छोड़ा है, जब तक कि उन्हें मजबूर करने के लिए पर्याप्त दबाव न डाला गया हो।
– डॉ. भीमराव अंबेडकर

## महाकाल मंदिर के शंख द्वार पर भीषण आग



जागरण, उज्जैन। महाकालेश्वर मंदिर के शंख द्वार पर सोमवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुआं करीब एक किलोमीटर दूर से नजर आया। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग मंदिर परिसर के कंट्रोल रूम में लगी बैटरी से लगी थी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हादसा मंदिर के गेट नंबर-1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुआ। छत पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट सिस्टम लगा हुआ है। इस सिस्टम की बैटरी में किसी कारण से आग लगी थी।

# इसी साल जापान को पछाड़ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत

### आईएफएम की रिपोर्ट का दावा : 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की होगी जीडीपी, 2028 में जर्मनी से आगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत अब वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक नए मुकाम की ओर बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक (अप्रैल 2025) रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है।

भारत 2025 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इससे भी बड़ी बात यह है कि 2028 तक भारत जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। 2024 तक भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। लेकिन आईएमएम का अनुमान है कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी, जो कि जापान की अनुमानित 4.186 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी से थोड़ी अधिक होगी। इस मामूली अंतर के बावजूद यह बदलाव भारत की आर्थिक स्थिति और विकास की रफ्तार के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




आईएमएफ के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था की रफ्तार अगले कुछ सालों में और तेज होने जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। और यही नहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी 5.58 ट्रिलियन डॉलर पहुंच सकती है, जबकि उस समय जर्मनी की अर्थव्यवस्था केवल 5.25 ट्रिलियन डॉलर तक सीमित रहेगी। यह आंकड़े महज आर्थिक आकार का बदलाव नहीं दिखाते, बल्कि एक लंबे दौर की नीतिगत स्थिरता, जनसंख्या आधारित बाजार विस्तार, तकनीकी नवाचार और सेवा क्षेत्र में भारत की मजबूती को भी रेखांकित करते हैं। भारत की आर्थिक प्रगति में निजी खपत, खासकर ग्रामीण इलाकों में बढ़ता उपभोग और डिजिटलीकरण की बड़ी भूमिका रही है। आईएमएफ की इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2025 में भारत की विकास दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले के 6.5 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है। यह कमी अमेरिका की टैरिफ नीतियों और वैश्विक व्यापार तनाव के चलते बताई गई है। फिर भी रिपोर्ट में भारत को स्थिर और उभरती हुई शक्ति के रूप में दर्शाया गया है। कुल मिलाकर, भारत की यह प्रगति महज आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। जैसे-जैसे देश अपनी नीतियों में निरंतरता, बुनियादी ढांचे में निवेश और वैश्विक स्तर पर रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करता है, वैसे-वैसे उसका आर्थिक कद भी बढ़ता जा रहा है। भारत उभरती अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। चीन की आर्थिक प्रगति धीमी हो रही है और पश्चिमी देशों में वृद्धि संतुलित है, वहीं भारत की स्थिर लेकिन तीव्र वृद्धि भविष्य में उसे वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में ला सकती है।

**2025 में यह होंगी पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाएं**

| | |
|---|---|
| अमेरिका | 30.5 ट्रिलियन डॉलर |
| चीन | 19.2 ट्रिलियन डॉलर |
| जर्मनी | 4.74 ट्रिलियन डॉलर |
| भारत | 4.18 ट्रिलियन डॉलर |
| जापान | 4.18 ट्रिलियन डॉलर (भारत से थोड़ा पीछे) |

**दबदबा: डिजिटल प्रगति और युवा जनसंख्या**

2025 की शीर्ष 10 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में भारत चौथे स्थान पर रहेगा, और फिर जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, कनाडा और ब्राजील होंगे। जापान और भारत के बीच अंतर भले ही फिलहाल बेहद छोटा हो, लेकिन भारत की युवा जनसंख्या, सेवा क्षेत्र की ताकत, डिजिटल प्रगति और घरेलू मांग इस अंतर को आने वाले वर्षों में और अधिक बढ़ा सकती है।

**चेतावनी: बदल रहा 80 साल का वैश्विक ढांचा**

आईएमएफ ने चेताया है कि 80 सालों से जो वैश्विक आर्थिक ढांचा कायम था, वह अब बदलाव की दहलीज पर है। एक नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था आकार ले रही है, जिसमें भारत की भूमिका निर्णायक हो सकती है। आने वाला दशक भारत के लिए केवल विकास का नहीं, बल्कि नेतृत्व का भी दशक बन सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### रद्द हो सकती है सांसद दुबे के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि वह भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर विचार नहीं करेगा। याचिका में भाजपा सांसद के कथित आपत्तिजनक बयानों के लिए अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई थी।



न्यायालय ने कहा कि वह इस याचिका को खारिज करने का छोटा आदेश जारी करेगा और कुछ कारण भी बताएगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले में दखल नहीं देगी, लेकिन आदेश में यह स्पष्ट किया जाएगा कि क्यों यह याचिका स्वीकार नहीं की जा रही है। कोर्ट ने संकेत दिए कि वह इस मामले को आगे नहीं बढ़ाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा, 'संस्थान की गरिमा को बचाए रखना जरूरी है। यह ऐसे नहीं चल सकता। हम इस याचिका पर कार्रवाई नहीं करेंगे। हम छोटा आदेश पारित करेंगे और कारण देंगे।'

### आज आएंगे एमपी बोर्ड के 10वीं-12वीं के नतीजे

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री निवास से एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी करेंगे। इसमें एमपी बोर्ड की हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा 2025 के रिजल्ट जारी किए जाएंगे। एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षा गत 25 फरवरी से शुरू हुई थी। दोनों परीक्षाओं में 17 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। परीक्षा 25 मार्च को समाप्त हुई थीं। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। छात्र डीजी लॉकर के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। साथ ही एमपीबीएसई मोबाइल ऐप अथवा एमपी मोबाइल ऐप एवं नॉव योर रिजल्ट का चयन करने के बाद अपना अनुक्रमांक (रोल नंबर) तथा आवेदन क्रमांक (एप्लीकेशन नंबर) सबमिट कर परीक्षा परिणाम देख पाएंगे।

### सीबीआई निदेशक की नियुक्ति पर पीएम, राहुल और सीजेआई के बीच बैठक

## सूद का कार्यकाल बढ़ाने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआई के नए निदेशक की नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में सोमवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए।

बैठक में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल की समाप्ति से पहले संभावित उत्तराधिकारी पर विचार किया गया। फिलहाल नए नाम पर सहमति न बनाने के कारण प्रवीण सूद को ही एक साल के लिए अतिरिक्त कार्यकाल देना तय माना जा रहा है। प्रवीण सूद का दो साल का कार्यकाल 25 मई 2025 को पूरा हो रहा है। इसके पहले नए निदेशक की नियुक्ति जरूरी है।

सूद 1986 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। कार्यकाल पूरा होने से पहले नए निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति एक तीन-सदस्यीय उच्चाधिकार समिति द्वारा की जाती है, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की हिदायतें**

सीबीआई निदेशक की नियुक्ति से संबंधित नियमों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में स्पष्ट निर्देश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि ऐसे अधिकारी को निदेशक नहीं बनाया जा सकता जिसकी सेवानिवृत्ति में छह महीने से कम का समय बचा हो। इसके अलावा निदेशक का कार्यकाल न्यूनतम दो साल का होना चाहिए और कार्यकाल के दौरान उसे हटाया नहीं जा सकता, जब तक कि नियुक्ति समिति की मंजूरी न हो।

## राहुल की नागरिकता पर हाईकोर्ट सख्त, कहा-केंद्र जल्द ले निर्णय

**लखनऊ, जेएनएन।** नेता विपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता पर उठे विवाद में सोमवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अहम टिप्पणी करते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया।



साथ ही केंद्र सरकार को निर्देश दिया गया कि वह इस मामले में जल्द से जल्द निर्णय ले। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि सरकार जल्द फैसला नहीं लेती है और याचिकाकर्ता को अवगत नहीं कराती है, तो इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। याचिका में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दोहरी नागरिकता रखने का आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने अदालत में यह दावा किया था कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम (यूके) की भी नागरिकता रखते हैं, और उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। मामला पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। हालांकि कोर्ट ने याचिका निस्तारित कर दी है, लेकिन याचिकाकर्ता को छूट दी है कि केंद्र के निर्णय से असहमति हो, तो वे फिर से हाई कोर्ट का रुख कर सकते हैं।

### क्रिप्टो निवेश का झांसा देकर 15 लोगों से ठगी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर जालसाजों ने भोपाल के 15 लोगों से 53 लाख 600 रुपए ठग लिए। जालसाजों ने फेक वेबसाइट में निवेश कराया और जब रिटर्न की बारी आई तो टालमटोल करने लगे। आरोपियों ने निवेश में 15 प्रतिशत हर माह ग्रोथ का दावा किया था। पीड़ित ऑफिस गए, तो लिखकर दिया कि कुछ दिन बाद पैसा वापस कर दिया जाएगा। लेकिन, ऐसा नहीं किया। साइबर क्राइम ब्रांच ने जांच के बाद मामला दर्ज किया है। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला: सीधी भर्ती में वरिष्ठता में अंक महत्वपूर्ण

## अंकों से तय होगी वरिष्ठता, सीधी भर्ती में नहीं चलेगा पिछला अनुभव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** किसी ने सीधी भर्ती की परीक्षा में टॉप किया हो और फिर भी कोई और सिर्फ इसलिए वरिष्ठ मान लिया जाए क्योंकि वह पहले से सरकारी नौकरी में था, अब ऐसा नहीं चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में साफ कहा है कि अगर कोई उम्मीदवार प्रतियोगी परीक्षा के जरिये चुना गया है, तो उसकी वरिष्ठता सिर्फ और सिर्फ परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर तय होनी चाहिए, न कि पिछली सेवा के अनुभव के आधार पर। तमिलनाडु सरकार के एक पुराने आदेश को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। सरकार ने 1995 में एक आदेश पास किया था, जिसके मुताबिक हेड कांस्टेबल जैसे पदों पर पहले से काम कर रहे लोगों को सब-इंस्पेक्टर की सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया गया और साथ ही उन्हें वरिष्ठता में भी प्राथमिकता दी गई थी, भले ही परीक्षा में उनके अंक कम हों। 2017 में तमिलनाडु सरकार ने पुराने आदेश को वैधानिक रूप देने के लिए 1955 के पुलिस अधीनस्थ सेवा नियमों में संशोधन कर दिया और उसे 1995 से प्रभावी मान लिया।

**क्यों अहम है फैसला :** यह फैसला साफ करता है कि योग्यता और परीक्षा में प्रदर्शन ही सर्वोच्च मानदंड है। इससे उन उम्मीदवारों को राहत मिली है जो मेहनत से परीक्षा पास कर आए हैं लेकिन सेवा अनुभव की वजह से उन्हें जूनियर माना जाता था। यह सरकारी भर्तियों की पारदर्शिता को भी मजबूत करता है और 'पिछली नौकरी' को बिना आधार के वरिष्ठता का टिकट नहीं बनने देता।



### देरी पर सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त सभी हाईकोर्ट से मांगी रिपोर्ट


**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने फैसले सुनाने में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को देश के सभी हाईकोर्ट से रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने साफ कहा है कि 31 जनवरी 2025 तक या उससे पहले जिन मामलों में निर्णय 'सुरक्षित' रखा गया था, लेकिन अभी तक सुनाया नहीं गया, उनकी पूरी जानकारी दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश सभी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरलों को दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन.के. सिंह की बेंच ने यह आदेश चार दोषियों की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि झारखंड हाईकोर्ट में उनकी आपराधिक अपीलों पर फैसले दो-तीन साल पहले सुरक्षित रखे गए थे, लेकिन अभी तक सुनाए नहीं गए। कोर्ट ने कहा कि यह स्थिति 'बेहद परेशान करने वाली' है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम अब इस पर कुछ अनिवार्य दिशा-निर्देश तय करना चाहेंगे।'




### ट्रंप का 'सिनेमा युद्ध' | दुनिया भर की फिल्मों पर लगाया 100 प्रतिशत टैक्स

## अमेरिका में विदेशी फिल्म देखना दोगुना महंगा

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए घोषणा की है कि अब अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। इस कदम को उन्होंने 'राष्ट्रीय सुरक्षा' और 'हॉलीवुड को बचाने' के लिहाज से जरूरी बताया है। ट्रंप ने कहा कि हॉलीवुड तेजी से खत्म हो रहा है और इसका एक बड़ा कारण विदेशी लोकेशनों पर फिल्म निर्माण और अमेरिका में इनका बढ़ता प्रदर्शन है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'यह विदेशी सरकारों की ओर से किया जा रहा संगठित प्रयास है, जो सिर्फ आर्थिक नहीं बल्कि वैचारिक खतरा भी है। हॉलीवुड और अमेरिका के कई क्षेत्रों को यह नुकसान पहुंचा रहा है। हम चाहते हैं कि फिल्में फिर से अमेरिका में बनें।' ट्रंप की इस घोषणा के बाद वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने भी एक्स पर समर्थन जताया और लिखा, 'हम इस र काम कर रहे हैं।'




**टैरिफ नीति से बॉलीवुड और हॉलीवुड के रिश्ते पर असर**

भारत और अमेरिका के बीच फिल्म निर्माण को लेकर सालों से साझेदारी रही है। कई अमेरिकी प्रोडक्शन कंपनियां भारत में को-प्रोडक्शन करती हैं या भारतीय फिल्मों में निवेश करती हैं। अगर इस टैरिफ नीति में अमेरिकी कंपनियों द्वारा भारत में शूट की गई फिल्मों को भी शामिल किया गया, तो इससे भारत में फिल्म शूटिंग को मिलने वाली विदेशी पूंजी पर असर पड़ सकता है।

**हॉलीवुड के लिए ट्रंप की चिंता**

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले एक दशक में लॉस एंजिल्स में फिल्म और टीवी प्रोडक्शन में 40 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिकी प्रोडक्शन हाउस टैक्स सेविंग और सस्ती तकनीक के लिए कनाडा, भारत, दक्षिण कोरिया, हंगरी जैसे देशों में शूटिंग कर रहे हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जैसे नेटफ्लिक्स और अमेजन, स्थानीय कंटेंट को ग्लोबल बना रहे हैं, जिससे हॉलीवुड का 'सॉफ्ट पावर' कम हुआ है। ट्रंप इसे सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक नुकसान भी मानते हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा, यह केवल फिल्में नहीं हैं, यह संदेश और प्रचार का मामला है। अगर हम अपनी कहानी खुद नहीं कहेंगे, तो कोई और हमारे लिए कहेगा।

# किसानों का जीवन बेहतर बनाने के लिए करें प्रयास : कमिश्नर

## समन्वय बनाकर विभाग बनाएं रणनीति

जागरण, रीवा

रीवा संभाग में कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी जिलों में कृषि और उससे जुड़े विभागों की समन्वय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। गत दिवस मैहर में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। किसान केवल परंपरागत तरीके से अनाजों की खेती करके अधिक लाभ नहीं प्राप्त कर सकता है। किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक के साथ-साथ उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन, मुर्गीपालन जैसे अन्य कार्यों से जोड़ना आवश्यक है। तभी उसकी आय दुगनी होगी और खेती लाभ का धंधा बनेगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, कृषि, उद्यानिकी तथा पशुपालन विभाग के जिला, विकासखण्ड और मैदानी कर्मचारी समन्वित प्रयास करें। एक-दूसरे के विभाग की योजनाओं की पूरी जानकारी रखकर योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करें। इन सभी विभागों का मुख्य लक्ष्य किसान के जीवन को बेहतर बनाना है। समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। सभी अधिकारी एक-दूसरे से सतत संपर्क और संवाद रखें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त संचालक कृषि जेएस नेताम ने बैठक के उद्देश्यों और कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में कमिश्नर ने कृषि विभाग की आत्मा परियोजना द्वारा तैयार सफलता की कहानियों की पुस्तिका का विमोचन किया। कमिश्नर ने बैठक में तीन किसानों को सोलर उपकरण का वितरण किया। बैठक में कलेक्टर मैहर रानी बाटड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, उप संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह, उप संचालक पशुपालन डॉ पीके द्विवेदी, उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह, उप पंजीयक विजय मिश्रा, संभागीय कृषि यंत्री एसके नरवरे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा जिला एवं विकासखण्ड स्तर के कृषि से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगों का ज्ञापन

रीवा। पेंशनरों से संबंधित मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के रीवा आगमन पर राजनिवास में संगठन के अध्यक्ष श्याम नारायण शर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया। जिला रीवा के प्रवक्ता आबाद खान ने जानकारी में बताया कि मप्र छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के छठवीं अनुसूची की धारा 49(6) के अंतर्गत मप्र राज्य के पेंशनर्स को महंगाई राहत के भुगतान स्वीकृत के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य से सहमति प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए थे। भोपाल दिनांक 21 सितंबर 2006 द्वारा भुगतान के पूर्व निरंतर सहमति प्राप्त करने की परंपरा चली आ रही है? इस परंपरा को समाप्त किए जाने की मांग की गई है। केन्द्र सरकार घोषित दिनांक से समय समय पर पेंशनर को बढ़ हुए डीएस का भुगतान नहीं करता। हाल में 1 जुलाई 2024 एवं 1 जनवरी 2025 से बढ़ हुए कुल पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता का भुगतान के आदेश तक नहीं हो पाए हैं। तत्काल आदेश जारी करने और सरकारी कर्मचारियों की भांति डीएस का भुगान किए जाने की मांग की गई है। ऐसे शिक्षक जो 35 वर्ष की शासकीय सेवा या उससे अधिक में कार्यरत रहे हैं। उन्हें चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ आज दिनांत तक सहायक शिक्षक से उच्च श्रेणी शिक्षक को प्राप्त नहीं हो पाया। लाभ दिलाने की मांग की गई। मप्र में प्राचार्य उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को तृतीय समयमान वेतनमान 24 वर्ष की सेवा उपरांत प्रदान किया जाए। जिला चिकित्सा एवं चिकित्सा महाविद्यालय में पेंशनर्स को दवाइयां उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं। सभी पेंशनर्स को सेवा निवृत्त दिनाकंको उनके क्लेम भुगतान किए जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रोहिणी प्रसाद शुक्ला, ओपी सिंह परिहार, आबाद खान, आईपी तिवारी, रणजीत सिंह बघेल, रामचन्द्र सोनी, राजललन देव पाण्डेय आदि पेंशनर्स अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला रीवा मध्यप्रदेश

पत्र क्रमांक 282 /भू-अर्जन/2025 रीवा दिनांक 29 अप्रैल 2025

आम सूचना का प्रकाशन/इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रीवा जिले के सिगमा टोला हटा (हटहा) सिगमा सेमरिया मार्ग में कुरवई नदी पर जलमग्नीय पुल एवं पंहुच मार्ग निर्माण कार्य के लिए धारणाधिकार की भूमि की आवश्यकता होने से उपरोक्त भू-स्वामियों की भूमि क्रय हेतु विचारार्थ लिया गया है :-

ग्राम - हटहा, तहसील सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)

| क्रमांक | भूमिस्वामी का नाम | खसरा क्र. | रकबा (हे. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | रामभूषन रामभुवन पिता रामप्रताप | 106/2 | 0.182 |
| 2 | रामबाई पति लक्ष्मण, पन्चवती पुत्री लक्ष्मण यज्ञनारायण पूरनलाल रामनारायण उदयभान कमलभान सुजीत पिता लक्ष्मण सीता प्रसाद पति लक्ष्मण | 105/1/1/2 | 0.284 |
| 3 | देवमनिया पति राजरूप सत्यनारायण अग्निहोत्री जयनारायण अग्निहोत्री त्रियुगीनारायण अग्निहोत्री सीताशरण अग्निहोत्री धीरज अग्निहोत्री पिता राजरूप | 105/2 | 0.081 |
| 4 | रामभूषण वगैरह | 105/3 | 0.191 |

2- निम्न क्रय करने का प्रस्ताव प्रारूप-क को उपलब्द्ध पश्चात भू-धारक की स्वीकृत प्राप्त होने के उपरान्त इस आशय की सार्वजनिक सूचना जारी किया जा रहा है कि ऐसे भूमि धारको (पूरा नाम व पता सहित) से परियोजना के लिए राज्य सरकार के सम्बंधित विभाग / उपक्रम के पक्ष में क्रय किये जाने का विचार किया जा रहा है | यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह नियत आगामी दिनांक 15/05/2025 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से आधार सहित कलेक्टर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है |

नियत अवधि में प्राप्त आपत्तियों के आधार पर कलेक्टर यदि भूमि का खंडित धारणाधिकार (DefectiVetitle) पाता है तो वह ऐसी भूमि को क्रय करने के लिए अग्रसर नहीं होगा | जारी सार्वजनिक सूचना की अवधि के पश्चात तक यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होगा तो कलेक्टर भू-धारक से राज्य सरकार से सम्बंधित विभाग /उपक्रम के पक्ष में भूमि क्रय हेतु अग्रसर होगा |

(आज दिनांक .29/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया है)

कलेक्टर
जिला रीवा (म.प्र.)

G- 12412/25

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 9 मई को

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल 9 मई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, प्राकृतिक आपदा में सहायता राशि वितरण, भू अर्जन, न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण, ऑडिट कंडिका तथा राजस्व वसूली की समीक्षा की जाएगी। बैठक में स्वामित्व योजना, नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री, किसान सम्मान निधि के प्रकरणों में ई केवाईसी अपडेशन तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की भी तहसीलवार समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्तियाँ सुनिश्चित करें: उप मुख्यमंत्री



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए कृत संकल्पित है और इस दिशा में मानव संसाधन की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों में अनावश्यक विलंब न हो, यह प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि परिणाम घोषित होने के पश्चात नियुक्ति में तत्परता बरती जाए एवं समस्त आवश्यक औपचारिकताओं की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए चिकित्सकीय मैनपावर की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य है। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। हर दिन महत्वपूर्ण है, इसलिए नियुक्ति प्रक्रिया की दैनिक समीक्षा एवं फॉलोअप किया जाए। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग (रा0) त्योंथर जिला रीवा (म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक / 0065/31-6 (अ)/2025-26
त्योंथर दिनांक 16.04.2025

1. म.प्र. शासन द्वारा हल्का पटवारी चुनरी तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)

.......... आवेदनकर्ता

बनाम

1. अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग त्योंथर 2. वन परिक्षेत्राधिकारी वन परिक्षेत्र त्योंथर 3. भगौती प्रसाद पिता जानकीदास, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 4. रामनारायण पिता बताई सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 5. रघुवर सिंह पिता बताई सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 6. रामदास सिंह पिता बताई सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 7. तुलसीराम सिंह पिता बताई सिंह निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 8. खरभान सिंह पिता मथुरा सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 9. रामकिशोर सिंह पिता सघई, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 10. गणपति सिंह पिता रामधनी सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 11. अमृतलाल पिता गणपति सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 12. रामकुशल पिता रामकिशोर, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 13. रामखेलावन पिता सघई, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 14. धर्मेन्द्र कुमार पिता पद्यकान्त, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 15. ज्ञानेन्द्र कुमार पिता पद्यकान्त, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 16. सान्ती देवी पुत्री भूलनदास, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 17. नागेन्द्र सिंह पिता रामनारायण सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 18. राजेन्द्र पिता रामनारायण सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 19. सुमिन्त्री देवी पति रामपाल सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 20. कृष्णा सिंह पिता रामपाल सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 21. लल्लू सिंह पिता रामपाल सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 22. हिरण सिंह पिता रामपाल सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 23. किरण सिंह पिता रामपाल सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 24. श्यामकुमारी पति हरिशंकर, निवासी ग्राम चुनरी तहसील त्योंथर 25. यसभान सिंह पिता मथुरा प्रसाद सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 26. प्रवीण सिंह पिता खरभान सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 27. रमेश सिंह पिता खरभान सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 28. संतरा पत्नी खरभान सिंह, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 29. शान्ती देवी पत्नी जीवनलाल ब्रा., निवासी ग्राम चुनरी तहसील त्योंथर 30. रामशिरोमणि पिता सघई, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 31. रामविशाल पिता रामखेलावन, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 32. रिंकू पिता रामलखन कोल, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 33. राहुल पिता रामकुशल कोल, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 34. बब्बू कोल पिता गनपति कोल, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 35. बाबूलाल पिता गनपति, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 36. रामकुशल पिता गनपति, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 37. जीवनलाल पिता रामकिशोर प्रजापति, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 38. सूर्यकली पत्नी केमला पाल, निवासी ग्राम टिकुरी तहसील त्योंथर 39. रामविशाल पिता रामखेलावन प्रजापति, निवासी ग्राम सहिजवार तह. त्योंथर 40. पवन कुमार पिता रामखेलावन प्रजापति, निवासी ग्राम सहिजवार तह. त्योंथर 41. भारत पिता रामखेलावन प्रजापति, निवासी ग्राम सहिजवार तह. त्योंथर 42. राजेन्द्र प्रसाद पिता संगमलाल प्रजापति, निवासी ग्राम सहिजवार तह. त्योंथर 43. अनामिका पति चन्द्रकान्त पाण्डेय, निवासी मंऊ जौनपुर उत्तर प्रदेश 44. गुलाबचंन्द्र मिश्र पिता अशोक मिश्र, पता त्योंथर तहसील त्योंथर 45. मानेश कुमार द्विवेदी पिता श्री कांत, पता त्योंथर तहसील त्योंथर 46. अंजनी तिवारी पति तरूणेन्द्र तिवारी, पता त्योंथर तहसील त्योंथर 47. ज्योति तिवारी पति अरूणेन्द्र तिवारी, पता त्योंथर तहसील त्योंथर 48. अमृता मिश्रा पति ज्ञान मिश्रा, पता त्योंथर तहसील त्योंथर 49. डॉ. रघुनाथ सिंह पिता लालजी सिंह, साकिन खटिया तहसील त्योंथर 50. रामप्रवेश पिता हरीराम पासी पता साकिन धनुहा तहसील करछना, इलाहाबाद उ.प्र.

..........अनावेदक / भूमिस्वामी

इस न्यायालय में (म.प्र.) शासन द्वारा हल्का पटवारी चुनरी तहसील त्योंथर द्वारा इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0065/अ-6 (अ)/2025-26 में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 06.05.2025 नियत है। नियत पेशी दिनांक पर स्वतः अथवा अपने अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से अपने पक्ष समर्थन हेतु जो भी लैखिकं /मौखिक प्रमाण रखते हो अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में समय 11 बजे दिन उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरणं का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावे।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)

RN- GM Sir

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

**AWADHESH PRATAP SINGH UNIVERSITY, REWA (MP)**

**ADMISSION NOTICE- 2025-26**

**Programme Structures as per NEP-2020 in the CBCS Pattern**

Online Application forms in the prescribed format are invited for admission to the following academic programmes. Admission will be done according to Merit Index prepared on the basis of qualifying examination.

**A: Regular Programmes-**

1.**MSc**- Chemistry; Environmental Biology; Mathematics & Physics.
2.**MA**- Ancient Indian History Culture & Archaeology; Business Economics; English; Hindi; Psychology; Philosophy.
3.**PGDCA** (Post Graduate Diploma in Computer Applications): (2 Sem.)

**MBA** (AICTE Approved)
**BPharm & DPharm** (PCI Approved)
Admission through DTE, Bhopal
**BEd, BPEd, MPEd.**(NCTE Approved)
Admission through MP Higher Education

**B: Self Supporting Programmes-**

GROUP I- POSTGRADUATE PROGRAMMES:**MSc**- Biochemistry; Biotechnology; Microbiology; Computer Science; **M.Tech.** (Computer Science-AI & ML); **MCA**(AICTE Approved),**MBA**- Human Resource Development; Industrial Relations & Personnel Management; Tourism Administration; **MSW**; **MA**- Sociology; Clinical Psychology, Yoga; Jainology; Prakrut; **LLM.**

GROUP II: DEGREE PROGRAMMES (AFTER 10+2): **BBA**(Hons.)- Finance/HR/Management/Event Management; **BBA**(Hons.)-Tourism & Hospitality; **BCA**(Hons.); **BCom**(Hons.); **BCom**(Hons.)-Retail Operations Management **BSc**(Hons.)-Biochemistry; Botany; Zoology, Biotechnology; Microbiology; Chemistry; Computer Science; Mathematics; Physics; **BPES** (Bachelor of Physical Education & Sports); **BA**(Hons.)-Ancient Indian History Culture & Archaeology; English; Psychology; Philosophy; Sociology; Economics; Political Science; Hindi; Jainology; Prakrut; **B.Tech.** (04 Years) (Computer Science & Engineering- Data Science); Mining and Mining Survey.

GROUP III: INTEGRATED DEGREE PROGRAMME (5YEAR / 10 SEM) (AFTER 10+2) **B.A.LL.B** (Hons).

GROUP IV: 2 SEM. DIPLOMA PROGRAMMES: **Diploma:** Yoga Education; Interior Design; Hardware & Networking; Python; Cyber Security; Beauty Care, Bridal Fashion & Makeup Artist; Cloud-based Applications and Networking; Women Empowerment & Development; Nutrition and Dietician; Field Archaeology; Museology; Translation Studies; Life Values in Vedanta; Vocal Music; **PG Diploma:** Guidance and Counselling; Electronics; Child Psychology and Family Counselling; Mental Health and Stress Management ; Generative Artificial Intelligence Autonomous Agent; Rural Management; Naturopathy and Yogic Science; Vedic Mathematics.

GROUP V: CERTIFICATE PROGRAMMES: Molecular Diagnostics; Clinical Microbiology; Solar Energy; Instrumentation; Statistical Analysis Software; Bio-Informatics; Communication and Soft Skills; Micro Financing; Entrepreneurship; Sales and Marketing; Stock-Market; Tour & Travel Management; Tour Guide; Heritage Management; Yoga; Journalism and Mass Communication; Rural Management; Human Resource Management; Co-operative Management; Vedant Jeevan Darshan; Career and Guidance; Family Counselling; Sports Personality Development; Sports Medicine and Physiotherapy; Sports Management; Satvik Aahar; Gau Samvardhan; संस्कृतसुबोधम्।.

**Notes:**

1. Candidates can submit admission form through **MP Online** kiosk or using internet from their home through **MP Online** Portal and make the payment through credit/debit card or by net banking. Application/ Registration fee of Rs.600/- for General/OBC, Rs.400/- for SC/ST (M.P. Domicile) candidates has to be deposited along with the admission form for all Programmes.
2. Candidates who have appeared in the qualifying examination but whose result of last semester/year of the qualifying examination is still awaited are also eligible to apply.
3. Change (if any) in the last date for application shall be notified on the Departmental Notice Board and on the University website: **www.apsurewa.ac.in** &MP Online website **www. apsu.mponline.gov.in**
4. **Eligibility, fees, etc.** for admission in different Programmesare available in the **Information Bulletin 2025-26** on the University website and MP Online Portal.
5. The University reserves the right to discontinue a Self-Supporting Programme if the number of applicants is less than 30.

**6. Important Dates:**

| | |
|---|---|
| Availability of **Admission form** for online submission through **University Website** | **05.05.2025** |
| Last date for online submission of the admission form | **25.05.2025** |
| Last date for submission of the printout of admission form at the Concerned department/Study Centre. | **27.05.2025** |
| Publication of first Provisional Admission List | **30.05.2025** |

**7. Important Websites**

**University:**www.apsurewa.ac.in
**MP Online:**www.apsu.mponline.gov.in

**REGISTRAR**

## हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्युतीकरण के निर्देश

रीवा। हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्युतीकरण के निर्देश दिए गए हैं। शत प्रतिशत विद्युतीकरण कराने के बाद प्राचार्यों को प्रमाण पत्र भी सौंपेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्युतीकरण के निर्देश दिए हैं। उन स्कूलों में भी विद्युतीकरण किया जाना है, जहां हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलें प्राथमिक और माध्यमिक शाला के भवन में संचालित हैं। अपर संचालक लोक शिक्षण ने पत्र में लिखा है कि विद्युतीकरण के निर्देश के बाद भी यूडाइस डाटा में विद्युत विहीन हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल दिखाए जाते हैं, जो खेद जनक है। अपर संचालक ने निर्देश जारी किया है कि स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित जिन शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में वाह्य विद्युतीकरण व्यवस्था नहीं है, उन विद्यालयों में पूर्व में विद्युतीकरण व्यवस्था न होने के कारण स्पष्ट कर मप्र विद्युत मंडल द्वारा तैयार प्राक्कलन संचालनालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी लेख किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिन जिलों को बाह्य विद्युतीकरण के लिए राशि जारी की गई है। दिनांक 30 मार्च 2025 तक राशि का आहरण नहीं किया जा सका है तो तत्काल पुनः मांग राशि लैप्स होने के कारण सहित संचालनालय को उपलब्ध कराएं। जिन स्कूलों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है, उन्हें प्रमाणीकरण भी भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## नाम सुधार सूचना

मैं अजीत कुमार पाण्डेय, पता- ग्राम सलैया दमोदर, पोस्ट पन्नी, तहसील/ जिला मऊगंज, रीवा (म.प्र.) का पुस्तैनी निवासी हूं। कथन करता हूं कि मेरे पुत्र के नाम से भारतीय जीवन बिमा निगम में पॉलिसी ली थी जिसका पॉलिसी नं. 357343104 है, जिसमें मेरे पुत्र का नाम अंकुश पाण्डेय दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड (359534421829), शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम अमित कुमार पाण्डेय दर्ज है जो सही व सत्य है। अतः उक्त पॉलिसी में मेरे पुत्र का नाम अंकुश पाण्डेय की जगह अमित कुमार पाण्डेय दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

अजीत कुमार पाण्डेय
ग्राम सलैया दमोदर पोस्ट पन्नी,
तहसील/जिला मऊगंज, रीवा (म.प्र.)

RN- 82082

## पश्चिम मध्य रेल

निविदा आमंत्रण सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **कार्य का प्रकार:** वॉटर वेंडिंग मशीन, **कैटलॉग क्र.:** JBP-C-WVM-25-1

| स्टेशन | लॉट क्र. | प्लेटफॉर्म क्र. | मशीनों की संख्या | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| पिपरिया | MSS-JBP-PPI-WVM-15-25-1 | 1/2 | 2 | 15.05.2025, 11:30 Hrs. |
| पिपरिया | MSS-JBP-PPI-WVM-37-25-1 | 3 | 2 | 15.05.2025, 11:40 Hrs |
| गाडरवारा | MSS-JBP-GAR-WVM-14-25-1 | 1 | 2 | 15.05.2025, 11:50 Hrs |
| गाडरवारा | MSS-JBP-GAR-WVM-36-25-1 | 2 | 2 | 15.05.2025, 12:00 Hrs |
| नरसिंहपुर | MSS-JBP-NU-WVM-13-25-1 | 2 | 2 | 15.05.2025, 12:10 Hrs |
| नरसिंहपुर | MSS-JBP-NU-WVM-35-25-1 | 2 | 2 | 15.05.2025, 12:20 Hrs |
| मदन महल | MSS-JBP-MML-WVM-12-25-1 | 1 | 3 | 15.05.2025, 12:30 Hrs |
| मदन महल | MSS-JBP-MML-WVM-33-25-1 | 2/3 | 2 | 15.05.2025, 12:40 Hrs |
| मदन महल | MSS-JBP-MML-WVM-34-25-1 | 4 | 2 | 15.05.2025, 12:50 Hrs |
| मैहर | MSS-JBP-MYR-WVM-7-25-1 | 1 & 2/3 | 4 | 15.05.2025, 13:00 Hrs |
| रीवा | MSS-JBP-REWA-WVM-8-25-1 | 1 | 2 | 15.05.2025, 13:10 Hrs |
| रीवा | MSS-JBP-REWA-WVM-30-25-1 | 2/3 | 2 | 15.05.2025, 13:20 Hrs |
| दमोह | MSS-JBP-DMO-WVM-10-25-2 | 1 | 2 | 15.05.2025, 13:30 Hrs |
| दमोह | MSS-JBP-DMO-WVM-31-25-1 | 2/3 | 2 | 15.05.2025, 13:40 Hrs |
| सागर | MSS-JBP-SGO-WVM-11-25-1 | 1 | 2 | 15.05.2025, 13:50 Hrs |
| सागर | MSS-JBP-SGO-WVM-32-25-1 | 2 | 2 | 15.05.2025, 14:00 Hrs |

**ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय:** 15.05.2025, 11:00 बजे. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

लेकसिटी हॉस्पिटल
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
SmileTrain
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त
● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge INTERNATIONAL
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत निःशुल्क किए जा रहे हैं

## किराए से देना है

रॉयल फौजी ढावा हनुमना बाईपास के पास जिला मऊगंज को किराए से देना है।
संपर्क करें :
6263010925
आरएन. 80590/(8/5)

लोन
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन
व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क -
8962086944

## अश्विनी के निधन पर कांग्रेस ने व्यक्त किया शोक

रीवा। जिला पंचायत रीवा के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य एवं कांग्रेस नेता अश्विनी कुमार मिश्रा (मुन्ना खैरा) के असमायिक निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण रीवा के जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है और कहा कि मुन्ना कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ता थे। जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल एवं महापौर अजय मिश्रा (बाबा) ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके शोकाकुल परिवार को यह गहनतम् दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह पटना ने कहा कि श्री मिश्रा ने संगठन को रीवा जिले मे मजबूत करने का जो सराहनीय काम किया हैं, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से गुरुमीत सिंह मंगू, कविता पाण्डेय, विद्यावती पटेल, शीला त्यागी, सीमा सिंह, डॉ. अरुणा तिवारी, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, सज्जन पटेल बबिता साकेत, तारा त्रिपाठी, रमाशंकर सिंह पटेल, गिरीश सिंह, शहीद मिस्त्री, मुस्तहाक खान, वसीम राजा, अनूप सिंह चंदेल, पंकज उपाध्याय आदि शामिल हैं।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र 02 (E.T.) वर्कशाप/न.पा.नि./2025-26 सतना दिनांक 02.05.2025

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

निम्नलिखित कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। संबंधित फार्म / अधिकृत विक्रेता या संस्था केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत आईटीम रेट निविदा दरे प्रस्तुत कर सकते है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। :-

| क्र. | निविदा क्रमांक | टे.क्र. | सामग्री/ मशीनरी | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | साम्रगी (पार्ट्स ) प्रदाय की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/01 02/05/2025 | 2025_UAD _420630_1 | विभागीय वाहनों भिन्न साईज के टायर ट्यूब क्रय । (तृतीय काल ) | 22,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 2 | 02/02 02/05/2025 | 2025_UAD _420632_1 | विभागीय वाहनों भिन्न साईज बैट्री क्रय। (तृतीय काल ) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 3 | 02/03 02/05/2025 | 2025_UAD _420635_1 | फायर एन्यूवल टेंडर सामग्री की दरे (तृतीय काल ) | - | 1,25,000.00 | 5,000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |

शर्ते:- 1. निविदा प्रपत्र की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 03.05.2025 समय 10.30 बजे से दिनांक 19.05.25 समय 17.30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा मे संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम, सतना म.प्र.

## नवीन संगठन मंत्री का मप्र शिक्षक संगठन ने किया अभिनंदन



**रीवा।** मप्र शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से मप्र शिक्षक संघ रीवा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय पाण्डेय को संगठन मंत्री के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मप्र प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई रीवा के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र चतुर्वेदी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी कौशलेन्द्र मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अविनाश गौतम, उपाध्यक्ष सुदीप पाण्डेय, विशाल शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, शरद पाई, प्राचार्य आरएल दीपांकर, देवराज सिंह, जितेन्द्र द्विवेदी, विनोद पटेल, दिलीप साकेत, रामपाल गौतम, राकेश तिवारी, सुधांशु द्विवेदी, डॉ राजेश शुक्ला, राममणि मिश्रा, कुबेर सिंह, उमेश मिश्रा, रामसखा कोल, खगेन्द्र सिंह, रामेश्वर द्विवेदी, अजय सोनी, राजेश शर्मा, अशोक मिश्रा सहित अन्य सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433



## बीईओ को मिला फुल चार्ज, डीडीओ भी मिला

**रीवा।** सहायक संचालक आकांक्षा सोनी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में रीवा में पदस्थ किया गया था। फिलहाल उन्हें डीडीओ नहीं दिया गया था। मार्तण्ड स्कूल क्रमांक 3 के प्राचार्य आरएल दीपांकर के पास ही डीडीओ पावर था। कलेक्टर ने आदेश जारी कर सहायक संचालक आकांक्षा सोनी को आहरण संवितरण अधिकार सौंप दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## मुख कैंसर के आधुनिक इलाज पर कार्यशाला सम्पन्न



### भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्य शाखा ने किया आयोजन

**रीवा।** भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्य शाखा की एक दिवसीय कार्यशाला हेटल समदड़िया गोल्ड में संपन्न हुई। इस कार्यशाला में वक्ता के रूप में इंदौर से आए डॉक्टर नीलेश तिवारी ने मुंह के कैंसर का आधुनिक पद्धति द्वारा इलाज कैसे किया जाए, उसके बारे में जानकारी प्रदान की। स्वागत भाषण संघ के सचिव डॉ अमित त्रिपाठी के द्वारा किया गया, वहीं आभार प्रगट संघ के अध्यक्ष डॉ मुकेश यादव के द्वारा किया गया। मंच का संचालन डॉ हर्षद पांडे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉक्टर नवीन मिश्रा, सचिव डॉ अमित तिवारी, डॉक्टर धीरेंद्र तिवारी, डॉक्टर रावेंद्र सिंह, डॉ नीरज गुप्ता,डॉ एसएन तिवारी,डॉक्टर सचिन राय, डॉक्टर प्रियंका सिंह, डॉक्टर सोनल निगम, डॉक्टर अभिषेक मणि तिवारी, डॉ अजीता तिवारी, डॉ मोइन ओवैसी, डॉ धनेश वर्मा, डॉ जावेद, डॉ विवेक सिंह, डॉ रवि मिश्रा, डॉ शिव प्रताप सिंह, डॉ जयपाल सिंह, डॉ निधि मिश्रा ,डॉ आकांक्षा धामीचा, डॉ राजेश सिंह, डॉ त्रयम्बकेश्वर पाठक, डॉ मनीष देव वर्मा, डॉ परीक्षित द्विवेदी एवं अन्य दंत चिकित्सक उपस्थित रहे।

## आज आएगा बोर्ड परीक्षा का परिणाम, 55 हजार छात्रों का खुलेगा भाग्य

**जागरण, रीवा।** बोर्ड परीक्षा के बाद अब रिजल्ट की बारी है। आज मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी करने जा रहा है। शाम 5 बजे मुख्यमंत्री निवास पर सीएम डॉ मोहन यादव परिणाम की घोषणा करेंगे। रीवा और मऊगंज जिले के करीब 55 हजार छात्रों का भाग्य का फैसला भी होगा।

ज्ञात हो कि इस मर्तबा बोर्ड परीक्षा जल्द शुरू हो गई थी। 25 फरवरी से 12वीं और 27 फरवरी से 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की गईं थी। यह परीक्षा 25 मार्च तक चली थी। परीक्षा के साथ ही उत्तर पुस्किाओं का मूल्यांकन भी शुरू कर दिया गया था। ऑनलाइन नंबरों की फीडिंग भी होती रही। यही वजह है कि मूल्यांकन कार्य पूरा होने के चंद दिनों बाद ही अब माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी घोषित करने जा रहा है। रीवा और मऊगंज से 10वीं में 31 हजार 265 और 12वीं में 23 हजार 783 छात्र




इस मर्तबा रजिस्टर्ड हुए थे। इन सभी छात्रों के भविष्य का फैसला मंगलवार को होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा परिणाम देखने के लिए वेबसाइट भी जारी कर दी है। 12 वेबसाइट पर छात्र परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। इसके अलावा छात्र डिजीलॉकर के माध्यम से भी परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। इसके अतिरिक्त छात्र गूगल प्ले स्टोर पर एमपी बीएसई मोबाइल एप अथवा एमपी मोबाइल एप डाउनलोड कर भी रिजल्ट देख सकेंगे।

### 10 दिन के अंदर करना होगा आवेदन

हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद छात्रों को 10 दिन के अंदर पुनर्गणना, उत्तर पुस्तिकाओं की प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए द्वितीय अवसर की परीक्षा आयोजित की जाएगी। रिजल्ट घोषित होते ही द्वितीय अवसर के लिए परीक्षा फार्म भी भरना ऑनलाइन शुरू हो जाएगा।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 8 को

**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैंठक 8 मई को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में आयोजित की गई है। इस बैठक में सभी तहसील विकासखण्ड के पदाधिकारी आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। श्री तिवारी ने सभी पेंशनर्स से 08 मई को दोपहर 1:30 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ पर निकाली जागरुकता रैली



**रीवा।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रावेन्द्र नगर उरहट क्षेत्र में एनएसएस द्वारा किए जा रहे विभिन्न सर्वेक्षणों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और साक्ष्य आधारित नीति निर्माण में एनएसएस की उपलब्धियों और इसकी भूमिका को उजागर करने के उद्देश्य से सार्वजनिक रैली आयोजित की गई। इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण के प्रति भी जागरूकता बढ़ाई गई। रैली का नेतृत्व क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर की सहायक निदेशक सुश्री सचिता राकेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर एनएसएस की भूमिका और इसके द्वारा किए गए कई कार्यों तथा देश के विकास में इसके महत्व के बारे में अवगत कराया गया। सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण, नगरीय ढांचा सर्वेक्षण, असंगठित उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, थोक मूल्य सूचकांक सर्वेक्षण, आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण, उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण आदि एनएसएस द्वारा किए जाने वाले कुछ सर्वेक्षण हैं।

# आरटीई के तहत निजी स्कूलों में कल से आरम्भ होंगे प्रवेश

### पात्र छात्र 21 तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन, 23 तक होगा दस्तावेजों का सत्यापन

**जागरण, रीवा**

जिले के 1137 निजी स्कूलों ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत सीट निर्धारण 5 मई तक होना है। इन स्कूलों द्वारा तय सीटों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आगामी 7 मई से आरम्भ होगी। सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए सूचना राज्य शिक्षा केंद्र ने विगत 25 अप्रैल को जारी कर दी है। जारी सूचना में राशिके ने जिला शिक्षा केंद्र व कलेक्टर को आरटीई के तहत रिक्त सीट में सभी पात्र छात्रों को प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है, आरटीई के तहत जिले के सभी निजी स्कूलों की 25 फीसदी सीट में कक्षा 1 से 8वीं तक स्थानीय गरीब विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। तय प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने वाले निजी स्कूलों को ही सरकार फीस वापस करेगी। योजना के पालन में गरीब विद्यार्थियों को प्रवेश देने वाले निजी स्कूलों को प्रति विद्यार्थी के हिसाब से 4 हजार 419 रुपये शुल्क प्रतिपूर्ति की जायेगी।

**आधार बिना प्रवेश हो जायेगा निरस्त :** डीपीसी द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर निर्धारित सीट में गरीब बच्चों को प्रवेश देने की कार्यवाही की गई है। जारी गाइडलाइन में आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आधार नम्बर अनिवार्य किया गया है। योजना का लाभ लेने वाले जिन विद्यार्थियों के पास आधार नम्बर नहीं है, उन्हें प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने तक आधार कार्ड बनवाने की हिदायत दी जायेगी। प्रवेश कार्यवाही पूरी होने तक यदि विद्यार्थी आधार कार्ड नहीं बनवाता तो प्रवेश स्वयं निरस्त हो जायेगा।




### प्रवेश प्रक्रिया की तिथियां

आवेदन आरम्भ की तिथि- 7 मई
आवेदन की अंतिम तिथि- 21 मई
दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि- 23 मई
लॉटरी द्वारा सीट आवंटन- 29 मई
आवंटित स्कूल में प्रवेश लेने का समय- 2 से 10 जून

### इस तरह चलेगी प्रक्रिया

बताया गया है कि आरटीई के तहत प्रवेश ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई है। आवेदन पत्र संबंधित जनशिक्षा केंद्र, बीआरसी-बीईओ कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी-जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय में निःशुल्क दिए जा रहे हैं। साथ ही आरटीई पोर्टल पर भी आवेदन फार्म उपलब्ध कराया गया है। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत आवेदक स्वयं पोर्टल पर जाकर निर्धारित फार्म में ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता संबंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड किया जाना होगा। आवेदक द्वारा पोर्टल से जनरेट प्रति को अपने पास सुरक्षित रखा जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबंधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में स्थापित सुविधा डेस्क की सहायता से भी आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदक विद्यार्थी के दस्तावेजों का सत्यापन जन शिक्षा केंद्रों द्वारा 23 मई तक किया जाएगा। पात्रतानुसार निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश हेतु आवेदकों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के द्वारा 29 मई को किया जाएगा। आवेदकों को स्कूल आवंटन की जानकारी बीआरसीसी कार्यालय के सूचना पटल पर भी उपलब्ध रहेगी। आवंटन होने के पश्चात बच्चों को प्रवेश के लिए समस्त दस्तावेजों के साथ 2 से 10 जून तक आवंटित विद्यालय में प्रवेश लेना होगा।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक में गेहूं उपार्जन की तिथि बढ़ाने की मांग



**रीवा।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की मासिक बैठक उद्यानिकी परिसद कोठी कम्पाउण्ड में जिला अध्यक्ष भक्त प्रहलाद कुशवाहा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। मासिक बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि किसान मजदूर महासंघ की पहल पर प्रशासन द्वारा स्लॉट बुकिंग किये जाने का आदेश हुआ। किसानों की परेशानी को देखते हुये किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने संभागायुक्त से मिल कर मांग उठाई थी कि गेहूं खरीदी का समय सीमा उपरोक्त आधार पर कम से कम 15 दिन बढ़ाई जाय। साथ ही सोसायटी का खाद और क्रेडिट कार्ड का पैसे का भुगतान समय सीमा मे हो सके। बैठक मे सर्व सम्मति से संगठन का स्थापना दिवस व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक शिव कुमार शर्मा (काका जी) का जन्म दिवस 28 मई को मनाने का निश्चय किया गया। स्थान का चयन सिरमौर ब्लॉक की मासिक बैठक में 17 मई को किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह, महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष शोभनाथ कुशवाहा, रीवा जिला अध्यक्ष भक्त प्रहलाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसद सोधिया, मीडिया प्रभारी विवेक पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सार्थक ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर मिलेगा वेतन

### उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयीन लोकसेवकों पर कसा शिकंजा




**रीवा।** सरकारी महाविद्यालयों में पदस्थ नियमित शिक्षकों व अतिथि विद्वानों को सार्थक एप में नियमित हाजिरी दर्ज करानी है। नॉन परफार्मिंग शैक्षणिक संवर्ग को चिन्हित करने शासन ने जो पैमाने तय किए हैं, उनमें से एक सार्थक एप भी है। उक्त जानकारी पूर्व में आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा दी जा चुकी है। अब विगत सप्ताह विभाग ने एक और आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि सभी महाविद्यालयीन लोकसेवकों का अप्रैल पेड मई माह का वेतन सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर किया जाए। प्राचार्यों को इस बाबत उक्त आदेशानुसार वेतन भुगतान कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके पहले मार्च पेड अप्रैल का वेतन भी सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर देने के लिए पत्र जारी हो चुका है।

गौरतलब है कि अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय रीवा अंतर्गत रीवा व शहडोल सम्भाग के जिले आते हैं। इन दोनों सम्भाग में 9 जिले हैं, जिसमें 88 सरकारी महाविद्यालय हैं। सत्र 2024-25 के आरम्भ से विभाग ने इन सभी सरकारी महाविद्यालयों में सार्थक एप की व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत महाविद्यालय के समस्त नियमित शिक्षकों, अतिथि विद्वानों, जनभागीदारी शिक्षकों, प्राचार्य, क्रीड़ाधिकारी, ग्रंथपाल की उपस्थिति अब सार्थक एप में दर्ज कराई जा रही है। इसके अलावा, गैर शैक्षणिक वर्ग के अधिकारी, कर्मचारियों की भी इस एप के जरिये ही नियमित हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश हैं। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ने व्यवस्था लागू करते हुए महाविद्यालय प्राचार्यों को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए पहले ही कहा है।

### प्राचार्य अपनी आईडी से करेंगे परीक्षण

आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा पूर्व में जारी पत्र में उल्लेखित है कि इस एप के जरिये दैनंदिनी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। सभी को अपने मोबाइल पर सार्थक एप्लीकेशन डाउनलोड करना है। यह आदेश पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालयों व संस्कृत महाविद्यालयों पर भी लागू है। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अपनी आइडी से प्रतिमाह सभी शिक्षकों व अधिकारियों की उपस्थिति का परीक्षण किया जायेगा। इस एप के संचालन हेतु जिला अग्रणी प्राचार्य जिला नोडल व एडी रीवा पर्यवेक्षक अधिकारी की भूमिका में हैं, जो ऑनलाइन उपस्थिति का मैदानी परीक्षण करेंगे।

## संभाग स्तरीय खेलकूद स्पर्द्धा, रीवा और छिंदवाड़ा रहे अव्वल

**जागरण, रीवा।** केंद्रीय विद्यालय संगठन के 54वीं संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के पांच दिवसीय कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। मुख्य अतिथि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक.1 छिंदवाड़ा के प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर रहे। पंकज कुमार शर्मा ने संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों और अनुरक्षक शिक्षकों ने प्रतियोगिता पर अपना अनुभव साझा किया गया। इसी कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य धारकर ने प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्पर्धा में 14 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 रीवा, द्वितीय स्थान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक.1 छिंदवाड़ा का रहा। 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक.1 छिंदवाड़ा तथा द्वितीय स्थान पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 जीसीएफ जबलपुर रहा। संभाग के अन्य केन्द्रीय विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं में इस विद्यालय के आरव कोष्ठा ने अंडर 17 चेस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही अथर्व गोहिया ने अंडर 14 चेस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।

**केंद्रीय विद्यालय संगठन के 54वीं संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन**

## एनएसयूआई और नर्सिंग छात्रों ने जताया विरोध

**रीवा।** रीवा स्थित शासकीय नर्सिंग कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा लेने पहुंची दतिया शासकीय नर्सिंग कॉलेज की स्टाफ चंद्रकला दिवगैया के खिलाफ एनएसयूआई और नर्सिंग छात्रों ने विरोध जताया । यह वही चंद्रकला दिवगैया हैं जो नर्सिंग काउंसिल की पूर्व रजिस्ट्रार रहीं, इनके कार्यकाल में कई फर्जी नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई थी। विभाग ने इनको दोषी करार करते हुए निलंबित कर दिया था। विभाग इनकी गहन जांच भी कर रहा हैं । एनएसयूआई रीवा के जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने इस मुद्दे पर तीखी आपत्ति जताई और कहा कि नर्सिंग घोटाले की दोषी किसी भी स्थिति में परीक्षक नहीं हो सकतीं। यदि ऐसे व्यक्ति छात्रों की परीक्षा लेंगे, तो परीक्षा की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठेंगे और बड़े स्तर पर गड़बड़ी की आशंका बनी रहेगी। पंकज उपाध्याय ने आगे कहा कि एनएसयूआई छात्रों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी और मांग की कि प्रायोगिक परीक्षा को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर, किसी निष्पक्ष एवं स्वच्छ छवि वाले परीक्षक के माध्यम से पुनः आयोजित किया जाए। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## यात्रियों की भीड़ से भरी रही साप्ताहिक राजकोट ट्रेन

### वैवाहिक सीजन में सभी यात्री ट्रेन की हालत खराब



**रीवा।** राजकोट-रीवा सुपरफास्ट ट्रेन सोमवार को भारी भीड़ लेकर रीवा स्टेशन आई। सप्ताह में एक दिन चलने वाली ट्रेन के लगभग सभी कोच में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ रही। स्थिति यह रही कि स्टेशन प्रबंधन व मौजूद आरपीएफ व जीआरपी पुलिस कर्मी भी भीड़ को देख असहज हो गए। हालांकि अनियंत्रित भीड़ के बीच कोई अनहोनी नहीं हुई। गौरतलब है कि विगत 14 अप्रैल से वैवाहिक सीजन की शुरुआत हो गई है। लिहाजा रीवा आने वाली लगभग सभी ट्रेन में पहले से ही फुल बुकिंग हो चुकी हैं। अब जिन लोगों को आरक्षित टिकट नहीं मिले, वह जैसे-तैसे भीड़ का हिस्सा बनकर ट्रेन में सफर करने को मजबूर हैं। इस लिहाज से राजकोट से सप्ताह में एक दिन आने वाली ट्रेन यात्रियों को सबसे ज्यादा मुसीबत हो रही है, क्योंकि एक दिन चलने से ट्रेन में यात्रियों की संख्या एकाएक बढ़ जाती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार रेल प्रशासन से इस ट्रेन के फेरे बढ़ाने की मांग की गई, लेकिन अधिकाधिक राजस्व देने के बावजूद रेल प्रशासन ने इस ट्रेन के फेरे बढ़ाने पर फिलहाल विचार नहीं किया है।

THE MADHYA PRADESH STATE MINING CORPORATION LIMITED
Paryawas Bhawan, Block 1-'A', Floor II, Jail Road
Arera Hills, Bhopal, Madhya Pradesh - 462011
Phone : 0755-2763391, 2763392, 2763393
Fax : 0755-2763394, E-mail : info.mpsmc@mp.gov.in
REF. No. : MPSMCL/Sand/114 Bhopal, Dated : 05.05.2025

NOTICE FOR REQUEST FOR PROPOSAL

"REQUEST FOR PROPOSAL, SELECTION OF ENVIRONMENT CONSULTANT FOR OBTAINING STATUTORY CLEARANCES FOR B1 AND B2 CATEGORY SAND MINES"

Madhya Pradesh State Mining Corporation Limited (MPSMCL) invites qualified agencies accredited by National Board for Education and Training (NABET)/ Quality Council of India (QCI) to participate in the Request for Proposal (RFP) for Selection of Environment Consultant for obtaining Statutory Clearances (Environment clearance, CTE/ CTO), Separately for-
1. B1 Category Sand Mines
2. B2 Category Sand Mines
of MPSMCL in Madhya Pradesh.

Key Details :
- **Eligibility Criteria :** Please refer to the RFP Documents for detailed eligibility conditions.
- **Access to RFP Document :** Obtain the comprehensive RFP Document from the MP Tender portal accessible at **https://mptenders.gov.in** or **https://mpsmcl.mp.gov.in**
- **Timeline :** The last date for submission of proposals is **27.05.2025 Till 05:00 PM.**

M.P. Madhyam/119925/2025 MANAGING DIRECTOR



## शिक्षा समाज के विकास की धुरी होती है : बी.एन. त्रिपाठी

**जागरण, रीवा।** संस्था का परिचय-शिक्षा किसी समाज के विकास की धुरी होती है, समाज सुशिक्षित करनें के लिये योग्य शिक्षक और गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक संरचना का होना आवश्यक होता है, ऐसे ही लक्ष्य को केन्द्रित करते हुये रीवा संभाग में उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान पेन्टियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की स्थापना शिव कम्प्यूटर समिति द्वारा 03 जुलाई 2002 को शहर में स्थित जॉन टावर में की गई थी। इस समिति के चेयरमैन तथा इस ग्रुप के संस्थापक श्री बी.एन. त्रिपाठी जी है। महाविद्यालय ने वर्तमान में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा एवं राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल से संबद्धता प्राप्त कर विभिन्न संकायों में कई प्रकार के विषयों का संचालन किया जा रहा है।





पेन्टियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज (उच्च शिक्षा विभाग भोपाल से मान्यता प्राप्त) में संचालित पाठ्यक्रम नियमित कोर्स
**बीसीए, आइसेक्ट से प्रमाणित :-**
बीएससी बॉयोटेक, ऑटनी, जूलॉजी, केमेस्ट्री, फिजिक्स, कम्प्यूटर साइंस ● बीकॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन, प्लेन ● बीए इतिहास, सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, कम्प्यूटर एप्लीकेशन ● एमएससी, (कम्प्यूटर साइंस, फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायाटेक्नालॉजी) ● एमए (इतिहास, सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र) एमकॉम, एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए ● पेन्टियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ लॉ (बार काउन्सिल ऑफइण्डिया से मान्यता प्राप्त) में संचालित पाठ्यक्रम-
बीए एलएलबी, बीकॉम, एलएलबी, बीबीए, एलएलएम ● एलएलबी, एलएलएम
● पेन्टियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ फार्मेसी (फॉर्मेसी काउन्सिल ऑफइण्डिया (PCI) तथा DTE से मान्यता प्राप्त) में संचालित पाठ्यक्रम है-
● B. PHARM, D.PHARM ● पेन्टियम प्वाइंट कॉलेज ऑफमैनेजमेन्ट (ए.आई.सी.टी.ई.नई दिल्ली (AICTE) से संबंद्ध प्राप्त) में संचालित पाठ्यक्रम है- MBA, BBA

**छात्र-छात्राओं के गुणवत्ता विकास हेतु महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियाँ**
महाविद्यालय में प्रतिवर्ष छात्र-छात्राओं के बौद्धिक एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, मैक ओलम्पियाड, फूड फेस्टिवल, शीतकालीन खेल आदि का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता हैं। इसके साथ महाविद्यालय में प्रति वर्ष विशेष दिवशों के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते है, जैसे- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस, संविधान दिवस, फॉर्मेसी दिवस आदि का आयोजन किया जाता हैं।
महाविद्यालय के टापर्स - पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन के छात्र प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त करते हैं। अभी तक स्वर्ण पदक छात्रों की संख्या निम्न है-
आफरीन अंसारी M.sc (CS) 2015-2017, पुष्पा सिंह M.com 2020-2022, कृति शुक्ला MA (Sociology) 2021-2023, देवांशी द्विवेदी Msc (Biotechnology) 2021-2023, नूरी अंसारी M.sc(CS) 2021-2023, रूची मिश्रा Msc (Biotechnology) 2022-2024 महाविद्यालय के कई छात्र आज प्रतियोगिता परीक्षाओ को उत्तीर्ण करके राजपथित अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। साफ्टवेयर कम्पनियों में इस ग्रुप के छात्र देश-विदेश की कई कम्पनियों में अपने विन्ध्य का नाम रोशन कर रहे हैं। कैम्पस में उपलब्ध अधोसंरचना एवं सुविधाएँ- वर्तमान में महाविद्यालय के तीन कैम्पस है, जिसमें आज के परिवेश के अनुसार सम्पूर्ण सुविधायें उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राओं के लिए वातानुकूलित आडीटोरियम, लिफ्ट, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, 30 किलोमेगावाट का सौर ऊर्जा पैनल, 125 के.वी. का जनरेटर सेट सुरक्षा की दृष्टि से 150 सी.सी.टी.वी. कैमरे छात्र-छात्राओ के लिए परिवहन हेतु अलग-अलग बसें उपलब्ध हैं।
**आडीटोरियम और लैब**- पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन में 500 से अधिक सीटो की क्षमता का ए.सी युक्त साउण्ड प्रूफवातावरण, एवं मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर उच्च गुणवत्ता साउण्ड सिस्टम के साथ छात्रों के सेमीनार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अतिथि व्याख्यानों के लिए आदर्श स्थल स्थापित हैं। महाविद्यालय में उच्च स्तरीय प्रयोगशालाएं जहां अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित बायोटेक्नालॉजी, भौतिकी, रासायन और जीवविज्ञान की प्रयोगशालायें स्थापित हैं। महाविद्यालय के कम्प्यूटर लैब में नवीनतम सॉफ्टवेयर और हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में प्रैक्टिकल ज्ञान को बढ़ावा देने वाला प्रयोगात्मक महौल अनुभवी तकनीशियन और शिक्षकों द्वारा उचित मार्गदर्शन दिया जाता हैं।
● आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित- नवीनतम फार्मास्युटिकल मशीनरी, ग्लासवेयर और इंस्ट्यूमेंट और डिसोल्यूशन टेस्टिंग यूनिट, रोटरी टेबल मशीन, UV स्पेक्ट्रोमीटर आदि उपलब्ध है। ● प्रयोगिक शिक्षा पर बल- थ्योरी को प्रैक्टिकल में बदलने का अवसर छात्रों को दवाओं की संरचना, निर्माण एवं परीक्षण की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाता हैं। ● उच्च गुणवत्ता की सुरक्षा व्यवस्था- लैब में कार्य करते समय छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि हैं। पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (PPE), वेंटीलेशन और सेफ्टी किट्स उपलब्ध हैं। ● अनुभवी फैकलटी का मार्गदर्शन- इंडस्ट्री एक्सपीरियंस रखने वाले शिक्षको द्वारा नियमित प्रैक्टिकल सेशन और लाइव डेमोस्ट्रेशन। ● उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण- छात्र न केवल अकादमिक ज्ञान, बल्कि फार्मा इंडस्ट्री की आवश्कताओं के अनुसार प्रशिक्षित किए जाते हैं।
ADVT

संपादकीय

## टैरिफ वार ने दिया भारत को बड़ा मौका

भारत में आईफोन की कहानी बड़ी कारोबारी सफलताओं में से एक रही है। इस साल अभी तक भारत ने एपल के लिए 25-30 फीसदी आईफोन बनाए हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 18 फीसदी था। यह तरक्की बढ़िया खबर है, लेकिन एक सच यह भी है कि भारत में जितना प्रॉडक्शन हो पाता है, अमेरिका में आईफोन का बाजार उससे कहीं बड़ा है। 2024 में अमेरिका में 7.59 करोड़ आईफोन बिके थे, जबकि इस साल मार्च में भारत से 31 लाख यूनिट वहां भेजी गई थीं। यानी एपल के चीफ टिम कुक की प्लानिंग के हिसाब से अगर भारत को पूरे अमेरिका की मांग को पूरा करना है, तो मैन्युफै. रिंग कैपेसिटी को बढ़ाना होगा। अच्छी बात यह है कि तमिलनाडु के होसुर और बेंगलुरु में दो नई फैसिलिटी तैयार हैं और इनके जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

**एपल का प्लान कि अमेरिका में बिकने वाला हर आईफोन भारत में बना हो, मेक इन इंडिया के लिए एक बड़ा मौका है। लेकिन ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की जगह लेने के लिए भारत को बहुत कुछ करना होगा, जिसका मौका डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वार की वजह से उसे मिला है।**

भारत के पास कुछ साल पहले भी ऐसा मौका आया था - कोरोना, 2018 के ट्रंप के चीन के साथ ट्रेड वॉर और दक्षिण चीन सागर में उभरते तनाव के मद्देनजर जब दुनिया चीन प्लस वन ऑप्शन की तलाश कर रही थी। उस समय वियतनाम जैसे देशों ने बाजी मार ली थी। उसे कम कॉरपोरेट टैक्स रेट, निवेश में आसानी और सस्ते श्रम का फायदा मिला।

मौजूदा टैरिफ वॉर से भारत को जो मौका मिला है, उसे हाथ से नहीं निकलने देना चाहिए। खासकर यह देखते हुए कि दुनिया का कारोबारी माहौल उसके पक्ष में है। कोरोना के वक्त से अमेरिकी कंपनियों पर चीन से बाहर निकलने का जो दबाव था, वह हाल में ट्रंप के टैरिफ वॉर से और बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर 245 फीसदी, जबकि भारत पर 26 फीसदी का आयात शुल्क लगाया है, और इसे भी फिलहाल 90 दिनों के लिए टाल रखा है। एपल की भारत में दिलचस्पी की बड़ी वजह यही है। फिर पीएलआई जैसी सरकारी योजनाओं ने भारत में उत्पादन को सस्ता बना दिया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी 8.4 फीसदी है और चीन की 76 फीसदी। आईफोन की सफलता वैश्विक स्तर पर भारत की हैसियत बढ़ाएगी और तब इन आंकड़ों को भी बदला जा सकेगा। इस वक्त अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी बात चल रही है। इसके अंजाम पर पहुंचने से नई दिल्ली के पास अमेरिकी कंपनियों को लुभाने का एक और कारण होगा।

अमरीका के साथ मार्च, 2025 से व्यापार समझौते की बातचीत नए सिरे से शुरू हुई है और काफी ऊर्जावान तथा परिपक्व दौर में है। संभावना है कि द्विपक्षीय व्यापार-विमर्श और समझौते का प्रथम चरण सितंबर-अक्तूबर, 2025 तक सम्पन्न हो सकता है। 90 दिनों की राहत-अवधि भी लगभग उसी वक्त तक है। वैसे तो 90 दिन जुलाई में समाप्त हो रहे हैं, लेकिन यह नीति सितंबर-अक्तूबर तक टाली जा सकती है। भारत के पास अपने द्विपक्षीय कारोबार को बढ़ाए रखने का सुअवसर है। इस दौरान भारत को यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ भी अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दे देना चाहिए।

# भारत-पाक तनाव का प्रमुख कारण काफिर कुफ्र अवधारणा

आतंकवाद समस्या



**पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान एक अलग ही नैरेटिव गढ़ रहा है, लेकिन सच तो यह है कि पाकिस्तान में भारत के प्रति शत्रुता और घृणा, भारत के कुछ कहने-करने से उत्पन्न नहीं होती। इसके लिए भारत की सनातन पहचान, उसकी बहुलतावादी संस्कृति और आस्था के प्रतीक ही पर्याप्त हैं।**

बलबीर पुंज

भारत-पाकिस्तान तनाव चरम पर है। पहलगाम में हुए जिहादी हमले के खिलाफ पूरा देश आक्रोशित और एकजुट है। इस संकटमयी क्षण में कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व ने मोदी सरकार के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता जताई है, परंतु पाकिस्तान एक अलग ही नैरेटिव गढ़ रहा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले को 'हिंदुत्व प्रदत्त शोषण' के खिलाफ 'अल्पसंख्यकों का व्यापक विद्रोह' बताया है। यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रोपेगेंडा को भारत के एक वर्ग द्वारा प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन मिल रहा है। नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के व्यवसायी पति रॉबर्ट वाड्रा के लिए पहलगाम में हिंदुओं को चुन-चुनकर मारना, 'दुर्बल-शोषित मुस्लिमों' का 'प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आक्रोश' है। कुछ इसी प्रकार की भाषा का प्रयोग कर्नाटक में कांग्रेसी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार और कश्मीर में कांग्रेसी नेता सैफुद्दीन सोज ने भी किया है। लब्बोलुआब यह है कि पाकिस्तान और भारत में एक वर्ग दोनों देशों के बीच अशांति के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहा है।

वास्तव में, भारत-पाकिस्तान के रिश्ते इस बात से तय नहीं होते कि दिल्ली या इस्लामाबाद में कौन शासन कर रहा है। गांधी जी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, बाबासाहब डॉ. आंबेडकर और मोहम्मद अली जिन्ना के जीवित रहते दोनों देशों के बीच पहला युद्ध हुआ। इसके बाद दोनों के बीच कई संधियां हुईं, जिनमें सबसे प्रमुख 1960 का सिंधु जल समझौता है। इसमें भारत ने नहर-सिंचाई आदि निर्माण कार्यों के लिए पाकिस्तान को दस किस्तों में 6.2 करोड़ पाउंड स्टर्लिंग (वर्तमान समय में लगभग 700 करोड़ रुपये) का अनुदान दिया था। इसके बदले पाकिस्तान ने वर्ष 1965 में भारत के खिलाफ फिर युद्ध छेड़ दिया। तब भारत में कांग्रेसी प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री थे, तो पाकिस्तान की सत्ता की बागडोर सैन्य तानाशाह अयूब खान के हाथों में थी।

भारत के प्रति पाकिस्तान की घृणा कितनी गहरी है, यह 1965 में तत्कालीन पाकिस्तानी विदेश मंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जो बाद में पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी बने– के संयुक्त राष्ट्र में दिए भाषण से स्पष्ट है। तब उन्होंने भारत के खिलाफ 'अगले एक हजार वर्षों तक युद्ध लड़ने' का एलान किया था। भुट्टो की मानसिकता इससे भी समझी जा सकती है कि 1943 में उन्होंने केवल 15 वर्ष की आयु में मोहम्मद अली जिन्ना को पत्र लिखकर 'हिंदुओं को कुरान और पैगंबर का घातक दुश्मन' बताया था। इसी चिंतन का घिनौना स्वरूप 1971 के युद्ध में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में तब दिखा, जब बंगाली अस्मिता से जन्मे मुक्तिवाहिनी विद्रोह को कुचलने के नाम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने चुन-चुनकर लाखों हिंदुओं को मारा और उनकी महिलाओं के साथ बलात्कार किया। तब भारत में इंदिरा गांधी का शासन था और पाकिस्तान में याह्या खान की सैन्य तानाशाही। जब 1999 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मित्रता का संदेश लेकर बस से लाहौर पहुंचे, तब इसके दो माह बाद ही पाकिस्तान ने भारत की पीठ में छुरा घोंपते हुए कारगिल पर हमला कर दिया। तब पाकिस्तान में नवाज शरीफ के रूप में निर्वाचित सरकार थी। असंख्य आतंकवादी हमलों (मुंबई 1993 और 26/11 सहित) में भी पाकिस्तान का प्रत्यक्ष-परोक्ष हाथ रहा है।

स्पष्ट है कि पाकिस्तान में किसी भी विचारधारा, दल या रंग की सरकार हो, वह उस शाश्वत वैमनस्य से बंधा है, जिसमें इस्लाम पूर्व भारतीय संस्कृति-परंपरा (हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख) के प्रति घृणा है। पाकिस्तान में भारत के प्रति शत्रुता और घृणा, भारत के कुछ कहने-करने से उत्पन्न नहीं होती। इसके लिए भारत की सनातन पहचान, उसकी बहुलतावादी संस्कृति और आस्था के प्रतीक ही पर्याप्त हैं। इसी विषाक्त चिंतन से पाकिस्तानी शैक्षणिक पाठ्यक्रम भी भरा है। गत 16 अप्रैल को पाकिस्तानी सेना के जनरल असीम मुनीर ने भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों की उपस्थिति में इसी भारत-हिंदू विरोधी मानस का खुला प्रदर्शन किया था।

पाकिस्तान कोई देश नहीं, बल्कि वह विचारधारा है, जिसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। भारतीय उपमहाद्वीप की 99 प्रतिशत आबादी या तो हिंदू है या उन हिंदुओं की वंशज है, जिन्होंने कालांतर में किन्हीं कारणों से धर्मांतरण किया। इनमें अधिकांश ने तलवार के बल पर अपनी पूजापद्धति और पहचान बदली थी।

यह पाकिस्तानी अस्तित्व का विरोधाभास भी है। एक ओर पाकिस्तान वैदिक सिंधु घाटी सभ्यता, संस्कृताचार्य पाणिनि, सम्राट पोरस, ऋषि पतंजलि तथा गांधार कला को अपना गौरवशाली अतीत बताता है। दूसरी तरफ, वह अपनी मूल भारतीय जड़ों से कटकर उन इस्लामी आक्रांताओं को अपना नायक-आदर्श मानता है, जिन्होंने अपने दौर में वैदिक दर्शन, उससे जुड़ी परंपराओं और मानबिंदुओं को नष्ट किया था। यही कारण है कि पाकिस्तान ने अपनी मिसाइलों-युद्धपोतों के नाम– गजनवी, गौरी, अब्दाली और बाबर आदि के नाम पर रखे हैं, तो वह अपनी बुनियाद वर्ष 712 में तब से बताता है, जब आततायी मोहम्मद बिन कासिम ने सिंध के हिंदू राजा दाहिर को पराजित किया था। यही अंतर्विरोध उसके कौमी तराने में परिलक्षित होता है, जो फारसी भाषा में है– जबकि 24-25 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान की एक प्रतिशत जनसंख्या भी फारसी नहीं बोलती।

भारत-पाकिस्तान में नैरेटिव गढ़ा जाता है कि मोदी सरकार में मुसलमान स्वयं को कमजोर और असुरक्षित अनुभव करते हैं। क्रूर मुगल औरंगजेब की मृत्यु (1707) के उपरांत जब भारतीय उपमहाद्वीप में इस्लामी राजनीतिक वर्चस्व का अवसान हुआ, तबसे मुस्लिम समाज का एक वर्ग 'असुरक्षित' अनुभव कर रहा है। इस भावना को गांधी जी, पंडित नेहरू और सरदार पटेल भी दूर नहीं कर पाए। 1946 के प्रांतीय चुनाव में मुस्लिम लीग को व्यापक समर्थन इसी 'असुरक्षा' की ही अभिव्यक्ति थी। यह दिलचस्प है कि विभाजन पूर्व जो लोग पाकिस्तान के लिए आंदोलित थे और हिंसा का सहारा ले रहे थे, उनमें से कई (राजनीतिज्ञ सहित) अपने 'सपनों के देश' नहीं गए। इस बात को सरदार पटेल ने जनवरी, 1948 में कोलकाता और लखनऊ की अपनी सभाओं में प्रमुखता से उठाया था।

स्पष्ट है कि 'काफिर-कुफ' अवधारणा और स्वयं को भारतीय जड़ों से काटने की छटपटाहट– भारत-पाकिस्तान तनाव का प्रमुख कारण है। यदि यह चिंतन समाप्त हो जाए, तो क्या पाकिस्तान का भारत से अलग राष्ट्र बने रहने का कोई औचित्य रहेगा?

# रेटपेयर्स की भागीदारी से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

आर्थिक परिदृश्य



**आज हमारी अर्थव्यवस्था भले विश्व की दस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो व जीडीपी रैंकिंग में इस साल हम विश्व की तीसरी प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में हों पर अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए रेटपेयर्स की भागीदारी बढ़ाने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। फ्रीबीज के जमाने में केन्द्रीय वित्त सचिव अजय सेठ द्वारा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक वृद्धि के लिए रेटपेयर्स को प्रोत्साहित करना जरुरी बताया गया है।**

डॉ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

दरअसल, एक ओर राजनीतिक दलों द्वारा लोक लुभावन फ्रीबीज सुविधाओं की घोषणाएं-दर-घोषणाएं की जा रही हैं तो दूसरी ओर देश को 2025 में जीडीपी रैंकिंग के अनुसार दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की चुनौती है। अर्थव्यवस्था का सीधा-सीधा गणित यह है कि एक तो करदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से कर के रुप में सीधे-सीधे आय सरकार को प्राप्त होती है तो दूसरी ओर सरकार अपनी विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए उधारी से काम चलाने वाली स्थिति होती है जिसे हम बजट प्रस्तावों में उधारी के रुप में देखते हैं। तीसरा प्रमुख स्रोत रेटपेयर्स होते हैं, देश का सेविंग पूल इन्हीं से बनता है।

रेटपेयर्स से सीधा-सीधा अर्थ सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में जो बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है उससे विकास या बेहतर सेवाओं के लिए राशि प्राप्त की जा सके। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन या इसी तरह की सेवाएं इसके दायरे में आती हैं। चुनावी वादों के चलते सरकार द्वारा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को कम-ज्यादा पर फ्रीबीज के दायरे में प्रमुखता से ला रही हैं। पेंशन योजनाएं और फ्री राशन, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं, सीनियर सिटीजन व अन्य को राहत या अन्य दूसरी इसी तरह के निर्णय रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी को सीमित करते हैं।

जहां तक आयकर का प्रश्न है तो आधार और पैनकार्ड के चलते अब आयकर के दायरे से कोई बच नहीं सकता। खासतौर से नौकरीपेशा या निश्चित पगार पाने वालों का तो आयकर सीधे-सीधे और बिना किसी छीजत के सरकार को प्राप्त हो जाता है। इसमें किसी तरह की चोरी की संभावना न के बराबर है। लगभग यही स्थिति जीएसटी के बाद देखने को मिल रही है और साल दर साल जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी भी हो रही है।

दरअसल, जब स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना की गई थी तो उसके साथ यह भी था एक समय आते-आते यह संस्थाएं अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए सरकार पर निर्भर ना रहकर आत्मनिर्भर हो जाएंगी और इन संस्थाओं को सरकार के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। पर एक ओर यह सपना ही बनकर रह गया दूसरी ओर राजनीतिक दलों ने फ्रीबीज का ऐसा चलन चलाया कि रेटपेयर्स की भूमिका कम से कम होती जा रही है।

रेटपेयर्स का प्रयोग सबसे पहले 1845 में माना जाता है। रेटपेयर्स की भूमिका को हम इससे अच्छी तरह समझ सकते हैं कि न्यूजीलैण्ड सहित अनेक देशों में तो रेटपेयर्स अपने हितों की रक्षा के लिए एसोसिएशन बनाकर आगे आ रहे हैं। हमारे देश में हालात इससे विपरीत है। हमारे यहां पिछले कुछ सालों में रेटपेयर्स की सहभागिता दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ के अनुसार संभवतः यही चिंता का कारण बन रहा है।

लोकतंत्र में समान अवसर और आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनुदानित योजनाओं का संचालन संवेदनशील और लोकहितकारी सरकार के लिए आवश्यक है। पर इसका मतलब यह नहीं होना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा जो राशि कर या अन्य रुप में प्राप्त की जाती है वह नहीं मिले और उसका भार भी ईमानदार कर दाताओं पर पड़े तो यह किसी भी हालत में सही नहीं है।

सरकार को सक्षम और कम सक्षम में अंतर करके चलना होगा। केन्द्रीय वित सचिव की मंशा कहीं ना कहीं यही होगी कि फ्रीबीज के कारण जो रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी दिन-प्रतिदिन कम हो रही है उसपर ध्यान देना आवश्यक है।

इसमें दो राय नहीं कि समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों को सहायता दी जाए पर यह नहीं होना चाहिए कि मुख्यधारा से वंचित के नाम पर आर्थिक दृष्टि से सक्षम लोगों या परिवारों को भी यह सुविधाएं दी जाए। इससे होता यह है कि जो आम करदाता है वह तो अपने आपको ठगा महसूस करता ही है, कहीं ना कहीं समाज में गैप भी बढ़ता है। आर्थिक विकास में जो जनभागीदारी होनी चाहिए वह भी बाधित होती है। ऐसे में फ्रीबीज की राजनीति के बीच रेटपेयर्स की भागदारी को भी बढ़ाना होगा जिससे अर्थव्यवस्था का मल्टिपल विकास संभव हो सके। आज के लाभार्थियों को भी अर्थव्यवस्था के व्यापक हित में समझना होगा।

प्रसंगवश

## आर्थिक स्ट्राइक भी एक कारगर रणनीति


**भारत ने पाकिस्तान पर फिलहाल आर्थिक स्ट्राइक की है। हर तरह के आयात-निर्यात पर पाबंदी लगा दी गई है। किसी और देश के जरिए भी पाकिस्तान का सामान नहीं आ सकेगा।**

पाकिस्तान से 2024-25 में मात्र 4 करोड़ रुपए का आयात किया गया, जबकि भारत का निर्यात 3764 करोड़ रुपए का था। कारोबार बंद करने से नुकसान भारत का ही होगा, लेकिन दुश्मन को चारों खाने चित करने की यह भी एक कारगर रणनीति है। पाकिस्तान में पंजीकृत या उसके झंडे वाले जहाज और नौकाएं भारतीय बंदरगाहों पर नहीं आ सकेंगी। उनके प्रवेश पर भी पाबंदी लगा दी गई है। सभी तरह की डाक सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी की जा रही है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, आसियान विकास बैंक में भी शिकायत दर्ज करेगा कि पाकिस्तान को दिए जा रहे कर्जों की गहन समीक्षा की जाए, क्योंकि गुरबत और गरीबी के नाम पर जारी किए जा रहे कर्जों का पैसा आतंकवाद पर खर्च किया जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को 7 अरब डॉलर का कर्ज देना तय किया था। जुलाई, 2024 से इस कर्ज की किस्तें शुरू हुई हैं। कुल 37 किस्तों में यह कर्ज दिया जाना है। मई, 2025 में ही आईएमएफ का बोर्ड 1.3 अरब डॉलर के कर्ज पर विमर्श करेगा। भारत इस आर्थिक स्रोत को भी खंडित कर पाकिस्तान की भुखमरी और बदहाली को इतना बढ़ा देना चाहता है कि पाकिस्तान बिलबिला उठे और आतंकियों को पालने-पोसने लायक ही न रहे। आसियान विकास बैंक ने भी पाकिस्तान को 43.4 अरब डॉलर का कर्ज देना तय किया था।

अभी तक कुल 53 कर्ज और 3 अनुदान दिए जा चुके हैं। कुल राशि 9.13 अरब डॉलर की है। खैबर पख्तूनवा की ग्रामीण सड़क विकास परियोजना के लिए 32 करोड़ डॉलर देने की बात कही गई है। इसी तरह जनवरी, 2025 में विश्व बैंक ने पाकिस्तान को 20 अरब डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की थी। पाकिस्तान कर्ज के पैसे पर जिंदा देश है। यदि भारत के आग्रह और साक्ष्यों के आधार पर पाकिस्तान को मिलने वाले ये कर्ज रद्द या कम अथवा स्थगित कर दिए जाते हैं, तो वहां की अवाम सड़कों पर उतर कर मुल्क की हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर सकती है। पाकिस्तान की 40 फीसदी से अधिक अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। वहां की औसत गरीबी-दर करीब 25.3 फीसदी और महंगाई दर करीब 13 फीसदी है। पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर 2 फीसदी से भी कम है। भारत की आर्थिक स्ट्राइक पाकिस्तान को और अधिक विपन्न कर सकती है। जरूरी वस्तुओं का अकाल पड़ सकता है। चीन और तुर्किये सरीखे देश पाकिस्तान की कितनी मदद कर सकते हैं? सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सरीखे इस्लामिक देशों ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का समर्थन किया है। चीन फिलहाल खामोश है। पाकिस्तान का वजूद संकट में घिरता लग रहा है। इन कर्जों के अलावा, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) का रास्ता भी भारत के लिए खुला है। पाकिस्तान 2012-15 और 2018-22 के दौरान फाट्फ की 'ग्रे लिस्ट' में रहा है। इससे विदेशी निवेश और कर्ज मिलना बेहद मुश्किल हो जाता है। लगभग असंभव स्थिति बन जाती है। यह संगठन आतंकवाद पर देशों की समीक्षा करता है। 'ग्रे लिस्ट' के बाद देश 'काली सूची' में आ जाएं, तो दुनिया के देश भीख भी नहीं देते। फाट्फ की बैठक 9 मई को है। उसके 40 में से 25 सदस्य भारत के समर्थन में हैं। फिर भी भारत को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकियों की फंडिंग के सबूत देने होंगे।




॥गीता॥



श्लोक : ¸ l ¸ •/
¿ U •/ ¸ U
´Œ U —
Ø•/ ø
U U ¿ L/ H

भावार्थ :

**हे माधव! सद् विद्या हो तो क्षुद्र पेट भरने की चिंता करने का कारण नहीं। तोता भी राम राम बोलने से खुराक पा ही लेता है।**

जीवन दर्शन

## अपने जीवन के आप खुद हैं सीईओ, स्वयं लीजिए सारे फैसले

हम सबकी दो कहानियां होती हैं। एक वह, जो हम सबको सुनाते हैं और दूसरी, जो सबसे छुपाते हैं। इसलिए हर किसी को या संसार को ज्यादा जानने की कोशिश करेंगे तो दुखी हो जाएंगे। हमें जीवन में कौन मिलेगा, यह समय तय करता है। हमारा दिल यह तय करता है कि हम किसको चाहते हैं।

हमारा व्यवहार निश्चित करता है कि हमारे जीवन में कौन स्थायी रूप से साथ देगा। इसलिए सबसे इस तरह मिलने का प्रयास कीजिए कि जिंदगी भर का साथ बन जाए। अपने जीवन के हम खुद सीईओ हैं। किसको साथ रखना है, किसे विशेष दर्जा देना है और किससे दूर जाना है - हर फैसला कीजिए अपने हिसाब से। सपनों की उड़ान बेशक बेहद ऊंची हो, लेकिन कदम हमेशा रहने चाहिए जमीन पर, ताकि लोगों के दिलों पर निशान छोड़ते जाएं। ज्यादा जरूरी यह है कि जिंदगी जरूरत के मुताबिक जीनी है, न कि ख्वाहिशों के मुताबिक। हमारे दिमाग का अधिकांश हिस्सा दूसरे लोगों के विचारों और कथनों से



भरा रहता है। इसलिए हमारा दिमाग लगातार वही दोहराता रहता है, जो दूसरे कहते हैं। कुछ लोग हमें असफल होता देखने की प्रतीक्षा में हैं और कुछ हमें मैदान छोड़कर भागते देखना चाहते हैं। ऐसे में सर्वोत्तम विकल्प है कि हम उनका इंतजार सदैव के लिए जारी रखें। इस बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि कौन क्या कहता है। वह करें जो विवेक कहता है, जो अच्छा और सच्चा है। किसी के द्वारा किए अनादर या अनदेखी का एकमात्र उत्तर है दूरी बना लेना। न कोई प्रतिक्रिया, न किसी बहस में समय नष्ट करना, केवल शांत हो जाना है। अपनी उपस्थिति वहां से हमेशा के लिए मिटा दीजिए। जो आपकी उपस्थिति में आपको नहीं समझ पा रहा वह आपके अनुपस्थित रहने में क्या ही याद करेगा?

कितनी भी उदासी हो, अगर हृदय आत्मविश्वास से भरपूर है तो पतझड़ों के बीच कुछ बसंत खिल ही जाते हैं। बस इतना करना है कि अगर किसी काम को अभी कर सकते हैं, तो कल के लिए मत छोड़िए। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है, सीखो और काम शुरू करो। बाधाओं को अवसर के रूप में देखें। जब भी समय मिले, अपने समय का ऑडिट करें और जाने कि हमारे समय को चुराने वाले कौन हैं? सीखिए सबसे, लेकिन दूसरों से अपनी तुलना कभी न करें। माफ कीजिए, भले ही वे इसके लायक न हों। हमारी नीयत से ईश्वर खुश होते हैं और दिखावे से इंसान। यह हम पर निर्भर करता है कि हम किसे प्रसन्न करना चाहते हैं।

निर्मल जैन

## संक्षिप्त खबरें

### आज से लगेगी खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी

**विसं, भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल 6 मई को गौहर महल में राज्य स्तरीय खादी उत्सव 2025 के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी ग्रामोद्योग उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विक्रय के लिये राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन एक मई से 15 मई 2025 तक किया जाएगा। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योग सामग्री का उत्पादन एवं विक्रय करने वाली सस्थाओं, इकाइयों एवं प्रदेश के स्व-सहायता समूहों द्वारा भाग लिया जा रहा है। प्रदर्शनी में सभी प्रकार के खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग सामग्री पर 20 प्रतिशत छूट का लाभ आमजन को प्रदान किया जाएगा।

### सीएम ने किए भगवान विष्णु बराह के दर्शन

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के मझौली में भगवान विष्णु वराह के दर्शन कर विष्णु वराह मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। जबलपुर से लगभग 45 किलोमीटर दूर मझौली स्थित विष्णु वराह मंदिर का निर्माण 11 वीं शती में किया गया था। कालांतर में ध्वस्त हुये कल्चुरीकालीन इस मंदिर का 18 वीं शती में पुनर्निर्माण कराया गया। बताया जाता है कि इस मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु वराह की प्रतिमा विश्व की सबसे बढ़ी और एकमात्र ऐसी प्रतिमा है जिसकी पूजा होती है।

### फिर कराएं नीट, कई जगह गुल रही बिजली: पटवारी



**विसं भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से नीट की प्रवेश परीक्षा फिर से कराने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया के जरिए पटवारी ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि प्रदेश में इंदौर सहित दूसरे शहरों में स्थित परीक्षा केन्द्रों में विद्युत अवरोध की वजह से परीक्षार्थियों की परीक्षाएं प्रभावित हुई है। उन्होंने जानकारी देते लिखा कि 4 मई को इंदौर में आयोजित नीट परीक्षा के दौरान भारी वर्षा और विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण परीक्षार्थियों को अत्यंत कष्ट का सामना करना पड़ा। यहां एक केंद्र पर तो 600 परीक्षार्थियों को मोमबत्ती के सहारे पेपर देना पड़ा। जो हजारों छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है।उन्होंने आग्रह किया कि जिन केंद्रों पर परीक्षा में व्यवधान आया, वहां पुनः परीक्षा आयोजित की जाए। इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षार्थियों के साथ न्याय हो सके।

### प्रीतम के बदले बिजराज ने दी परीक्षा, तीन बार बदला आधार

**जागरण, इंदौर।** लिखित परीक्षा में दोस्त को बैठाकर पुलिस रेडियो में नौकरी पाने वाले एक कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायत के आधार पर की गई जांच में पाया गया है कि नौकरी करने वाले प्रीतम सिंह ने लिखित परीक्षा में अपने दोस्त बिजराज को बैठाया था, जबकि फिजिकल टेस्ट में खुद शामिल होकर उसने नौकरी हासिल की थी। इस धोखाधड़ी के लिए प्रीतम ने अपने आधार कार्ड में परीक्षा के दौरान ही तीन बार अपग्रेडेशन करा डाला। यह मामला दो साल पुराना है। विभाग ने जीडी व पुलिस रेडियो के लिए 2023 में परीक्षा आयोजित की थी। इसमें प्रीतम सिंह आत्मज धारू सिंह निवासी ग्राम तुकड़ावद राधोगढ़ भी चयनित हुआ था। चयन के बाद फर्स्ट बटालियन की ओर से इंस्पेक्टर मनोज ने शिकायत की थी कि आरोपी ने जीडी की एग्जाम में अपने जगह पर किसी अन्य व्यक्ति को बैठाकर एग्जाम पास की। इंस्पेक्टर मनोज ने जांच के बाद सदर बाजार पुलिस को एक आवेदन दिया। मामले में शिकायत होने पर तीन सदस्यीय समिति गठित हुई थी। जिन्होंने पूर्व में डॉक्यूमेंट को लेकर जांच की।

# प्रदेश के दूध उत्पादकों को दूसरे राज्यों में बाजार उपलब्ध कराया जाए: सीएम

## समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश, निजी डेयरी संचालकों को भी मिलेगी कंसल्टेंसी



विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के दूध उत्पादकों के लिए दूसरे राज्यों में बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाए। सहकारी संघों के साथ-साथ निजी डेयरी संचालकों को भी विशेषज्ञों से परामर्श दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना है। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने निवास स्थित समत्व भवन में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गौशालाएं विकसित की जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें। विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को गौशालाओं से जोड़कर उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से गौशालाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में बताया गया कि अनुबंध के परिपालन में प्रदेश के दुग्ध संघों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का प्रभार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा नामित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा जा चुका है। निर्देशानुसार प्रदेश की दुग्ध सहकारी समितियों के कव्हरेज क्षेत्र के विस्तार, दुग्ध संकलन, दुग्ध प्रसंस्करण और दुग्ध उत्पादों के लिए अद्यतन तकनीक पर आधारित अधोसंरचना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अगले पांच साल में प्रदेश के कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदने की दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है।

### प्रदेशभर में मिल्क पार्लर की होगी स्थापना

मध्यप्रदेश डेयरी विकास योजना के अंतर्गत डेयरी सहकारी कव्हरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के साथ ही दूध और दूध के उत्पादों के विपणन में सुधार के लिए कोल्ड चैन इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिल्क पार्लर स्थापना, ब्रांड प्रमोशन, मार्केट स्टडी प्रस्तावित है। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य के संबंध में विशेषज्ञतापूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही राज्य शासन की किसान कल्याण योजनाओं की डेयरी सहकारी संस्थाओं के समन्वय से क्रियान्वयन के लिए भी पहल होगी। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन के अलावा दूसरे अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कम किराए पर टैक्सी सेवा भी देगा सहकारिता विभाग

## वाहन मालिकों को मिलेगा पूरा किराया, टैक्स व पोर्टल शुल्क ही लिया जाएगा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य का सहकारिता विभाग अब कम किराए पर टैक्सी भी उपलब्ध कराएगा। नगरीय निकाय क्षेत्रों में यह टैक्सियां उबर और ओला की तरह स्थानीय लोगों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का काम करेंगी। इन सेवाओं में लगने वाले वाहन मालिकों से टैक्स के अलावा पोर्टल शुल्क ही लिया जाएगा। सूबे की सरकार केन्द्र सरकार की एक और योजना को लागू करने की दिशा में काम कर रही है।

संसद के बीते सत्र में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकार टैक्सी सेवा चलाए जाने की बात कही थी। इसे मध्यप्रदेश में सबसे पहले प्रारम्भ करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार ने केन्द्र से विस्तृत कार्ययोजना की मांग की है, जिसके आधार पर मध्यप्रदेश के चिन्हित शहरों के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिसमें कैब संचालन के लिए चिन्हित मार्गों की मैपिंग, किराए की दरें और संचालन के नियम शामिल किए जाएंगे। बताया गया है कि इस योजना में चार पहिया के अलावा दो पहिया और रिक्शा जैसी सेवाएं भी शामिल की जाएंगी। कोशिश होगी कि सभी इलेक्ट्रिक वाहन चलाए जाएं। इस योजना पर पूरा नियंत्रण सरकार के पास रहेगा, तो कैब चलाने वाले वाहन मालिकों को हर राइड (ट्रिप) का पूरा किराया मिलेगा। उनसे टैक्स व पोर्टल शुल्क ही लिया जाएगा। गौरतलब है कि वर्तमान में निजी कैब कंपनियां 20 से 40 प्रतिशत की राशि कमीशन के तौर पर वाहन मालिक से वसूल करती हैं। जिससे कई वाहन मालिकों ने अपनी सेवाएं बंद कर दी हैं। जानकारों की मानें तो इस योजना को धरातल पर लाने के लिए कम से कम 6 माह का वक्त लग सकता है। लेकिन विभाग इसे जल्द से जल्द प्रारम्भ करने की कोशिश में लगा है। विभागीय मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को तेज गति से काम करने को कहा है। उन्होंने कुछ अधिकारियों को इस काम में पूरी तरह से लगा दिया है। सारंग का कहना है कि केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने मल्टी यूटिलिटी पैक्स की अवधारणा को स्थापित करने के लिए जो मार्गदर्शन दिया है, उसे प्रदेश सरकार जल्द पूरा करने की दिशा में काम करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल आम नागरिकों को सुविधाएं मुहैया होंगी, बल्कि सहकारिता के क्षेत्र का विस्तार होगा, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# 61 आवेदन में से सिर्फ 4 कॉलेजों को एनओसी जारी कर सका उच्च शिक्षा विभाग



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग आगामी सत्र 2025-26 के लिए नए निजी कॉलेज, नए संकाय व विषय शुरू करने के साथ ही पहले से संचालित कोर्सों की निरंतरता के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में लचर साबित हो रहा है। विभाग को राज्य से 61 और भोपाल से पांच आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी तरह 78 कालेजों ने नये विषयों को लेकर आवेदन किए थे। उनके निराकरण भी नहीं हो सके हैं। जबकि विभाग 15 मई से स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्स में प्रवेश देने के लिए तैयारी तेजी से चल रही हैं। विभाग नये कालेजों की एनओसी दिसंबर में जारी कर देनी थी, जो अभी तक नहीं हो सकी है। समूचे राज्य के सिर्फ चार कालेजों को ही एनओसी मिली है, जबकि 61 सोसायटी ने कालेज स्थापित करने विभाग में आवेदन किए थे। उनकी मैदानी हालात देखने के लिए विभाग ने परीक्षण भी करा लिया है, लेकिन अभी तक एनओसी जारी नहीं कर सका। इससे नए कालेज संबंधित विश्वविद्यालयों में संबद्धता के लिए आवेदन भी नहीं कर पा रहे हैं। समय रहते एनओसी और संबद्धता नहीं मिली, तो वे विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग में भागीदारी कैसे कर पाएंगे।

**भोपाल में सामने आयीं थी पांच सोसायटी:** भोपाल में कालेज संचालित करने पांच सोसायटी सामने आयीं थीं। वर्तमान में पारंपरिक कोर्स के बाद विधि कालेजों का क्रेज बढ़ रहा है। इसलिये भोपाल के दो सहित राज्य में 16 सोसायटी ने विधि कालेज खोलने के आवेदन किए थे। उन्हें सत्र 2025-26 में प्रवेश कराने के लिए बीयू और संबंधित विश्वविद्यालयों से संबद्धता लेना जरूरी है, लेकिन विभाग उन्हें एनओसी ही नहीं दे पाया है। इससे वे बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) से मान्यता भी नहीं ले सके हैं। उन्हें संबद्धता मिलने के बाद ही बीसीआई से मान्यता मिलेगी।

**एसीएस और आयुक्त ने कराए हैं कालेजों के निरीक्षण:** उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी कलेक्टर को आदेश देते हुए निजी कालेजों का सत्यापन और भौतिक निरीक्षण कराने के आदेश दिए थे। दूसरी तरफ आयुक्त निशांत बरबड़े ने लीड कालेज के प्राचार्यों से निजी कालेजों का निरीक्षण कराया है। एसीएस राजन और आयुक्त बरबड़े के समक्ष प्रस्तुत जांच रिपोर्ट ने कालेजों की असलियत सामने लाकर रख दी है। जो कालेज अस्तत्वि में नहीं हैं और जिन कालेजों के पास यूजीसी के मापदंड और विवि अधिनियम के तहत कोड 28 के तहत फैकल्टी मौजूद नहीं हैं वे काउंसलिंग में भागीदारी नहीं कर पाएंगे। विभाग ने सभी निजी कालेजों को पांच मई तक अपनी प्रोफाइल आनलाइन जमा करने के लिए कहा है। अभी तक ज्यादातर कालेजों की प्रोफाइल विभाग तक नहीं पहुंच सकी हैं। विभाग को प्रोफाइल जमा करने के लिए अंतिम तिथि में बढ़ोतरी करना होगी। ऐसा नहीं करने की दशा में कई निजी कालेज प्रोफाइल अपडेट करने से वंचित रह जाएंगे और वे काउंसलिंग में शामिल नहीं हो सकेंगे।

**कालेजों की अवेदन की स्थिति**

| कालेज | प्रदेश | भोपाल |
| --- | --- | --- |
| नये कालेज | 61 | 05 |
| विधि कालेज | 16 | 02 |
| निरंतरता | 666 | 131 |
| अतिरिक्त विषय | 07 | 00 |
| नवीन विषय | 78 | 12 |

### रेस्टोरेंट में मंत्री की मौजूदगी में कार्रवाई पर सवाल

# उमंग सिंघार ने सरकार से पूछा-क्या यही है जनसेवा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार के मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल पर हमला बोला है। उन्होंने ग्वालियर घटनाक्रम को सामने रखते हुए सवाल किया कि क्या यही है जनसेवा। उल्लेखनीय है कि रविवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान एक रेस्टोरेंट में मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की मौजूदगी में हुए विवाद के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा खाने के सैम्पल लेने पर सिंघार ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा कि प्रदेश का किसान खाद के लिए घंटों लाइन पर खड़ा रहता है पर सरकार को फर्क नहीं पड़ता, लेकिन मंत्रीजी को होटल में टेबल नहीं मिली तो पूरा प्रशासन दौड़ पड़ा। होटल संचालक से मारपीट की गई। फूड सेफ्टी अफसर तक बुला लिए गए। क्या यही है जनसेवा? भाजपा के मंत्री सत्ता के नशे में इतने चूर हैं कि उन्हें जनता की समस्याएं नजर ही नहीं आती।



**रुटीन सैम्पलिंग कराई गई:** इस संबंध में मंत्री पटेल का कहना है कि ग्वालियर प्रवास के दौरान उनके द्वारा जगह-जगह निरीक्षण किया जा रहा था। अस्पताल से लेकर अन्य स्थानों पर औचक जांच करवा रहा था। रुटीन सैम्पलिंग की कार्रवाई के लिए वहां पहुंचा था। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट कर्मचारियों द्वारा जो भी कहा जा रहा है, वो बेबुनियाद है।

# विवि की परीक्षा में पूछा- कहां है रानी दुर्गावती का मकबरा, मचा बवाल

**जागरण, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष के फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा के एक सवाल से बवाल मच गया। दरअसल तीन मई को बीएससी द्वितीय वर्ष के फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा में रानी दुर्गावती के समाधि स्थल को मकबरा बता दिया गया। प्रश्नपत्र में पूछा गया कि रानी दुर्गावती का मकबरा कहां पर है? परीक्षा में इस तरह का सवाल पूछे जाने से बवाल मच गया है। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि अगर जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई और उन्होंने माफी नहीं मांगी तो प्रदर्शन किया जाएगा। हैरत की बात यह है कि हिंदी ही नहीं अंग्रेजी शब्द में भी गलती हुई है। परीक्षा विभाग इसे गलती मानते हुए पेपर बनाने वाले से लेकर विषय के अध्ययन मंडल तक से जवाब मांगने की बात कही है।

### परीक्षा के 42वें नंबर के प्रश्न को लेकर बवाल

बीएससी द्वितीय वर्ष के फाउंडेशन कोर्स के पेपर में रानी दुर्गावती को लेकर प्रश्न नंबर 42 को लेकर हंगामा मचा हुआ है। इसमें लिखा था- रानी दुर्गावती का मकबरा कहां बना है? जवाब में छात्रों को चार विकल्प दिए गए थे। (अ) बरेला (ब) बम्हानी, (स) चारगुंवा और (द) डंडई (जबलपुर)। प्रश्न में समाधि स्थल की जगह मकबरा लिखा होने से छात्र भ्रमित हो गए।

**वीरता का अपमान :** विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षा में ऐसा प्रश्न पूछे जाने से विद्यार्थी सामाजिक संगठन और इतिहास प्रेमी नाराज हैं, उनका कहना है कि वीरता और बलिदान की प्रतीक रानी दुर्गावती को मकबरे से जोड़ना न केवल ऐतिहासिक अज्ञानता को दर्शाता है, बल्कि यह मातृ शक्ति और जन आस्था का भी अपमान है।

**यह बहुत बड़ी लापरवाही-विवि :** विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर रश्मि टंडन ने कहा- रानी दुर्गावती से जुड़े प्रश्न में 'मकबरा' शब्द का उपयोग करना बहुत ही गलत है। हम सभी को पता है कि रानी दुर्गावती का समाधि स्थल है, न कि मकबरा।

# डीएमई के समर्थन में 18 डीन, विरोध करने वाले भी बंटे

## डॉ. अरुणा कुमार मामला : गायनिक, एनेस्थीसिया, मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों ने आंदोलन से खुद को दूर किया

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** डॉ. अरुणा कुमार को संचालक चिकित्सा शिक्षा बनाए जाने का जहां एक तरफ विरोध हो रहा है। वहीं दूसरी ओर उनके समर्थन में भी पत्र लिखे जा रहे हैं। प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अधिष्ठाताओं के संगठन मेडिकल टीचर्स डीन एसोसिएशन ने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखकर डॉ. अरुणा का समर्थन किया है। पत्र में सभी डीन की तरफ से लिखा गया है कि कुछ लोग अपने व्यक्तिगत द्वेष के चलते डॉ. अरुणा का विरोध कर रहे हैं। उन्हें डीएमई पद से हटाने के लिए आंदोलन शुरू किया गया है। जो कि नैतिक रूप से गलत है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी शासन पर यह दबाव बना रहे हैं कि कौन एचओडी बनेगा, कौन अधीक्षक बनेगा और कौन डीन बनेगा। इसी तरह जूनियर डॉक्टर भी पीएमटीए के बहकावे में आकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस स्थिति में डीन एसोसिएशन शासन के निर्णय की प्रशंसा करता है।



### कई विभागों के डॉक्टर मौन

डॉ. अरुणा को शासन ने जब से डीएमई के पद पर नियुक्त किया है, तब से ही गांधी मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों का आंदोलन शुरू हो गया है। इस आंदोलन में एमटीए के साथ जूडा भी है। लेकिन सोमवार को स्थिति बदली बदली सी नजर आई। जीएमसी के एडमिन ब्लॉक के सामने हुए प्रदर्शन में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। लेकिन कई विभाग के चिकित्सकों ने यहां शिरकत नहीं की। सूत्रों के अनुसार जीएमसी का गायनिक, एनेस्थीसिया, मेडिसिनि और अन्य विभागों के चिकित्सकों ने इस आंदोलन से खुद को दूर किया हुआ है। डॉ. अरुणा का विरोध न करने वाले चिकित्सकों का तर्क है कि वह किसी व्यक्तिगत द्वेष में आकर आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेंगे।




**इधर, जूडा ने काली पट्टी बांधकर किया काम:** प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सोमवार को जूनियर डॉक्टर व मेडिकल शिक्षकों ने फिर प्रदर्शन किया। विरोध की वजह डॉ. अरुणा कुमार को डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) के पद पर नियुक्त किया जाना है। मेडिकल टीचर्स एसो. (एमटीए) और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) ने इस फैसले को दबाव का नतीजा बताया है। भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, नीमच, मंदसौर, रतलाम और विदिशा समेत सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों ने सोमवार को दोपहर 1 बजे से 1:30 बजे तक सांकेतिक प्रदर्शन किया। वे मरीजों का इलाज काली पट्टी बांधकर करते दिखे। इस दौरान मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन भी डीन के माध्यम से सौंपा गया। पीएमटीए की वीडियो कांफ्रेंसिंग में तय किया गया कि अगर सरकार ने सोमवार तक डॉ. अरुणा कुमार को डीएमई बनाने का आदेश वापस नहीं लिया, तो उग्र आंदोलन होगा। एमटीए भोपाल के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय का कहना है कि प्रदेश के सभी 18 सरकारी और स्वशासी मेडिकल कॉलेजों से एमटीए के पदाधिकारी राजधानी के लिए कूच करेंगे। यहां एक मंच पर एकत्र होकर धरना देंगे।

**योजना** | जिला विकास समितियों के माध्यम से मंत्रियों को करना होगा काम

# प्रभारी मंत्रियों को विकास का लक्ष्य देगी सरकार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार जल्द ही अपने प्रभारी मंत्रियों को जिलों के विकास का लक्ष्य देगी। ये मंत्री जिला विकास समितियों के जरिए वहां के विकास का रोडमैप तैयार कर उसे जल्द पूरा कराने का काम करेंगे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तय मापदण्ड के अनुरूप विकास कार्यों को पूरा कराने की जवाबदेही भी इन्हीं प्रभारी मंत्रियों की रहेगी। प्रदेश सरकार अपने मंत्रियों को और ताकतवर बनाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल्द ही प्रभारी मंत्रियों को उनके प्रभार के जिलों के विकास को पूरा कराने का लक्ष्य सौंप सकते हैं।

गौरतलब है कि सीएम ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि शहर के विकास के लिए जिला विकास समितियों का गठन किया जाए। इन समितियों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे, जबकि प्रभारी मंत्री जिलों में बतौर उपाध्यक्ष इन समितियों का नेतृत्व करेंगे। समितियों में डॉक्टर, इंजीनियर, सिटी प्लानर, प्रोफेसर, लेक्चरर और शिक्षक जैसे प्रोफेशनल्स शामिल रहेंगे, जिनके द्वारा सामूहिक तौर पर शहरों के विकास का खाका तैयार किया जाएगा। इन समितियों के गठन के प्रावधान को मौजूदा बजट में भी शामिल किया गया है। हालांकि जिलों में पहले से ही जिला योजना समिति अपना काम करती है और प्रभारी मंत्री उसके अध्यक्ष हैं। लेकिन विकास समितियों का काम बिल्कुल अलग होगा। जिला योजना समितियों में जहां निर्वाचित सदस्य व एक दो विशेषज्ञ ही शामिल होते हैं, लेकिन यह समितियां नगरों के विशिष्टजनों को जोड़कर उनके हिसाब से विकास का रोडमैप बनाया जाएगा। इसी तरह नगर पालिकाओं और नगर परिषद में भी इसी तरह के प्रयास किए जाएंगे। गांवों के विकास के लिए भी सरकार ने अलग से रणनीति तैयार की है, जिसमें किसानों और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम किए जा रहे हैं, तो गांवों से पलायन रोकने की दिशा में भी रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं।




### उद्योगों से लेकर सरकारी योजनाओं पर नजर

जानकारों की मानें तो प्रभारी मंत्रियों को अपने प्रवास के दौरान इस पर भी ध्यान देना होगा कि पिछले दिनों हुई रीजनल कॉन्क्लेव और भोपाल की जीआईएस में उनके क्षेत्रों के लिए उद्योग स्थापित करने जो प्रस्ताव आए हैं, उनकी वस्तुस्थिति क्या है। मंत्री जिले की बैठक से पहले कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में आए प्रस्तावों की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। जिन कंपनियों द्वारा प्रस्ताव के उपरांत सक्रियता नहीं दिखाई गई है, उनके पास स्वयं प्रशासनिक अधिकारी जाकर निवेश प्रस्ताव में आ रही अड़चनों को दूर कराने में मदद करेंगे, जिससे समय पर उद्योग स्थापित हो सके।

# प्रदेश कांग्रेस में अब कोई नहीं होगा मुख्य प्रवक्ता

## कुणाल व तीन विधायकों को पद से हटाया, सूची में पिता और पुत्री के नाम भी शामिल

**वशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस में अब कोई मुख्य प्रवक्ता नहीं होगा। भारी भरकम टीम में कई ऐसे कार्यकर्त्ता को फिर से प्रवक्ता बना दिया गया है, जिनके पास संगठन के ही दूसरे दायित्व है। इतना ही नहीं सूची में पिता और पुत्री के नाम भी शामिल है। पूर्व विधायक कुणाल चौधरी को प्रवक्ता टीम से बाहर कर दिया गया है,जबकि भूपेन्द्र गुप्ता सहित दूसरे मुख्य प्रवक्ता अब सिर्फ बतौर प्रवक्ता टीम का हिस्सा रहेंगे। प्रदेश संगठन में लगातार बदलाव के बीच कांग्रेस ने एक साल पहले लिए गए अपने ही निर्णय को बदल दिया है। पिछले वर्ष प्रदेश कांग्रेस ने 9 मुख्य प्रवक्ताओं की नियुक्ति की थी। अब मुख्य प्रवक्ता का पद ही खत्म कर दिया है। पूर्व विधायक कुणाल चौधरी समेत 9 प्रवक्ताओं को हटा दिया गया है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने नए सिरे से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ताओं की सूची जारी कर दी। जिसमें 53 प्रवक्ताओं के नाम है। इनमें मुख्य प्रवक्ता रहे पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, डॉ.अशोक मर्सकोले, बैजनाथ कुशवाह, विपिन वानखेड़े को हटाया गया है। इनके अलावा राजकुमार केलू उपाध्याय, रीना बौरासी, अवनी बंसल, अमित शर्मा को भी प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। लेकिन सूची में महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान का नाम भी शामिल है।

### ये थे मुख्य प्रवक्ता

भूपेन्द्र गुप्ता, मृणाल पंत, शैलेन्द्र पटेल, कुणाल चौधरी, विपिन वानखड़े, विनय सक्सेना, निशा बांगरे, रोशनी यादव, अब्बास हफीज को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया था। इनमें से अब भूपेन्द्र गुप्ता,मृणाल पंत,अब्बास हफीज,रोशनी यादव और पूर्व विधायक विनय सक्सेना को प्रवक्ता के रुप में जिम्मेदारी दी गई है। राज्य प्रशासनिक सेवा की नौकरी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुई निशा बांगरे को प्रवक्ताओं की सूची से बाहर कर दिया गया है।

### कुछ पुराने तो कुछ नए चेहरे

सूची में कुछ पुराने चेहरे हैं, तो कई कार्यकर्ताओं को पहली बार मौका मिला है। रवि सक्सेना, रवि वर्मा, अजीत भदौरिया, अपराजिता पांडे, अभिनव, अमित चौरसिया, अमित तावड़े, अंबिका शर्मा, अवनीश, आनंद जाट, आनंद जैन कासलीवाल, आरपी सिंह, कुंदन पंजाबी, गुंजन शुक्ला, जितेन्द्र मिश्रा, ज्योति पटेल, धर्मेन्द्र शर्मा, नीलाभ शुक्ला, प्रतिभा विक्टर, प्रमोद द्विवेदी, प्रवीण धौलपुरे, प्रियंका शर्मा, फिरोज सिद्दीकी, मिथुन अहिरवार, मुकेश पंथी, योगेश यादव, राजेश चौकसे, राम पांडे, राहुल राज, रितेश त्रिपाठी, विक्रम चौधरी, विनोद शर्मा, विवेक शहरयार खान, शैलेन्द्र पटेल, संगीता शर्मा, संतोष सिंह गौतम, संतोष सिंह परिहार, संदीप सबलोक, समर सिंह, साबिर फिटवाल, सीताशरण सूर्यवंशी आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप के झटकों से हिला पाक, बाहर भागे लोग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सोमवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मॉलॉजी ने बताया कि भूकंप शाम को 4.05 बजे आया है। भूकंप के झटकों के डर से लोग घर छोड़कर बाहर आ गए। एनसीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई पर था, जिसका अक्षांश 36.60 उत्तर तथा देशान्तर 72.89 पूर्व था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मॉलॉजी ने ये भी बताया कि पाकिस्तान के साथ सोमवार को अफगानिस्तान में भी 4.2 तीव्रता का भूकंप आया है। एनसीएस के अनुसार, अफगानिस्तान में भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। इसके बाद भूकंप के झटकों की आशंका बनी हुई है।

### मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी

**लखनऊ।** उप्र के अमरोहा के रहने वाले भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी मिली है। मेल के जरिए मिली धमकी के बाद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा पुलिस को घटना के संबंध में जानकारी दी है। एसपी के आदेश पर अमरोहा साइबर सेल में घटना की एफआईआर दर्ज की गई है। शमी इस समय आईपीएल में खेल रहे हैं और वह सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का हिस्सा हैं। शमी के भाई हसीब ने एसपी को बताया कि शमी के मेल पर रविवार को राजपूत सिंधर नाम की मेल आईडी से एक मेल आया। इसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। मेल में लिखा गया, 'तुझे हम जान से मार देंगे। सरकार हमारा कुछ नहीं कर पाएगी।' वहीं एसपी ने घटना के सबंध में बताया की उक्त प्रकरण में शमी के भाई हसीब ने तहरीर दी है।

### संभल मस्जिद मामले में एएसआई की रिपोर्ट पेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद के मामले में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में एएसआई ने जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया। मस्जिद कमेटी इस पर रिजॉइंडर एफिडेविट दाखिल करेगी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद अगली सुनवाई की तारीख 13 मई तय कर दी। 28 अप्रैल को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को 48 घंटे में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। दरअसल, संभल जामा मस्जिद के सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ एएसआई ने पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की थी। दीवानी अदालत संभल ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था। इसके खिलाफ मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए सर्वेक्षण पर रोक लगा दी है। साथ ही सभी विपक्षियों से जवाब मांगा था।

### वक्फ संशोधन कानून पर अब 15 को सुनवाई

**दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई टल गई है। अगली सुनवाई 15 मई को होगी। इससे पहले 17 अप्रैल को कोर्ट ने केंद्र को जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया था। साथ ही अगली सुनवाई तक वक्फ बोर्ड में नई नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी।सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र का जवाब आने तक वक्फ घोषित संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा था। केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ।

### बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर...



**जम्मू, जेएनएन।** अमरनाथ यात्रा के शुरू होने में अभी दो महीने बाकी हैं, लेकिन इससे पहले अमरनाथ के शिवलिंग की पहली तस्वीर सामने आई है। पंजाब के भक्त कुछ दिन पहले गुफा के दर्शन के लिए गए थे। हालांकि, आधिकारिक तौर पर श्राइन बोर्ड के अधिकारी या सुरक्षाकर्मी गुफा नहीं पहुंच सके हैं। यात्रा के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। रास्ते पर बर्फ को काट कर ट्रैक को यात्रियों के चलने लायक बनाने का काम दोनों रास्तों बालटाल, चंदनवाड़ी से काम शुरू किया गया है। रस्ते पर भारी बर्फबारी के चलते काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### सीएम ममता पहुंची हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद, बोलीं-शांति लौट आई

# मुर्शिदाबाद हिंसा के 25 वें दिन मुआवजे का ऐलान

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हिंसा के 25वें दिन मुर्शिदाबाद पहुंची। उन्होंने कहा कि यहां अब हालात पूरी तरह सामान्य हो चुके हैं। सीएम ने हिंसा प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का ऐलान किया। सीएम ममता ने बताया कि उन्हें राज्यपाल सीवी आनंद बोस की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई रिपोर्ट की कोई जानकारी नहीं है। ममता ने कहा, मुझे राज्यपाल की रिपोर्ट की कोई जानकारी नहीं है। राज्यपाल की तबीयत ठीक नहीं है, हम ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

उधर, पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने रविवार को मुर्शिदाबाद दंगे पर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी। इसमें कट्टरपंथ और उग्रवाद को पश्चिम बंगाल के लिए बड़ा खतरा बताया गया। गवर्नर ने कहा कि बंगाल को दोहरा खतरा है, जो खास तौर पर बांग्लादेश से सटे मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में ज्यादा है, क्योंकि यहां हिंदू आबादी अल्पसंख्यक हैं। उन्होंने नॉर्थ दिनाजपुर को भी संवेदनशील जिला बताया। पश्चिम बंगाल के गवर्नर बोस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी है। इसमें कुछ सुझाव दिए हैं। जिनमें बांग्लादेश से सटे सीमावर्ती जिलों में सेंट्रल फोर्सेस की चौकियां बनाई जाएं। हिंसा की जांच के लिए एक आयोग गठित हो। केंद्र सरकार 'संवैधानिक विकल्पों' पर विचार करे, ताकि राज्य में कानून व्यवस्था बनी रहे। हालात बिगड़ने पर आर्टिकल 356 (राष्ट्रपति शासन) को विकल्प बताया। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि अभी इसकी जरूरत नहीं है। बंगाल गवर्नर ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद हिंसा पहले से ही प्लान की गई थी। राज्य सरकार को पहले से खतरे का अंदेशा था क्योंकि 8 अप्रैल को वक्फ (अमेंडमेंट) एक्ट जारी होने के तुरंत बाद हिंसा भड़क गई।



#### ममता बोलीं- हिंसा पहले से प्लांड थी

ममता ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद हिंसा पूरी तरह से प्लांड थी और इसके पीछे साजिश है। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग दंगे भड़काते हैं, उन्हें बंगाल कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। मतता ने बीएसएफ पर भी सवाल उठाते हुए कहा, अगर फायरिंग नहीं होती, तो अगले दिन हिंसा नहीं भड़कती। ममता ने बताया कि वह आज ही बहरमपुर में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगी। कल धुलियन जाएंगी। यहां हिंसा से प्रभावित लोगों को मुआवजा देंगी, जिनके घर और दुकानें जला दी गई थीं।

### शो के होस्ट और ऐप के मालिक को समन, कल आईटी मंत्रालय की बड़ी बैठक

# हाउस अरेस्ट विवाद पर एफआईआर एजाज, उल्लू ऐप के मालिक तलब

**मुंबई, जेएनएन।** उल्लू ऐप के हाउस अरेस्ट विवाद में सोमवार को मुंबई की अंबोली पुलिस ने शो के होस्ट एजाज खान और उल्लू ऐप के मालिक विभु अग्रवाल को समन भेजा है। पुलिस ने दोनों को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और बयान दर्ज कराने को कहा है। इस शो पर अश्लील सामग्री प्रसारित करने का आरोप है, जिसके बाद अंबोली पुलिस ने एक वीएचपी कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने मामले में उल्लू ऐप के मैनेजर का बयान दर्ज किया है।

अभिनेता एजाज खान के खिलाफ रविवार को एक महिला द्वारा फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश दिलाने के बहाने रेप का आरोप लगाने के बाद मामला दर्ज किया गया था। अभिनेता के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, क्योंकि वह पहले से ही वेब शो हाउस अरेस्ट को लेकर विवादों में घिरे हैं, जिसके कारण कथित तौर पर अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए एफआईआर हुई थी। एक महिला अभिनेता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है।

#### शो के होस्ट एजाज खान पर लगा ये आरोप



एजाज ने अभिनेत्री से हाउस अरेस्ट शो की मेजबानी करने के लिए संपर्क किया था। शूटिंग के दौरान एजाज ने उन्हें प्रपोज किया और धर्म परिवर्तन के बाद शादी का वादा किया। पीड़िता ने दावा किया है कि उसके मना करने के बावजूद एजाज ने यौन शोषण किया है। एजाज पहले से शादीशुदा हैं। हाल ही में पत्नी जेल की हवा खाने के बाद लौटी हैं। 6 महीने वो जेल में ही थीं।

#### समय रैना समेत पांच को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना, विपुल गोयल और तीन अन्य के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि इन लोगों ने दिव्यांग व्यक्तियों का मज़ाक उड़ाते हुए असंवेदनशील चुटकुले सुनाए। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने मुंबई पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह इन सभी को नोटिस तामिल कर सुनिश्चित करें कि वे अगली सुनवाई पर अदालत में उपस्थित हों। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि वे नहीं आते तो उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

#### ओटीटी ऐप्स पर बढ़ती अश्लीलता को लेकर बैठक, आयोग ने भेजा समन

**नई दिल्ली।** आईटी मंत्रालय ने 7 मई को उल्लू आदि ओटीटी ऐप्स पर बढ़ती अश्लीलता को लेकर बैठक बुलाई है। बैठक 11 बजे शुरू होगी। खबर है कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने उल्लू ऐप को अश्लील सामग्री दिखाने के मामले में समन भेजा है। उल्लू ऐप के सीईओ विभु अग्रवाल और संचालक एजाज खान को रियलिटी शो हाउस अरेस्ट को लेकर महिला आयोग ने 9 मई को पेश होने का आदेश दिया है। केंद्र सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए सख्त कानून लाने की तैयारी कर चुका है। बुधवार को बैठक में कड़े निर्णय लिए जाने की संभावना है। ठाणे के शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने संसद में अश्लील और हिंसक सामग्री प्रसारित करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के संबंध में नियम 377 के तहत आवाज उठाई थी। उन्होंने सूचना एवं प्रसारणमंत्री अश्विनी वैष्णव को इस संबंध में ज्ञापन दिया था। वैष्णव ने सांसद म्हस्के को पत्र लिखकर कानून बनाने के संदर्भ में जानकारी दी थी।

# '4पीएम' को ब्लॉक करने पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूब चैनल '4पीएम' को ब्लॉक करने के आदेश को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र व अन्य से जवाब मांगा। पहलगाम अटैक के बाद भारत ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए, आतंकी हमले की कवरेज पर बीबीसी को पत्र लिखा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष यूट्यूबर संजय शर्मा ने दायर याचिका में चैनल को ब्लॉक करने के कारणों और रिकॉर्ड के साथ ब्लॉकिंग आदेश पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका में केंद्र से कारण और रिकॉर्ड के साथ अवरोध आदेश प्रस्तुत करने को कहने के बाद अवरोध आदेश को रद्द करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, अवरोध आदेश पारित करने से पहले याचिकाकर्ता को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया।

सिब्बल ने कहा, पूरा चैनल बिना किसी कारण के अवरुद्ध कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मेरे पास एकमात्र सूचना मध्यस्थ से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया यह असंवैधानिक है। पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई अगले सप्ताह की जाएगी। याचिका में सूचना प्रौद्योगिकी (जनता द्वारा सूचना तक पहुंच को अवरुद्ध करने की प्रक्रिया और सुरक्षा उपाय) नियम, 2009 के नियम 16 को रद्द करने की मांग की गई है।

**● यूट्यूबर शर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई**

### पुलिस के नोटिस पर सोनू निगम ने खड़े किए हाथ



**मुंबई।** कन्नड़ गानों पर विवादित टिप्पणी को लेकर गायक सोनू निगम पर एफआईआर दर्ज होने के बाद वे मुसीबत में फंस गए हैं। अवलाहल्ली पुलिस ने सिंगर को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। कथित तौर पर नोटिस व्हाट्सएप के जरिए भेजा गया था। जांच के तौर पर पुलिस उन वीडियो क्लिप की जांच कर रही है जिसे लेकर विवाद हो रहा है। अधिकारियों ने इन वीडियो के साथ इवेंट आयोजकों से रॉ फुटेज भी ली है। वीडियो और ऑडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए इसे फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजा गया है। इसी बीच अब सिंगर सोनू निगम ने बेंगलुरु कॉन्सर्ट विवाद पर अपनी सफाई देते हुए ऑफिशियल स्टेटमेंट शेयर किया है।

# कर्नाटक ने शुरू की अनुसूचित जातियों की जनगणना, 65 हजार शिक्षक किए तैनात

### सीएम बोले-सटीक आंकड़े जुटाना लक्ष्य

**बेंगलूरु, जेएनएन।** कर्नाटक सरकार ने सोमवार (5 मई) से अनुसूचित जातियों (एससी) की उप-जातियों की जनसंख्या के आंकड़े जुटाने एक जातिवार जनगणना अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसे सामाजिक न्याय को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। सीएम का कहना है कि इस विशेष अभियान का मकसद अनुसूचित जातियों की 101 जातियों पर सटीक और वास्तविक आंकड़े जुटाना है। आरक्षण के फायदे सभी वंचित जाति, वर्ग के उपजातियों को सम्मान रूप मिल सके यह तय करना है। सिद्धारमैया ने बताया कि अनुसूचित जातियों की गणना शुरू हुई है, जो 17 मई तक चलेगी। दूसरा चरण 19 से 21 मई के बीच होगा। पहले चरण में छूटे लोगों के लिए विशेष शिविर होंगे। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए तीसरा चरण भी 19 मई से शुरू होगा और यह 23 मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने शहरों से बाहर रह रहे हैं वो लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।



**● 60 दिन में रिपोर्ट सौंपेगा आयोग:** सीएम ने बताया कि राज्य में अनुसूचित जातियों की गणना चल रही है। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एचएन नागमोहन दास के नेतृत्व में एक-सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। उन्हें अनुसूचित जातियों की सूची में उप-कोटा पर स्पष्ट रिपोर्ट देने का काम सौंपा गया है'। सीएम ने कहा कि आयोग को 60 दिन में अपनी रिपोर्ट देनी है।

### जातिगत जनगणना से विपरीत है बीजेपी का डीएनए : कांग्रेस

**पटना।** कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को पीसी में कहा, जातिगत जनगणना वक्त की मांग है। सामाजिक न्याय और जातिगत जनगणना एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बीजेपी का डीएनए ही जातिगत जनगणना से विपरीत है। बीजेपी के लिए यह वोट की राजनीति है। हमारे लिए यह सामाजिक बदलाव है। जब आप जिंदगी के बदलाव को लेकर राजनीति करते हैं, तो आप कभी उसे लागू नहीं कर पाते हैं। सदाकत आश्रम में कांग्रेस की ओर से पीसी का आयोजन किया गया था। पहलगाम हमले पर कांग्रेस नेता ने कहा कि आतंकवाद का सिर कुचला जाना चाहिए। पाकिस्तान को जबरदस्त जवाब देना जरूरी है। उनको ऐसी सजा देनी चाहिए कि हर कोई कांप जाए।

### एलन मस्क बने अब 'ग्रोकलन रस्ट'

**दिल्ली,जेएनएन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक बार फिर अपने एक्स अकाउंट पर नाम बदल कर सबको चौंका दिया है। इस बार उन्होंने अपना नया प्रोफाइल नाम 'ग्रोकलन रस्ट'रखा है, जिससे इंटरनेट पर हलचल मच गई है। एलन मस्क के इस नए नाम में तीन रोचक तत्व हैं। पहला, 'ग्रोक', जो कि उनकी एआई चैटबॉट सेवा का नाम है। दूसरा 'लन' जो उनके खुद के नाम का हिस्सा है और तीसरा 'रस्ट' जो एक आधुनिक प्रोग्रामिंग भाषा है, जिसे वे तकनीकी रूप से काफी पसंद करते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह नाम उनके एआई और तकनीकी दृष्टिकोण का एक प्रतीकात्मक मेल है। सोशल मीडिया पर यूजर्स इस नए नाम को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोग इसे मस्क का एक और मार्केटिंग स्टंट मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे आने वाली किसी नई तकनीकी घोषणा का संकेत बता रहे हैं। मस्क के प्रशंसक मीम्स और व्याख्याओं के साथ इस नाम का विश्लेषण कर रहे हैं, और ग्रोकलन रस्ट ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है।

# तीन जजों की पीठ तय करेगी ईडी की शक्तियां

**नई दिल्ली।** ईडी को गिरफ्तारी, संपत्ति की कुर्की और तलाशी की शक्तियां देने वाले 2022 के फैसले को पुनर्विचार के लिए चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन-न्यायाधीशों की एक नई पीठ का पुनर्गठन किया है। नवगठित पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भूयान और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह शामिल हैं। यह मामला 7 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इससे पहले यह पीठ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस भूयान और जस्टिस सीटी रविकुमार द्वारा सुनी जा रही थी, लेकिन जस्टिस रविकुमार 5 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए।

मार्च में यह मामला जब गलती से दो-न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध हुआ, तो जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्ट किया था कि शीघ्र ही तीन-न्यायाधीशों की नई पीठ गठित की जाएगी। जुलाई 2022 में आए फैसले में शीर्ष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग को 'सामान्य अपराध नहीं' मानते हुए पीएमएलए, 2002 के तहत ईडी को दी गई गिरफ्तारी, संपत्ति की जब्ती और तलाशी की शक्तियों को सही ठहराया था। अदालत ने कहा था कि ईसीआईआर की प्रति देना अनिवार्य नहीं है और गिरफ्तारी के समय गिरफ्तारी के कारण बताना ही पर्याप्त है। हालांकि, अगस्त 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले की पुनर्विचार याचिकाओं पर सहमति जताई थी और कहा था कि दो महत्वपूर्ण बिंदु ईसीआईआर की प्रति न देना और बेगुनाही की धारणा का उलट बोझ प्रथम दृष्टया पुनर्विचार योग्य हैं। यह फैसला 200 से अधिक याचिकाओं के समूह पर आया था, जिसमें व्यक्तियों, कंपनियों और संस्थाओं ने पीएमएलए के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी थी। विपक्षी दलों का आरोप है कि सरकार इस कानून का दुरुपयोग अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए करती है। शीर्ष अदालत ने पीएमएलए की धारा 45 को भी वैध माना था, जिसमें यह प्रावधान है कि यह अपराध संज्ञेय और जमानत न देने योग्य हैं तथा जमानत के लिए दोहरी शर्तें लागू होती हैं।

# नीट-2025 में डमी कैंडिडेट गैंग का भंडाफोड़, 6 अरेस्ट

**जयपुर, जेएनएन।** पुलिस ने राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 में फर्जीवाड़ा करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई में डमी कैंडिडेट गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। करणी विहार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर दबिश देकर गैंग के मास्टरमाइंड सहित अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के कब्जे से फर्जी दस्तावेज, ब्लूटूथ डिवाइस, मोबाइल, सिमकार्ड, नकद राशि और एक स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की गई है। डीसीपी (वेस्ट) ने बताया कि नीट परीक्षा रविवार दोपहर आयोजित की गई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि करणी विहार क्षेत्र के जगदम्बा नगर स्थित एक फ्लैट में कुछ युवक फर्जीवाड़े की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर अजीत कुमार बराला (26), सोहन लाल चौधरी (26) और जितेंद्र शर्मा (24) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी नीट परीक्षा में असली अभ्यर्थियों की जगह डमी कैंडिडेट को बैठाकर परीक्षा पास करवाने की योजना बना रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने फॉर्म भरते समय एआई टूल्स की मदद से डमी कैंडिडेट की तस्वीरें असली उम्मीदवारों की तस्वीरों से मिलाई थीं। आरोपियों ने एडवांस के तौर पर 50 हजार रुपए भी लिए थे। डमी कैंडिडेट के रूप में तैयारी कर रहे जितेंद्र शर्मा को रोहित गोरा और संजय चौधरी की जगह नीट और पारा मेडिकल परीक्षा में बैठाने की योजना थी। पुलिस ने बाद में इन दोनों मूल अभ्यर्थियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में अजीत और सोहन, दोनों राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान (एनआईए) में पीजी के छात्र हैं। जबकि जितेंद्र कॉपर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कर्नाटक में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर का छात्र है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पैसे के लालच और ऐश-ओ-आराम की जिंदगी के लिए इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल हुए।



# लाल किले पर कब्जे का दावा करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महिला की याचिका खारिज कर दी, जिसने मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के परपोते की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी 'उत्तराधिकारी' होने के नाते नई दिल्ली में लाल किले पर कब्जा मांगा था। सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुरू में ही याचिका को 'गलत' और 'निराधार' करार दिया तथा दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा, शुरू में दायर की गई रिट याचिका गलत और निराधार थी। इस पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ ने याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति नहीं दी। वकील ने कहा, याचिकाकर्ता देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार का सदस्य है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यदि दलीलों पर विचार किया जाए तो केवल लाल किला ही क्यों, फिर आगरा, फतेहपुरी सीकरी आदि के किले क्यों नहीं। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने गत दिसंबर को हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2021 के फैसले के खिलाफ बेगम की अपील को खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि चुनौती ढाई साल की देरी के बाद दायर की गई थी, जिसे माफ नहीं किया जा सकता था। सुश्री बेगम ने कहा कि वह खराब स्वास्थ्य तथा बेटी के निधन के कारण अपील दायर नहीं कर सकीं। हाईकोर्ट ने कहा था, हमें यह स्पष्टीकरण अपर्याप्त लगता है, क्योंकि देरी ढाई साल से ज्यादा है। याचिका को कई दशकों की अत्यधिक देरी पर (एकल न्यायाधीश द्वारा) खारिज कर दिया। देरी के लिए माफी का आवेदन खारिज किया जाता है। अपील भी खारिज की जाती है। यह तय सीमा के कारण वर्जित है। 20 दिसंबर 2021 को एकल जज ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अवैध रूप से लिए गए लाल किले पर कब्जे की मांग वाली बेगम की याचिका को खारिज कर दिया और कहा, 150 से अधिक वर्षों के बाद अदालत का दरवाजा खटखटाने में अत्यधिक देरी का कोई औचित्य नहीं है। याचिका में दावा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने परिवार को संपत्ति से वंचित कर दिया, जिसके बाद सम्राट को देश से निर्वासित कर किले पर मुगलों का कब्जा बलपूर्वक छीन लिया था।



### भोज विश्वविद्यालय : संजय तिवारी का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद राजभवन ने शुरू की चयन प्रकिया

# कुलगुरु बनने 40 दिन में करना होगा आवेदन


**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजभवन ने भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु का चयन करने के लिए आवेदन जमा कराना शुरू कर दिया है। राजभवन ने उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने के लिए 40 दिन का समय दिया है। समय सीमा में उम्मीदवारों को आवेदन करना है। इसके बाद उनके आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएंगे। राजभवन आनलाइन आवेदन ही स्वीकृत करेगा। कुलगुरु संजय तिवारी का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद राजभवन ने नये कुलगुरु की नियुक्ति करने के लिए आवेदन जमा कराना शुरू कर दिया है। राजभवन ने प्रभारी कुलगुरु के तौर पर राजभवन के एसीएस केसी गुप्ता को नियुक्त कर दिया है। एसीएस गुप्ता जब तक प्रभारी कुलगुरु का दायित्व निभाएंगे जब तक राजभवन नये कुलगुरु का चयन कर नियुक्ति नहीं कर देता है। राजभवन ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 मई रखी है। उम्मीदवारों के पास एक माह से ज्यादा का समय है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह पहला मौका है जब राजभवन ने कुलगुरु के आवेदन जमा करने के लिए 40 दिन का समय दिया है। आवेदन जमा होने के बाद राजभवन तीन सदस्यीय सर्च कमेटी होगी, जिसमें एक प्रतिनिधि यूजीसी, दूसरा सदस्य शासन प्रतिनिधि और कमेटी का अध्यक्ष राजभवन की तरफ से मनोनीत किये सदस्य होगा। तीनों सदस्यों की सर्च कमेटी राजभवन में जमा आवेदनों की स्क्रूटनी करेगी। इसके बाद सर्च कमेटी उनका साक्षात्कार लेकर कम से कम पांच उम्मीदवारों का पैनल तैयार राज्यपाल मंगूभाई पटेल को सौंपेगा। इसके बाद राज्यपाल पटेल स्वयं चयनित किए गए उम्मीदवारों से सीधे संवाद कर किसी को भोज विवि का कुलगुरु नियुक्त करेंगे। कुलगुरू का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से चार वर्ष होगा।




#### यह होंगी कुलगुरु की शर्तें

राजभवन ने कुलगुरु के कुछ शर्तें तैयार की हैं। इसमें उम्मीदवार का उच्चतम कोटि की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, चरित्रबल एवं संस्थागत वचनबद्धता होना चाहिए। अभ्यर्थी को प्रख्यात शिक्षाविद भी होना चाहिये। उम्मीदवार का जन्म 01 नवम्बर 1959 या उसके बाद हुआ हो। उम्मीदवार को अपने बेदाग केरियर व असंदिग्ध निष्ठा के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। इसमें उन्हें अपने खिलाफ लोकायुक्त संगठन, आर्थिक अपराध ब्यूरो या अन्य किसी संस्थान में किसी भी स्तर पर कोई जांच अथवा आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है की जानकारी देना होगी। यहां तक वर्तमान में सेवारत होने की स्थिति में उम्मीदवार को आवेदन पत्र के साथ अपने नियोक्ता या कार्यालय प्रमुख का प्रमाण पत्र देना होगा। इसमें नियोक्ता बताएगा कि उम्मीदवार के खिलाफ कोई विभागीय जांच आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

+295 **80, 797**

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Adani Enterpris | 2,497.00 | 7.03% |
| Adani Ports | 1,377.00 | 6.31% |
| Trent | 5,382.00 | 4.32% |
| Shriram Finance | 630.90 | 4.08% |
| Bajaj Finserv | 2,036.60 | 3.48% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Kotak Mahindra | 2,084.90 | -4.59% |
| JSW Steel | 955.50 | -1.82% |
| ONGC | 239.20 | -1.73% |
| SBI | 790.00 | -1.25% |
| Dr Reddys Labs | 1,171.30 | -0.98% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 84.25 |
| € यूरो | 95.55 |
| ¥ येन | 05.85 |
| £ पौंड | 112.09 |

इटली के वित्त मंत्री से की पाक की फंडिंग रोकने की अपील, एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग

# एडीबी डायरेक्टर से मिली वित्त-मंत्री पाकिस्तान की मदद रोकने को कहा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग कम करवाने की रणनीति बना रहा है। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के प्रमुख से मुलाकात की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्मला सीतारमण ने एडीबी के डायरेक्टर मसाटो कांडा से मुलाकात कर पाकिस्तान को मिलने वाली आर्थिक मदद घटाने की मांग की है। इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इटली के वित्त मंत्री से जियानकार्लो जियोर्जेटी से मिलकर पाकिस्तान के फंड रोकने की बात की है। इतना ही नहीं पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में भेजने के लिए भारत यूरोपीय देशों के साथ मुलाकात कर रहा है। भारत का आरोप है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पैसा आतंकवाद में इस्तेमाल हो रहा है।



इससे पहले भारत पाक के साथ व्यापार रोकने, एयरोस्पेस बैन करने, वीजा निलंबित करने और सिंधु जल समझौता रद्द करने जैसे कड़े फैसले ले चुका है।

**पाकिस्तान को चौतरफा घेरने की तैयारी :** भारत ने कहा कि वह आईएमएफ समेत ग्लोबल मल्टीलेटरल एजेंसियों (वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक) से पाकिस्तान को दिए गए फंड और लोन पर पुनर्विचार करने के लिए कहेगा, क्योंकि भारत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी राज्य को कूटनीतिक रूप से घेरना चाहता है।

### परमेश्वरन को बनाया अस्थायी डायरेक्टर



भारत ने इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) के बोर्ड में परमेश्वरन अय्यर को अस्थायी डायरेक्टर नॉमिनेट किया है। परमेश्वरन 9 मई को होने वाले आईएमएफ की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। डिप्लोमेटिक लिहाज से शुक्रवार को होने वाली मीटिंग भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि क्लाइमेट रेजिलिएंस लोन प्रोग्राम के तहत पाकिस्तान को 1.3 बिलियन डॉलर (11,000 करोड़) के नए लोन पर विचार होगा। वहीं पाकिस्तान के लिए जारी 7 अरब डॉलर के राहत पैकेज की पहली समीक्षा भी होगी।

### पाक को देने वाले फंड पर दोबारा विचार करें

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की 9 मई को अहम बैठक होगी। भारत ने पाकिस्तान को दिए जाने वाले 1.3 बिलियन डॉलर के ऋणों पर आपत्ति जताई थी और कहा था कि इस पर दोबारा विचार किया जाए, क्योंकि पाकिस्तान को मिलने वाला पैसा आतंक को बढ़ावा देने में इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि आईएमएफ ने भारत के अनुरोध को मानने से इंकार कर दिया है। वह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 9 मई को पाकिस्तान को दिए जा रहे लोन का रिव्यू करेगा। इसी वजह से भारत सरकार का सुब्रमण्यम को पद से हटाने का फैसला हैरान करने वाला है। सरकार ने अभी तक उनके स्थान पर किसी का नाम फाइनल नहीं किया है। जून के अंत में रिटायर हो रहे वित्त सचिव अजय सेठ का नाम सबसे ऊपर चल रहा है।

# महिंद्रा का चौथी तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़ा रेवेन्यू

### शेयर 36 प्रतिशत चढ़ा, 2,437 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एसयूवी मैन्युफैक्चरर महिंद्रा एंड महिंद्रा (एम×एम) को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 2,437 करोड़ रुपए का मुनाफा (स्टैंड अलोन नेट प्रॉफिट) हुआ है, जो सालाना आधार पर यह 21.85 प्रतिशत बढ़ा है। जबकि पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 2,000 करोड़ का मुनाफा हुआ था। यह जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एक्सचेंज फाइलिंग में दी। कंपनी ने बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में एम×एम ने संचालन से 31,353 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया, सालाना आधार पर यह 25 प्रतिशत बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में



कंपनी ने 25,183 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है। सालाना आधार पर कंपनी का मुनाफा 21.85 प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन तिमाही आधार पर यह 17.78 प्रतिशत कम हो गया है। अक्टूबर-दिसंबर में महिंद्रा को 2,964 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

### नतीजों से निवेशकों को फायदा

तिमाही नतीजों के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने शेयरधारकों के लिए प्रति शेयर 25.30 रुपए डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। इसकी रिकॉर्ड डेट 4 जुलाई 2025 है। रिकॉर्ड डेट का मतलब, इस दिन के पहले शेयर खरीदने वाले लोग डिविडेंड पाने के लिए एलिजिबल होंगे। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा शेयरहोल्डर्स को देती हैं, इसे डिविडेंड कहते हैं। मार्केट एनालिस्ट ने अनुमान लगाया था कि कंपनी का मुनाफा 2000 करोड़ के नीचे या इसके आसपास होगा, लेकिन उम्मीदों से बेहतर है। ऐसे में निवेशकों का कंपनी पर भरोसा बढ़ेगा। उम्मीद से बेहतर नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों की डिमांड बढ़ सकती है, इससे कीमतों में उछाल आ सकता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की स्थापना 1945 में महिंद्रा एंड मोहम्मद के रूप में हुई थी, जिसका नाम बदलकर बाद में महिंद्रा एंड महिंद्रा कर दिया गया।

## बाजार पर नजर

### क्रूड ऑयल में नरमी, उत्पादन में वृद्धि से कीमतों पर दबाव

**नई दिल्ली।** ओपेक द्वारा सप्ताहांत में तेल उत्पादन में और बढ़ोतरी करने का फैसला लेने के बाद सोमवार को तेल की कीमतों में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट आई, जिससे अनिश्चित मांग से घिरे बाजार में और अधिक आपूर्ति की चिंता बढ़ गई। ब्रेंट क्रूड वायदा 11.31 जीएमटी पर 70 सेंट या 1.14 फीसदी गिरकर 60.59 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड 75 सेंट या 1.29 फीसदी की गिरावट के साथ 57.54 डॉलर प्रति बैरल पर था। सोमवार को कारोबार शुरू होने पर अनुबंधों ने 9 अप्रैल के बाद के अपने निम्नतम स्तर को छूने के बाद नुकसान कम किया। ऐसा ओपेक द्वारा लगातार दूसरे महीने तेल उत्पादन में वृद्धि करने पर सहमति जताने के बाद हुआ। इससे जून में उत्पादन 4,11,000 बैरल प्रति दिन बढ़ जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार ओपेक समूह के आठ उत्पादकों की ओर से जून में होने वाली वृद्धि से अप्रैल, मई और जून के लिए कुल संयुक्त बढ़ोतरी 9,60,000 बैरल रोजाना हो जाएगी, जो 2022 से सहमत विभिन्न कटौतियों के 22 लाख बैरल रोजाना में से 44 फीसदी की कमी को दर्शाता है।

### रिजर्व बैंक ने स्वर्ण भंडार में 59 टन सोना और जोड़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने भंडार में करीब 59 टन सोना बढ़ाया है, जिससे उसका भंडार बढ़कर 879.59 टन हो गया है। रिजर्व बैंक ने इसमें से 26 टन सोना सितंबर-मार्च के दौरान बढ़ाया है। पिछले 6 महीने में बढ़ाए गए 26 टन सोने में से 24 टन सोना भारत के बाहर बैंक ऑफ इंगलैंड और बैंक ऑफ इंटरनैशनल सेटलमेंट के पास रखा गया है। मार्च के अंत तक स्वर्ण भंडार का 58.20 प्रतिशत भारत में रखा गया है, जबकि सितंबर 2024 तक 59.72 प्रतिशत सोना भारत में था।

अप्रैल में मारुति-सुजुकी ने सबसे ज्यादा 1.38 लाख कारें बेचीं

# वित्त वर्ष-25 में देशभर में 2.6 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां बिकीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में देशभर में गाड़ियों के प्रति खासा रुझान देखने को मिला है। इस दौरान 2.6 करोड़ गाड़ियां बिकीं हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसमें अकेले टू-व्हीलर सेगमेंट में 1.88 करोड़ गाड़ियों की सेल हुई। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले यह 7.71 प्रतिशत ज्यादा रही। एक रिपोर्ट के अनुसार नए वित्त वर्ष 2025-26 के पहले महीने अप्रैल में देश में गाड़ियों की सेल 22 लाख से ज्यादा रही। पिछले साल अप्रैल के मुकाबले इसमें 2.95 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। इस दौरान टू-व्हीलर्स कैटेगरी में 16 लाख से ज्यादा गाड़ी बिकीं, जो अप्रैल 2024 के मुकाबले 2.25 प्रतिशत ज्यादा है। फेडरेशन ऑफ



ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (एफएडीए) ने फाइनेंशियल ईयर 2025 और अप्रैल 2025 में बिकने वाली गाड़ियों की सेल्स रिपोर्ट जारी की है। अप्रैल में हीरो ने सबसे ज्यादा 5.11 लाख दोपहिया वाहन बेचें। इस कैटेगरी में सबसे ज्यादा गाड़ी बेचकर कंपनी 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ टॉप रही। वहीं, पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में मारुति सुजुकी 39.44 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 1,38,021 कारें बेचकर टॉप पर रही।

**कमर्शियल व्हीकल की बिक्री 0.17 प्रतिशत घटी:** वित्त वर्ष 2024-25 में कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट के वाहनों की बिक्री में 0.17 प्रतिशत की कमी देखी गई। इस दौरान देशभर में 10,08,623 कमर्शियल व्हीकल बिके, जबकि पिछले 10,10,324 व्हीकल बिके थे।

### टाटा ग्रुप की कंपनी ने किया 225 % डिविडेंड का ऐलान

**मुंबई, जेएनएन।** टाटा ग्रुप की कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने 6 मई 2025 को अपनी चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी ने अपने शेयरधारकों के लिए 225 प्रतिशत डिविडेंड की भी घोषणा की है। यह डिविडेंड 2.25 प्रति शेयर होगा, जो अगले महीने होने वाली कंपनी की एजीएम में शेयरधारकों से मंजूरी मिलने पर दिया जाएगा। पिछले साल यह डिविडेंड 1.75 प्रति शेयर था। आईएचसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 562 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 28.37 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। टाटा ग्रुप की हॉस्पिटैलिटी कंपनी आईएचसीएल ने इस तिमाही में 2,425.14 करोड़ का ऑपरेशन से राजस्व रिपोर्ट किया। पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी का राजस्व 1,905.34 करोड़ था।

### डैम के चार गेट खोले फसलों को होगा फायदा

**जागरण, बालाघाट।** राजीव सागर बांध से सोमवार को 150 क्यूमिक मीटर पानी छोड़ा गया। बांध प्रबंधन ने कुल 5 मिलियन क्यूमिक मीटर पानी छोड़ने का लक्ष्य रखा है। किसानों की मांग 10 मिलियन क्यूमिक मीटर पानी की थी। बांध प्रबंधन जलस्तर के आधार पर आगे का निर्णय लेगा। इस पानी से बावनथड़ी नदी में जल प्रवाह बढ़ेगा। इससे मप्र और महाराष्ट्र के किसानों को फायदा होगा। पठार संघर्ष समिति और किसानों की कटंगी एसडीएम के साथ बैठक में तय हुआ था कि 5 मई को सुबह 11 बजे पानी छोड़ा जाएगा। बिजली की समस्या के कारण यह कार्य दोपहर 2 बजे शुरू हुआ। बांध से छोड़े गए पानी से दोनों राज्यों के करीब 50 गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा। इससे धान, गन्ना और सब्जियों की खेती को मदद मिलेगी। ग्रामीणों की पेयजल समस्या भी दूर होगी। बांध के एसडीओ कृष्ण कुमार चौधरी ने बताया कि पानी छोड़ने का काम 11-12 घंटे में पूरा होगा।

### कैबिनेट की बैठक आज होंगे कई अहम फैसले

**विसं, भोपाल।** डॉ. मोहन यादव कैबिनेट मंगलवार को कई अहम फैसले पर मुहर लगा सकती है। बैठक मंत्रालय में दोपहर 12:30 पर शुरु होगी। कैबिनेट में किसानों से जुड़े कुछ प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है। बैठक में जिला विकास समितियों के गठन को लेकर भी चर्चा संभव है। इसके अलावा अनौपचारिक चर्चा में सीएम मंत्रिपरिषद के साथ केन्द्र सरकार के निर्देश पर मॉक ड्रिल को लेकर अपनी बात रख सकते है,तो कानून व्यवस्था पर भी उनके द्वारा प्रभारी मंत्रियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा सकते हैं।

### शेयर बाजार में उछाल, 300 अंक ऊपर चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई, जेएनएन।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और अमेरिकी टैरिफ के बीच ग्लोबल मार्केट में मजबूती के बीच सोमवार को भारतीय शेयर में भी उछाल देखने को मिला है। सेंसेक्स करीब 300 अंक ऊपर चढ़ गया है जबकि निफ्टी 50 ने भी 24,400 के स्तर पर कारोबार किया है। सोमवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे 80,661.62 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 50 भी 24,419.50 के स्तर पर रहा। इससे पहले, शुक्रवार को निफ्टी ऑल टाइम हाई 26,277.35 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। यानी, पिछले सत्र की तुलना में निफ्टी अब 1930.65 अंक दूर है। जबकि, हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को रुपए और डॉलर के मुकाबले और मजबूती के साथ 84.45 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। इससे पहले शुक्रवार को 84.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

**शेयर बाजार में उछाल:** इससे पहले, गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स सुबह करीब 7 बजे 100 अंक उछलकर 23,513.5 के स्तर पर आ गया था। वैश्विक बाजारों की बात करें तो पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ था। एसएंडपी 500 करीब 1.47 प्रतिशत ऊपर चढ़कर 5,686.67 के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि डाउ जोन्स 1.39 प्रतिशत उछलकर 41,317.43 के स्तर पर आ गया था।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत के दर्शन कराएगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

### पर्यटकों को रायगढ़ किला, पुणे, शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला का कराया जायेगा अवलोकन



**जेएनएन, नईदिल्ली।** भारतीय रेल पहली बार 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर हैरिटेज टूर का आयोजन करने जा रही है। इस टूर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर किया जाएगा। भारत गौरव ट्रेन अपनी यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से करेगी, और कोंकण रेलवे नेटवर्क पर स्थित मनगांव रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जो रायगढ़ किले का सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन है। रायगढ़ वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में उनकी राजधानी भी बना। रायगढ़ किला घूमने के बाद पर्यटक ट्रेन पर वापस आएंगे और पुणे के लिए रवाना होंगे, जहां रात के खाने और होटल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था होगी।

यात्रा के दूसरे दिन पर्यटकों को पुणे के प्रमुख स्थलों, लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि दिखाए जाएंगे। लाल महल का निर्माण 1630 ई. में शाहजी भोंसले ने अपनी पत्नी जीजाबाई और पुत्र शिवाजी के लिए करवाया था। वर्तमान संरचना 1984 में पुनर्निर्मित हुई है और इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ी तैल चित्रों की एक विशाल श्रृंखला लगी है। कसबा गणपति मंदिर, पुणे के ग्रामदेवता के रूप में प्रसिद्ध है जिसे 1893 में स्थापित किया गया। माना जाता है कि इस स्थान को छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई द्वारा चुना गया था। इसके बाद से ही पुणे को भगवान गणेश का नगर कहा जाने लगा। पर्यटक यहां से शिवसृष्टी जाएंगे, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भारत का सबसे बड़ा थीम पार्क है। यहां पर्यटक 3डी में शिवाजी के जीवन दर्शन और अन्य इंटरैक्टिव सेशंस का आनंद लेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद पर्यटक यात्रा के तीसरे दिन पुणे से लगभग 95 किलोमीटर दूर स्थित शिवनेरी किले की यात्रा करेंगे, जो जुन्नार सिटी के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मस्थान और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव का प्रतीक है। इसी दिन दोपहर के भोजन के बाद पर्यटक 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए पर्यटक पुणे लौटेंगे।

### 9 जून से शुरू होगी यात्रा

छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन यात्रा 09 जून 2025 को प्रस्थान करेगी। 5 रात और 6 दिन की इस यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से होगी। अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन, स्लीपर, सेकेंड एसी और थर्ड एसी कोच के साथ कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता रखती है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशनों से भी सवार हो सकते हैं। इस विरासत यात्रा के टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बुक किए जा सकते हैं जो पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन उपलब्ध है। चौथे दिन पर्यटक भारत गौरव ट्रेन के साथ सतारा के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रतापगढ़ किले का भ्रमण करेंगे। यह वही ऐतिहासिक किला है जहाँ 1659 में अफ़ज़ल खान और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच युद्ध हुआ था, जिसने मराठा साम्राज्य की नींव रखी। दिन में लंच के बाद ट्रेन अपने अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए रवाना होगी।

पांचवें दिन की सुबह ट्रेन छत्रपति शाहू जी महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां होटल में नाश्ते और तैयारियों के बाद पर्यटक महालक्ष्मी मंदिर (अंबाबाई) और फिर पन्हाला किला जाएंगे। सह्याद्री पर्वत पर स्थित यह किला कई ऐतिहासिक लड़ाइयों का साक्षी रहा है। यहीं शिवाजी महाराज 500 दिनों तक रुके और फिर सफलतापूर्वक निकल भागे थे।

पन्हाला किला अपने साँप- जैसे आकार के कारण 'फोर्ट ऑफ स्नेक्स' भी कहलाता है। यह किला शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज के जीवन से जुड़ा है। यह स्थल शिवाजी महाराज के कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की वीरता के लिए भी याद किया जाता है। यहां से देर शाम को ट्रेन मुंबई के लिए वापसी यात्रा पर निकलेगी और छठे दिन सुबह मुंबई पहुंचेगी। इस यात्रा का आयोजन भारतीय रेल के टूरिज्म एंड कैटरिंग कॉरपोरेशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें होटल में रात्रि विश्राम, शाकाहारी भोजन, बसों के जरिए दर्शनीय स्थल भ्रमण, यात्रा बीमा और टूर एस्कॉर्ट आदि की सुविधाएं मिलेंगी।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आईटीआर-3 फॉर्म में किए कुछ बदलाव

# प्रोफेशनल्स-फ्रीलांसर को मदद टैक्स फाइलिंग होगी और आसान

**मुंबई, जेएनएन।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए नया आईटीआर-3 फॉर्म जारी कर दिया है। इस फॉर्म में कई बदलाव किए गए हैं, जिससे मध्यम आय वाले लोगों के लिए टैक्स फाइलिंग अब पहले से आसान होगी और कागजी काम कम होगा। डिपार्टमेंट के अनुसार आईटीआर-3 फॉर्म उन लोगों के लिए है जो बिजनेस या प्रोफेशन (जैसे फ्रीलांसर, डॉक्टर, वकील और कंसल्टेंट) से कमाई करते हैं या हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) का हिस्सा हैं। आईटीआर-1 या आईटीआर-4 जैसे आसान फॉर्म भरने के लिए योग्य नहीं हैं।

### आईटीआर-3 में नया क्या है?

इसमें एसेट्स और लायबिलिटी बताने की लिमिट बढ़ गई है। पहले अगर आपकी सालाना आय 50 लाख रुपए से ज्यादा थी, तो आपको अपने एसेट्स (जैसे प्रॉपर्टी, बैंक बैलेंस) और लायबिलिटी (जैसे लोन) की डिटेल देनी पड़ती थी।

अब यह लिमिट बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए कर दी गई है। अगर आपकी आय 1 करोड़ से कम है, तो अब आपको ये डिटेल्स देने की जरूरत नहीं। इससे मध्यम आय वाले बिजनेस ओनर्स और प्रोफेशनल्स को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि कागजी काम कम होगा। कैपिटल गेन्स को अलग-अलग बताना होगा, अगर आपने प्रॉपर्टी या कोई लॉन्ग-टर्म कैपिटल एसेट (जैसे शेयर) बेचा है,



तो अब आपको 23 जुलाई 2024 से पहले और बाद की कमाई को अलग-अलग दिखाना होगा।

### बजट 2024 में नए नियम आए

23 जुलाई 2024 के बाद बिक्री पर 12.5 प्रतिशत लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन टैक्स (एटीसीजी) बिना इंडेक्सेशन के या पुराना नियमः 20 प्रतिशत टैक्स, लेकिन इंडेक्सेशन (महंगाई के हिसाब से लागत बढ़ाने) का फायदा।

अगर आपने 23 जुलाई 2024 से पहले प्रॉपर्टी खरीदी थी, तो आप दोनों में से जो आपके लिए फायदेमंद हो, वो चुन सकते हैं। नए फॉर्म में सेक्शन 80सी, 80जीजी जैसे डिडक्शन्स के लिए ड्रॉपडाउन मेन्यू जोड़ा गया है। इससे टैक्स बचाने के लिए डिडक्शन क्लेम करना अब आसान और साफ-सुथरा होगा। अब टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स (टीडीएस) की जानकारी को हर सेक्शन के हिसाब से अलग-अलग बताना होगा।

**अर्थांक**

| | |
|---|---|
| तारा | 678-1, 358-6 |
| दिन | 135-9, 116-8 |
| ताराना | 156-2, 380-1 |
| रात | 367-6, 169-6 |

# हॉस्टल में सीनियर छात्रा के न्यूड वीडियो बनाते पकड़ाई जूनियर, दिल्ली के दोस्त को भेजे

### घटना के तार बड़े गिरोह से जुड़े होने की आशंका


**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के जबलपुर के ट्रिपलआईटीडीएम के गर्ल्स हॉस्टल का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक छात्रा दूसरी लड़कियों के न्यूड वीडियो बनाकर अपने दोस्त को भेज रही थी। चौकाने वाली बात ये है कि आरोपी छात्रा लगातार दो साल से ऐसा गंदा खेल खेल रही थी। बाथमरूम में नहा रही एक सीनियर छात्रा ने उसे अपना वीडियो बनाते हुए पकड़ लिया, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ, जिस दोस्त को वह वीडियो भेजती थी वो दिल्ली में रहता था। अब इस घटना के तार बड़े गिरोह से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। जबलपुर के खमरिया थाना अंतर्गत डुमना क्षेत्र में स्थित ट्रिपलआईटीडीएम के गर्ल्स हॉस्टल में मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। दरअसल एक छात्रा बाथरूम में नहा रही थी, तभी उसे अहसास हुआ की खिड़की से कोई उसे देख रहा है। इसके बाद छात्रा के शोर मचाने पर अन्य छात्राओं ने कॉलेज में ही पढ़ने वाली एक लड़की को पकड़ा जो पास के बाथरूम से मोबाइल पर नहाती हुई छात्रा का वीडियो बना रही थी। इसके बाद जब आरोपी छात्रा के मोबाइल को चेक किया गया तो बेहद चौंकाने वाली जानकारियां सामने आईं। हॉस्टल की छात्राओं सहित स्टूडेंट कमेटी ने इस छात्रा की जानकारी कॉलेज प्रबंधन को दी, इसके बाद उसके मोबाइल को चेक किया। मोबाइल की व्हाट्सएप चैट हिस्ट्री और अन्य जानकारी को देखने पर यह पता चला कि आरोपी छात्रा, दिल्ली के किसी युवक को यह वीडियो भेजती थी। कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि मोबाइल की जांच करने से यह भी पता लगा है कि आरोपी ने अन्य कई लड़कियों के नहाते हुए वीडियो बनाकर दिल्ली में अपने मित्र को भेजे हैं।

### मामला दर्ज कराने पहुंचे छात्र-छात्राएं

इस मामले में पुलिस में एफआईआर दर्ज करने के लिए ट्रिपलआईटीडीएम के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में डुमना चौकी पहुंचे, मौके पर मौजूद छात्राओं ने यह आरोप लगाया कि यह घटना रविवार की सुबह की है और उसके बाद कॉलेज प्रबंधन के द्वारा उनके ऊपर यह दबाव बनाया जा रहा था कि वह इस मामले में शिकायत ना करें।

# भाखड़ा के पानी को लेकर कोर्ट ने केंद्र और पंजाब से मांगा जवाब

### पंजाब विस का स्पेशल सेशन, 6 प्रस्ताव पास



**चंडीगढ़, जेएनएन।** हरियाणा और पंजाब के बीच पानी के विवाद को लेकर सोमवार को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) की याचिका पर सुनवाई हुई। बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि पंजाब पुलिस ने डैम पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। पुलिस के जवानों ने डैम की सभी कंट्रोल यूनिट अपने हाथ में ले लिए हैं। इस पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने इस मामले में केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार, पंजाब सरकार और बीबीएमबी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं, हरियाणा के एडवोकेट जनरल ने कहा कि प्रदेश के 200 से ज्यादा जल घर सूख चुके हैं। पंजाब सरकार ने हरियाणा का पानी रोक दिया है। इसके जवाब में पंजाब सरकार ने कहा, हमने हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दे दिया है। हम और पानी हरियाणा को नहीं दे सकते हैं। पंजाब के किसानों ने भी धान की फसल लगानी है। हमें भी पानी चाहिए। हाईकोर्ट कल फिर इस पर सुनवाई करेगा। वहीं पानी विवाद को लेकर पंजाब विधानसभा का स्पेशल सेशन हुआ। करीब 5 घंटे चले सेशन के दौरान सभी पार्टियों ने हरियाणा को पानी देने का विरोध किया। सीएम भगवंत मान ने कहा, हरियाणा को अभी तो हम ये पानी दे रहे, आगे से ये भी नहीं मिलेगा। सीएम नायब सैनी के हरियाणा का पानी बंद करने से पाकिस्तान जाने के आरोप पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा, पाकिस्तान में एक बूंद पानी भी नहीं जा रहा। सेशन में 6 प्रस्ताव पास किए गए।

# मऊगंज में जल संकट गहराया, गोरमा डैम से निहाई नदी में छोड़ा गया पानी

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज नगर परिषद सहित पूरे जिले में पीने के पानी का संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। गर्मी की तपिश और बारिश की कमी के कारण निहाई, ओड्डा और सेलार नदियों का जलस्तर पूरी तरह से खत्म हो गया है। इसके चलते मऊगंज नगर में जल संकट उत्पन्न हो गया है और लोगों को पीने के पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोरमा डैम से पानी छोड़ने का निर्णय लिया। यह पानी निहाई नदी से ओड्डा नदी में लाया जा रहा है, ताकि मऊगंज नगर में केएनके के माध्यम से नागरिकों को पानी उपलब्ध कराया जा सके। इस प्रयास से शहर की पेयजल आपूर्ति में कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन पीएचई एवं नगर परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में जल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की और पूरी तरह से अधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश दिए। मऊगंज नगर के लोग केएनके का पानी सड़कों एवं नालियों में बाहर बहा रहे थे तब शायद उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ेगा।

**पानी का करें विवेकपूर्ण उपयोग :** नगर परिषद मऊगंज के सीएमओ संतोष सिंह गहरवार ने नगरवासियों से अपील की है कि वे पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें और पानी व्यर्थ न बहाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठा रहा है, लेकिन नागरिकों का सहयोग भी उतना ही जरूरी है। जल संकट की इस घड़ी में सामूहिक प्रयासों से ही समाधान संभव है।

## जल संवाद एवं नुक्कड़ नाटक से पानी बचाने किया जागरूक




**मऊगंज ब्यूरो।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद संभाग समन्वयक रीवा प्रवीण पाठक के निर्देशानुसार अजय चतुर्वेदी ब्लॉक समन्वयक मऊगंज के मार्गदर्शन व उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 9 नगर मऊगंज में 4 मई को जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संवाद एवं नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक समन्वयक मऊगंज द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक की रूपरेखा एवं जल संरक्षण हेतु विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया तथा छात्र-छात्राओं को उनके प्रयोगशाला ग्राम में जल गंगा संवर्धन के कार्यक्रम आयोजन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए । कार्यक्रम में नवांकुर एवं लीड संस्था ग्राम विकास सेवा समिति मऊगंज संस्था प्रमुख श्रीनिवास त्रिपाठी के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के नारे जल है तो कल है जल ही जीवन है जल बचाओ जीवन बचाओ आदि प्रकार के नारे लगवाए गए व जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राम रतन मिश्रा एमएसडब्ल्यू प्रीवियस के छात्र व उनकी टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक जल बचाओ का प्रदर्शन किया गया। उक्त अवसर पर गीतांजलि शर्मा, मुकेश दुबे, अखिलेश्वर जायसवाल, बृजमोहन यादव, चंद्रशेखर मिश्रा के द्वारा जल संरक्षण पर अपने अनुभव शेयर किए गए । परामर्शदाता शिव शंकर श्रीवास्तव, साधना चौरसिया एवं पूजा मिश्रा ने अपने अनुभव शेयर किया । सीएम सी एल डीपी अध्ययन केंद्र मऊगंज के सभी छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे । स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता शशि कुमार शर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उनके द्वारा भी जल संरक्षण पर अपने विचार साझा किए गए।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नलजल योजना : आरोप

## नगर परिषद् ने ट्यूबबेलों से होने बाली सप्लाई को ठप किया, और बिगड़े हालात



**मऊगंज ब्यूरो।** संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मऊगंज नगर के लोग एक बार फिर नगर परिषद मऊगंज की सांठगांठ में बड़े भ्रस्टाचार के शिकार हो गये जो कि बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालांकि मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन इस विकट समस्या से निपटने के लिए गम्भीर और पूर्णतया प्रयासरत है। तो वही नगर परिषद के जिम्मेदार जनता के समक्ष इस विकट समस्या को खड़ा करते हुए नलजल योजना के भ्रष्टाचार से अपनी तिजोरी भरी जिन्होंने पूर्व से नगर में होने वाली बोरों के द्वारा सप्लाई को बन्द कर उसके मोटर पम्पों को निकाल लिया है। यदि इनके द्वारा यहां के बोरो से मोटर पम्पों को नही निकाला जाता तो काफी हद तक जल संकट से निपटा जा सकता था। लेकिन केएनके कम्पनी की सप्लाई का प्रचार प्रसार और गुण गान करके नगर की जनता के साथ ठगी करते हुए बूंद बूंद पानी के लिए भटकाया जा रहा है। दरअसल मऊगंज में आधा अरब से ज्यादा लागत की नल जल योजना केएनके कम्पनी के भारी भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ जाने के आरोप हैं और उसी का नतीजा है कि मऊगंज नगर परिषद भीषण जल संकट की चपेट में हैं।

## मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक आज

**मऊगंज।** मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक अब 6 मई को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मऊगंज में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन करेंगे। बैठक में आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में संबंधित ग्राम पंचायतों को आवंटित राशि के उपयोग तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग कमलेश्वर सिंह ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से राशि उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। बैठक में संबंधित गांवों के सरपंच तथा ग्राम पंचायत सचिव भी उपस्थित रहेंगे।

# लौरी गढ़ खरीदी केंद्र में चौकीदार की संदिग्ध भूमिका पर उठे सवाल



## जनचर्चा से उठी जांच की मांग, प्रशासन अब तक मौन

**गढ़, नि.प्र.।** संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रीवा जिले के लौरी गढ़ स्थित खरीदी केंद्र में कार्यरत चौकीदार राम गणेश द्विवेदी इन दिनों जनचर्चा का विषय बने हुए हैं। स्थानीय स्तर पर, सोशल मीडिया से लेकर यूट्यूब चैनलों तक चौकीदार की कार्यप्रणाली, आय, व्यय असंतुलन, संपत्ति विस्तार और पद से परे गतिविधियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि अब तक इन बातों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जो सूचनाएं सामने आ रही हैं, वे प्रशासन और सहकारिता विभाग के लिए चिंता का विषय बनती जा रही हैं। सूत्रों की मानें तो यदि राम गणेश द्विवेदी की मोबाइल कॉल डिटेल्स की जांच कराई जाए तो कई अनाज व्यापारी, गोदाम प्रभारी और ट्रांसपोर्ट एजेंसियों से उनकी दिनभर की बातचीत का खुलासा हो सकता है। यह आशंका जताई जा रही है कि वे खरीदी केंद्र के नाम पर निजी सांठगांठ से फायदा पहुंचा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी गरम है कि खराब गुणवत्ता वाली धान (लगभग 30 किलो प्रति बोरी) को कथित सेटिंग के जरिए गोदाम में जमा कराया गया, लेकिन उस पर अब तक कोई जांच नहीं हुई। प्रश्न यह है कि यदि केंद्र का एक चौकीदार ऐसा कर रहा है तो क्या यह एक व्यापक तंत्र का हिस्सा है? राम गणेश द्विवेदी केवल चौकीदारी तक सीमित नहीं हैं। जानकारी के अनुसार वे अनाज वितरण, ट्रैक्टर नंबर लगाने, गुणवत्ता जांच जैसे कार्यों में भी सक्रिय रहने के आरोप लगाए गए हैं।

## बैंक परिसर से सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी का पर्स चोरी



**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर इस समय चोरों का आतंक कितना बढ़ गया है कि पलक झपकते ही चोरिया हो रही हैं। ऐसा ही मामला यूनियन बैंक शाखा हनुमना में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी मंगल प्रसाद प्यासी निवासी शाहपुर छुआ निवासी की अपनी पेंशन यूनियन बैंक शाखा हनुमना में 5 मई दिन सोमवार को निकाली। पेंशन निकालने के बाद उनका पर्स बैंक परिसर में भी चोरी हो गया । पीड़ित का कहना है कि पैसा हमारा मिले चाहे ना मिले जिस व्यक्ति को हमारा पर्स मिला हो वह हमें लौटा दे उसे पर्स में हमारे लिए जरूरी डॉक्यूमेंट रखे हुए हैं । कागजात बहुत जरूरी है उनके चोरी होने से आवश्यक काम में परेशानी हो जाएगी। पीड़ित ने अपील की है कि मंगल प्रसाद प्यासी निवासी शाहपुर छुआ मोबाइल नंबर 9229 49 1589 में पर्स जिसे भी मिला हो वह हमें लौटा दे।

# ग्राम पंचायत बहेरा कोठार में कल्याणकारी योजनाओं से किया जागरूक




**मऊगंज ब्यूरो।** ग्राम पंचायत बहेरा कोठार के सचिव दिलीप सिंह द्वारा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे। सभी कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच आशा देवी गोस्वामी ने किया । वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक एवं सरपंच प्रतिनिधि धर्मराज भारती एवं आशा सुपरवाइजर पुष्पा तिवारी उपस्थित रहे । सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन एजुकेशन लोन सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही साइबर फ्रॉड के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम पंचायत की सरपंच ने कहा की जो हमारे ग्राम पंचायत में आयोजन हुआ यह बहुत सराहनीय है हमारे गांव के लोग सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेंगे वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री भारती ने कहा कि हम प्रयास करेंगे की अधिक से अधिक लोग बैंक से जुड़कर सरकार की योजनाओं का लाभ लें । आशा सुपरवाइजर श्रीमती तिवारी ने भी सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक प्रवीण भारती आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा तिवारी मिथिलेश शुक्ला, कुसुम शर्मा, बिंदु सिह रामवती कहार एवं आशा कार्यकर्ता पूजा नामदेव, मनोज कुमारी, शुक्ला उपेंद्र कुमार शुक्ला, सरोज कुमार तिवारी, रानी प्रजापति रामनिधि, शाहू अन्नपूर्णा तिवारी शांति शर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के सचिव दिलीप कुमार सिंह द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# प्रभु श्री राम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर धारण करें : प्रपन्नाचार्य

## ग्राम बरहुला अग्निहोत्रिन टोला में श्रीमद् बाल्मीकीय रामायण का हो रहा आयोजन



**अतरैला नि.प्र.।** नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् बाल्मीकीय रामयण कथा का भव्य आयोजन ग्राम बरहुला अग्निहोत्रिन टोला में आयोजित किया जा रहा है। कथा व्यास आचार्य श्रीराम प्रपन्नाचार्य प्रयागराज द्वारा श्रीमद् बाल्मीकीय रामयण की सुंदर अमृतमय कथा कही जा रही है एवं मुख्य यजमान केदारनाथ तिवारी सोनकली तिवारी है। कथा व्यास द्वारा अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ माता कौशल्या के यहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भाईयों सहित जन्म, बाल लीलाओं, गुरूकुल में शिक्षा, ताड़का बध, जनकपुर आगमन, स्वयंवर में शिव धनुष तोड़ना, सीता विवाह, चारों भाइयों का विवाह अयोध्या आगमन वन गमन की अमृतमय कथा कहते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम अपने पिता राजा दशरथ के वचन रखने हेतु वन गये। जहां अपने भक्तों ऋषि मुनियों को दर्शन देकर उनको सुख प्रदान किया वही रावण जैसे आतातायी राक्षस का वध कर इस धरा में धर्म की स्थापना की। जब जब इस संसार में अधर्म का बोलबाला एवं राक्षसी प्रवृत्तिया बड़ी है व धर्म का पतन हुआ है तब तब भगवान पृथ्वी गौ माता साधु संत जनों की रक्षा हेतु इस धरा में मनुष्य के रूप में प्रगट होकर आततायी राक्षसों का वध कर इस धरा में धर्म की स्थापना कर धर्म ध्वजा लहराते हैं। साथ ही उन्होंने उपस्थित धर्मानुरागी भक्त जनों से प्रभु श्री राम के नाम का स्मरण करने एवं उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर धारण करने की अपील की। कथा का विश्राम पूर्णाहुति भंडारा 9 को होगा आयोजकों ने सभी धर्मानुरागी भक्त जनों से श्रीराम कथा श्रवण करने की अपील की है।

# सेमरिया बाजार में जाम के झाम से नहीं मिली निजात

## भारी वाहन, ऑटो चालक, सड़क पर लगी दुकानें बन रहे जाम का कारण

**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया मुख्य बाजार में जाम से होने वाली समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं जिसका मुख्य कारण भारी वाहनों का नगर के बाजार में प्रवेश तथा ऑटों चालकों की मनमानी है। इस समय में शादी ब्याह का सीजन चल रहा है तथा बाजार में भीड़भाड़ अधिक होती है लेकिन ऑटो चालकों ने सेमरिया में अपना अलग ही मनमानी रवैया और अपना नियम बनाया है जहां मन क़िया वहीं आटो खड़ा कर गायब हो जाते हैं। जाम लग जाय तो दूर से देखते रहते हैं। वाहन किनारे करने कि जहमत तक नहीं उठाते हैं। ऑटो चालकों के लिए प्रशासन ने अभी तक कोई नियम नहीं बनाया है और न ही आटो स्टैंड का निश्चित स्थान बनाया है। नगरीय प्रशासन स्थाई स्टैंड स्थान बना दे तो हद तक जाम से मुक्ति मिल सकती है। यहां अभी कोई नियम का पालन नहीं करता है। सुरक्षा के निर्देश का पालन नही होने पर अप्रिय घटनाएं होती हैं। विगत दिनो बाजार पर दोपाहिया वाहन से घटना होते होते बची। लोगों की मांग है कि प्रशासन इस ओर भी ध्यान दें जिससे यातायात सुगम हो । बड़े वाहन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मेन बाजार से पूर्ण रूप से बंद कराए जिससे राहत जाम से राहत मिल सके ।

### दुकानदार सड़क पर सजाते हैं दुकान

सेमरिया बाजार में भीड़ का एक प्रमुख कारण स्टेट बैक से लेकर बस स्टैण्ड, बकिया तिराहा, बकिया रोड, मेन रीवा रोड, सतना तिराहा और सतना रोड और मुख्य बाजार पर सतोषी माता मदिर, सरास्वती स्कूल की गली के पास और कुछ किराना व्यापारी है जिनका उदेश्य है की रोड पर ही पूरा कब्जा करना है और बिरसिहपुर मोड, सरदार होटल के पास यह लगभग सभी स्थान हैं जहां जाम की स्थित निर्मित होती है। दुकानदारों को निर्धारित करे की रोड पर कब्जा न करे नाली के अंदर तक अपना व्यापार करे ।

# जवा बाजार की नालियों से निकली एक ट्रैक्टर ट्रॉली नशीली कफ सिरप की खाली शीशियां



**जवा ब्यूरो ।** तराई क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली दवाओं का गोरखधंधा अपने चरम पर है, जिसकी चपेट क्षेत्र का युवा पूरी तरह आ चुका है। सोमवार को जवा बाजार की सितलहा रोड की नाली की सफाई कराई जा रही थी, जिसमें मात्र पांच फिट नाली की सफाई में एक ट्रैक्टर ट्राली नशीली कफ सिरप की खाली शीशियां निकली जिसने भी देखा आश्चर्य मान रहा था, अगर पूरे बाजार की नालियों की सफाई कराई जाए तो सैकड़ों ट्राली नशीली कफ शिरप की शीशियां निकल सकती है,अब सवाल यह उठता है कि इतनी भारी मात्रा नशीली दवाओं का आयात निर्यात कहां से हुआ। तराई क्षेत्र में बाजार से लेकर गांव गांव तक नशे का अवैध करोबारफैल चुका है। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस महकमे को इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन इनके उदासीन चलते बेधड़क बाजारों एवं कस्बों में बिक्री होती है, फिर भी यह बेखबर, जवा बाजार की नालियों एवं मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों में इतनी भारी मात्रा में यूज कर खाली शीशियां इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। समाज सेवियों ने आईजी रीवा पुलिस अधीक्षक से नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# हनुमना के पटेहरा में इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**हनुमना, नि.प्र.।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना और संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा मैत्री एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी रीवा के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत पटेहरा में इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर का ग्राम पंचायत पटेहरा में किया गया। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा और सीबीएमओ डॉ नागेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पटेहरा में किया गया जिसमें 87 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ । इस इंटीग्रेटेड स्वाथ्य शिविर में डॉ रौनक पटेल ने हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में 07 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया और इस शिविर में 87 एच आईव्हीवी/वीडीआर एल, और हेपेटाइटिस बी , सी तथा 56 मरीजों का बीपी तथा 58 मरीजों का शुगर जांच की गई । सभी का सफल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।

**इनका रहा योगदान :** इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ रौनक पटेल, एनएम ए आनंद सिंह, सेक्टर सुपरवाइजर बाल्मिक तिवारी, एसटीएस मनोज पांडे, सीएचओ संदीप कुमार साकेत, सीएचओ गुलसिता बानो, एमपीडब्ल्यू रामलाल साकेत, काउंसलर राजीव दुबे, एल टी प्रफुल्ल पटेल, काउंसलर मुकेशमणि शुक्ला, एसके मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, प्रोग्राम मैनेजर आसिफ खान, एएनएम प्रभा मिश्रा पुष्पा द्विवेदी, एएनएम चंद्रकली शर्मा, एल टी कमल शर्मा, एल टी रामायण साकेत, ओ आर डब्ल्यू कृष्णकांत शर्मा, आशा पर्यवेक्षक सीता विश्वकर्मा आशा पर्यवेक्षक रेनू शुक्ला, सभी आशाउपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।

# प्रतियोगिताएं आयोजित कर मनाया लाड़ली उत्सव



**सेमरिया, नि.प्र.।** महिला बाल विकास विभाग परियोजना सिरमौर दो में लाड़ली उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बालिका वैष्णवी शुक्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन किया गया। लाड़ली बालिकाओं द्वारा ही गीत, भाषण, नृत्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता की गई । कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया । लाड़ली बालिकाओं को जीवन में सशक्त बनने एवं सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व हेतु समझाइए दी गई। पास्को एक्ट चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया गया । बाल विवाह भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक मुद्दों पर बात की गईं । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भटिगमा उपसरपंच जनक लली उपस्थित रहीं । कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक रविशंकर शुक्ल, संतोष पांडेय, जगत निवास सिंह, राजेश मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता के पी चतुर्वेदी, अंजू सिंह, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक प्रार्थना पाण्डेय एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान: जल स्त्रोतों की सफाई और खेत तालाबों का हो रहा निर्माण



**आंचलिक डेस्क।** रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एक ओर नदियों के उद्गम स्थल तथा जल कुण्डों एवं कुओं की साफ-सफाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर वर्षा के जल को संचित करने के लिए खेत तालाब एवं अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। कुंओं और ट्यूबवेलों में रिचार्ज पिट बनाकर भी पानी को सहेजने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मऊगंज जिले में ग्राम बाराती और गढ़वा में पाँच किसानों के खेतों में जनपद पंचायत के उपयंत्री द्वारा खेत तालाब निर्माण का लेआउट दिया गया। नईगढ़ी विकासखण्ड में ग्राम अकौरी में जन अभियान परिषद और महिला स्वसहायता समूहों ने मिलकर मटिहरा नदी की साफ-सफाई और पुनर्जीवन कार्य में श्रमदान किया। जल चौपाल और रैली के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश दिए गए। जन अभियान परिषद ने रीवा जिले के सिरमौर विकासखण्ड में ग्राम बगढ़ा दुबे में ग्रामीणों के सहयोग से झिरिया कुण्ड की साफ-सफाई तथा जीर्णोद्धार का कार्य संपन्न किया। जवा विकासखण्ड के ग्राम दिव्यगवां में किसानों के साथ जल संवाद का आयोजन करके उन्हें कम पानी में अच्छी उपज देने वाली फसलों की जानकारी दी गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों के साथ-साथ पानी को बचाने के लिए जागरुकता अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है। जन अभियान परिषद तथा मंगल युवा कल्याण समिति ने जवा विकासखण्ड के ग्राम ऊंचा डीह में रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया ।



## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.482 |
| पंजाब | 11 | 07 | 03 | 15 | 0.376 |
| मुंबई | 11 | 07 | 04 | 14 | 1.274 |
| गुजरात | 10 | 07 | 03 | 14 | 0.567 |
| दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 13 | 0.362 |
| कोलकाता | 11 | 05 | 05 | 11 | 0.249 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 12 | 03 | 06 | 06 | -0.718 |
| चेन्नई | 11 | 02 | 09 | 04 | -1.117 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



विराट कोहली (बेंगलुरु) 505
साई सुदर्शन (गुजरात) 504
सूर्यकुमार यादव (मुंबई) 475
जायसवाल (राजस्थान) 473

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) 19
जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) 18
अर्शदीप सिंह (पंजाब) 16
ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) 16



## बाउंड्री मीटर



933 छक्के
1667 चौके
111 अर्धशतक

दिल्ली कैपिटल्स के करुण नायर हैदराबाद के खिलाफ खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। आईपीएल में यह पांचवीं और इस सीजन दूसरी बार हुआ है।

# भारत वनडे व टी-20 में नंबर 1 पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

## आईसीसी की वार्षिक रैंकिंग, टेस्ट में भारत चौथे नंबर पर

जेएनएन, दुबई

भारत ने आईसीसी की सोमवार को जारी ताजा वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट प्रारूप में वह एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गई है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है।



## टेस्ट में भारतीय टीम एक स्थान फिसली

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं। आयरलैंड को रैंकिंग हासिल करने के लिए अगले 12 महीनों में एक और टेस्ट खेलना होगा, जबकि अफगानिस्तान को सूची में शामिल होने के लिए तीन और मैच खेलने होंगे।

## टी-20 रैंकिंग में 100 टीम शामिल

टी-20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी-20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है।

### आईसीसी वनडे रैंकिंग

| टीम | मैच | रेटिंग |
|---|---|---|
| भारत | 36 | 124 |
| न्यूजीलैंड | 38 | 109 |
| ऑस्ट्रेलिया | 32 | 109 |
| श्रीलंका | 36 | 104 |
| पाकिस्तान | 32 | 104 |
| दक्षिण अफ्रीका | 29 | 96 |
| अफगानिस्तान | 25 | 91 |
| इंग्लैंड | 31 | 84 |
| वेस्टइंडीज | 27 | 83 |
| बांग्लादेश | 29 | 76 |

### आईसीसी टी-20 रैंकिंग

| टीम | मैच | रेटिंग |
|---|---|---|
| भारत | 57 | 271 |
| ऑस्ट्रेलिया | 29 | 262 |
| इंग्लैंड | 37 | 254 |
| न्यूजीलैंड | 41 | 249 |
| वेस्टइंडीज | 39 | 246 |
| दक्षिण अफ्रीका | 35 | 245 |
| श्रीलंका | 31 | 235 |
| पाकिस्तान | 44 | 228 |
| बांग्लादेश | 38 | 225 |
| अफगानिस्तान | 30 | 223 |

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

| टीम | मैच | रेटिंग |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 25 | 126 |
| इंग्लैंड | 33 | 113 |
| दक्षिण अफ्रीका | 21 | 111 |
| भारत | 27 | 105 |
| न्यूजीलैंड | 22 | 95 |
| श्रीलंका | 24 | 87 |
| पाकिस्तान | 22 | 78 |
| वेस्टइंडीज | 22 | 73 |
| बांग्लादेश | 24 | 62 |
| आयरलैंड | 5 | 30 |

## खेल एक नजर

### चोटिल वंश बेदी की जगह उर्विल पटेल सीएसके टीम में

**चेन्नई, जेएनएन।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने बाएं टखने में चोट के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर हुए वंश बेदी की जगह गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को अपनी टीम में शामिल किया है। पटेल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों में शतक जड़ा कर सुर्खियां बटोरी थी। यह किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी-20 शतक है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 टी-20 मैचों में 1,162 रन बनाए हैं। वह इससे पहले 2023 सत्र में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे। पटेल 30 लाख रुपए की अपनी आधार मूल्य पर चेन्नई की टीम से जुड़े।

### सनराइजर्स में हर्ष दुबे शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के शेष सत्र के लिए चोटिल होने के कारण बाहर होने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज स्मरण रविचंद्रन के स्थान पर हरफनमौला हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में विदर्भ की तरफ से खेलने वाले दुबे को सनराइजर्स ने 30 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 16 टी-20, 20 लिस्ट ए मैच और 18 प्रथम श्रेणी खेले हैं।

## मैच 55 : दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स के बीच मैच रद्द, दोनों को एक-एक अंक

# हैदराबाद की उम्मीदों पर पानी

**हैदराबाद, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के साथ सनराइजर्स हैदराबाद सोमवार को आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। दोनों टीम को इस मैच से एक-एक अंक मिला, जिससे दिल्ली के 11 मैच में 13 अंक हो गए हैं और टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। सनराइजर्स 11 मैच में सात अंक के साथ आठवें स्थान पर है, लेकिन अब अधिकतम 13 अंक जुटा सकती है, जबकि पहले ही चार टीम 14 या इससे अधिक अंक हासिल कर चुकी हैं। सनराइजर्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम है। राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपरकिंग्स भी पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। सनराइजर्स ने कप्तान पैट कमिंस (19 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट पर 133 रन के स्कोर पर रोक दिया। पारी के ब्रेक के दौरान हालांकि तेज बारिश शुरू हो गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया। कमिंस की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली ने 29 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन टीम ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 41) और आशुतोष शर्मा (41 रन) की उपयोगी पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट की 66 रन की साझेदारी की सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। जयदेव उनादकट ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। इशान मलिंगा (28 रन पर एक विकेट) और हर्षल पटेल (36 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और फिर टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए 15 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों करुण नायर (00) और फाफ डु प्लेसी (03) तथा अभिषेक पोरेल (08) को पवेलियन भेज दिया।





■ कमिंस आईपीएल पारी के पावरप्ले में तीन विकेट लेने वाले पहले कप्तान हैं। उन्होंने अक्षर पटेल, जहीर खान और शॉन पोलक को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम दो-दो विकेट हैं।

■ कमिंस आईपीएल मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले सनराइजर्स के चौथे गेंदबाज बन गए हैं। कमिंस ने शुरुआती ओवर की पहली ही गेंद पर करुण नायर को आउट किया। उनसे पहले जगदीशा सुचिथ, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी ऐसा कर चुके हैं। सुचिथ ने 2022 में विराट कोहली, भुवनेश्वर ने 2023 में प्रभसिमरन सिंह और शमी ने इस सीजन शेख रशीद को मैच की पहली गेंद पर आउट किया था।

### स्कोर बोर्ड

दिल्ली कैपिटल्स : 133/7 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| नायर का. किशन बो. कमिंस | 0 | 1 | 0 | 0 |
| डुप्लेसी का. किशन बो. कमिंस | 3 | 8 | 0 | 0 |
| पोरेल का. किशन बो. कमिंस | 8 | 10 | 1 | 0 |
| राहुल का. किशन बो. उनादकट | 10 | 14 | 1 | 0 |
| अक्षर का. कमिंस बो. हर्षल | 6 | 7 | 1 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 41 | 36 | 4 | 0 |
| विप्रज निगम रनआउट | 18 | 17 | 1 | 1 |
| आशुतोष का. मनोहर बो. मलिंगा | 41 | 26 | 2 | 3 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 5, **कुल** : 20 ओवर में सात विकेट पर 133 रन, **विकेट पतन** : 1-0, 2-6, 3-15, 4-26, 5-29, 6-62, 7-128, **गेंदबाजी** : पैट कमिंस 4-0-19-3, उनादकट 4-0-13-1, हर्षल पटेल 4-0-36-1, इशान मलिंगा 4-0-28-1, जीशान 3-0-30-0, अभिषेक शर्मा 1-0-5-0.

# प्लेऑफ की प्रबल दावेदार मुंबई और गुजरात आज आमने सामने

जेएनएन, मुंबई

प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना मंगलवार को आईपीएल के 56वें मैच में गुजरात टाइटंस से होगा। दोनों ही टीमें टॉप-4 में जगह पक्की करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। मुंबई और गुजरात क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। दोनों ने ही एक समान 11 मैचों से सात-सात में जीत दर्ज की है। जो भी टीम इस मैच में जीत हासिल करेगी उसके लिए आगे की राह आसान हो जाएगी। इस मुकाबले में फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए मुंबई के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली हार्दिक की मुंबई को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे, ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके। टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी, जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात को अभी चार मैच खेलने हैं, जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो मैच और जीतने हैं।



### हेड टू हेड

मुंबई और गुजरात के बीच आईपीएल में अब तक छह मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 4 मैच गुजरात ने जीते हैं। वहीं मुंबई की टीम दो मुकाबले अपने नाम किए हैं। वहीं बीते तीन मुकाबलों की बात करें तो मुंबई को गुजरात के हाथों हार का सामना करना पड़ा है।



### देखने को मिल सकती है छक्कों और चौकों की जंग

छक्कों और चौकों की जंग इस मुकाबले का सबसे धमाकेदार पहलू साबित हो सकती है। दोनों टीमों में पावर हिटर्स की कोई कमी नहीं है और जब मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हो, जो बल्लेबाजों के लिए खासतौर पर पावरप्ले के बाद काफी मददगार माना जाता है, तब रनों की बरसात होना तय है। इस सीजन मुंबई, गुजरात और पंजाब का बाउंड्री प्रति गेंद औसत सबसे बेहतर रहा है। ये टीमें हर 4.4 गेंदों में एक बाउंड्री लगा रही हैं। इस सीजन अब तक सबसे अधिक छक्के लगाने वालों की लिस्ट भी यह बताती है कि दर्शकों को ताबड़तोड़ बैटिंग देखने को मिलेगी।

## मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले कैस्पर रूड नॉर्वे के पहले खिलाड़ी




**मैड्रिड, जेएनएन।** कैस्पर रूड मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गए। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली।

## प्रतिबंध खत्म, इटालियन ओपन में वापसी करेंगे सिनर

**रोम, जेएनएन।** विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग के लिए लगा तीन महीने का प्रतिबंध सोमवार को खत्म हो गया और वह अपने घरेलू टूर्नामेंट इटालियन ओपन से कोर्ट पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। सिनर ने इस साल के शुरू में लगातार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। इसके बाद उन्हें विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ हुए समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इटालियन ओपन में यह पहला अवसर होगा, जब कोई स्थानीय खिलाड़ी विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में अपनी चुनौती पेश करेगा। इटालियन ओपन 25 मई से शुरू होने वाले साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन से पहले आखिरी बड़ा क्लेकोर्ट टूर्नामेंट है।



## ताइपे बैडमिंटन ओपन में लय हासिल करने उतरेंगे श्रीकांत

**ताइपे, जेएनएन।** लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे किदाम्बी श्रीकांत और कई भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 240000 डॉलर इनामी राशि के ताइपे ओपन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत लगातार चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह मौजूदा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसक गए हैं। श्रीकांत का सामना पहले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रहमण्यम से होगा, जिन्होंने इस साल मार्च में स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया था। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त ली चिया हाओ से खेलेंगे। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता तरुण मन्नेपल्ली का सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा, जबकि एम लुवांग मेसनाम की टक्कर सातवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। महिला वर्ग में अनुपमा उपाध्याय और उन्नति हुड्डा पहले दौर में आमने सामने होंगी।



## नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरु

**बेंगलुरु, जेएनएन।** नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। आयोजकों के अनुसार टिकट 199 से 9,999 रुपए की रेंज में उपलब्ध है। जोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। 44,999 रुपए की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं। यह प्रतियोगिता विश्व में एथलेटिक्स की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता प्राप्त है, जिसने इसे गोल्ड लेवल का दर्जा दिया है।

## अस्थाई निलंबन के बाद रबाडा को मिली आईपीएल खेलने की अनुमति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को आनंदप्रद ड्रग्स के सेवन के चलते एक महीने का निलंबन झेलने के बाद दोबारा मैदान पर लौटने की अनुमति मिल गई है। दक्षिण अफ्रीकी इंस्टीट्यूट फोर ड्रग्स फ्री स्पोर्ट्स (एसएआईडीएस) ने बयान के जरिए पुष्टि की है कि इस साल की शुरुआत में डरबन सुपर जाएंट्स और मुंबई केपटाउन के बीच खेले गए मैच के बाद 21 जनवरी को हुए डोपिंग टेस्ट को पास करने में रबाडा विफल रहे थे। 1 अप्रैल 2025 को जब रबाडा आईपीएल के लिए भारत में मौजूद थे, तब उन्हें इस संबंध में सूचित किया गया था। 3 अप्रैल को गुजरात टाइटंस ने रबाडा की स्वदेश वापसी को लेकर कहा था कि वह निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका गए हैं। एसएआईडीएस के अनुसार रबाडा ने ड्रग्स के सेवन को रोकने से संबंधित जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया है और वह बुधवार को आईपीएल में मुंबई और गुजरात के बीच खेले जाने वाले मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे। रबाडा की सजा आनंदप्रद ड्रग्स के सेवन के लिए विश्व रोधी डोपिंग एजेंसी (वाडा) द्वारा दी जाने वाली सजा के अनुरूप है, पिछले वर्ष सुपर स्मैश के दौरान न्यूजीलैंड के डग ब्रेसवेल को कोकीन के सेवन के लिए ऐसी ही सजा दी गई थी।



## सिटी स्पोर्ट्स

## शिवांश चतुर्वेदी के दोहरे प्रदर्शन से भोपाल फाइनल में, खिताबी मुकाबला ग्वालियर से

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच शिवांश चतुर्वेदी (37 रन व 4 विकेट) के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत भोपाल डिविजन ने सोमवार को इंदौर को चार विकेट से हराकर बॉयज अंडर-22 लिमिटेड ओवर्स इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उसका सामना ग्वालियर से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में नर्मदापुरम को 21 रन से हराया। इंदौर के होलकर स्टेडियम में भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 9 विकेट खोकर 248 रन बनाए। पृथ्वीराज सिंह तोमर ने 77 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। विकास शर्मा ने 39, शिवांश चतुर्वेदी ने 37 और मीत त्रिपाठी ने 24 रन का योगदान दिया। इंदौर के अन्वेष चावला ने तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर की टीम 43.4 ओवर में 244 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम के आयाम वर्मा (64) और सोहम पटवर्धन (50) ने अर्धशतक जड़ा। अंश बगड़िया ने 43 और अभिषेक मावी ने 35 रन का योगदान दिया। भोपाल के शिवांश चतुर्वेदी ने चार विकेट झटके। तनिष्क यादव को तीन सफलता मिली। वहीं डेली कॉलेज में ग्वालियर ने निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 195 रन बनाए। शालीन शिखर ने 68 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। शुभम कुशवाह ने 38 व पार्थ चौधरी ने 31 रन बनाए। नर्मदापुरम 36.3 ओवर में 174 रन पर सिमट गई।

## मप्र के चेतन को गोल्ड, साहिल को कांसा

### सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश अकादमी के खिलाड़ियों ने 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप (केएसएसएम) के अंतिम दिन स्वर्ण और कांस्य सहित दो पदक जीते। मप्र शूटिंग अकादमी में खेली जा रही चैंपियनशिप में चेतन सप्कल ने स्वर्ण और साहिल चौधरी ने कांस्य पदक अर्जित किया। सोमवार को खेल अकादमी के शूटिंग खिलाड़ी चेतन ने पहले चरण में 279 और द्वितीय चरण में 270 अंक सहित कुल 549 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता में साहिल ने 25मी. सेंटर फायर पिस्टल सीनियर मेन वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

### कमिश्नर की टीएल बैठक आज

रीवा। कमिश्नर बीएस जामोद 6 मई को संभागीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान संभागीय बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं में कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

### कलेक्टर 7 मई को करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल 7 मई को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, गेहूं उपार्जन, पेयजल व्यवस्था तथा ईकेवाईसी अपडेशन की भी समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# पुरानी रंजिश में चली थी सत्यम पर गोली, आरोपी गिरफ्तार

## विश्वविद्यालय पुलिस ने घटना का किया खुलासा



**जागरण, रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर के पास स्थित विपिन किराना स्टोर के पास 20 अप्रैल की रात करीब 11.5 मिनट पर सत्यम तिवारी उर्फ सत्यम मोराई पुत्र धनेश्वर प्रसाद तिवारी 26 वर्ष के ऊपर दो की संख्या में रहे आरोपियों ने पिस्टल से फायर किया था। घायल को घटना के बाद संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने गोली कांड में शामिल आरोपी सहित नाबालिग को पकड़कर पूरी घटना का खुलासा कर दिया है। सत्यम के दोस्त विनय कुमार दीपांकर ने घटना की शिकायत थाना में दर्ज करवाई थी। सीएसपी शिवाली चर्तुवेदी ने बताया कि पीड़ित और आरोपी के बीच पुराना विवाद था, जिसके चलते आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। घायल सत्यम ने पुलिस को बताया था कि वह अपने एक दोस्त के साथ जा रहा था, इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने पीछे से उस पर गोली चला दी। जिससे गोली पीठ को छूती हुई निकल गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी मोहम्मद मंजर अंसारी उर्फ पियूष पुत्र मो.बली अहमद अंसारी 18 वर्ष निराला नगर पीएम आवास के पास व एक नाबालिग को पकड़ा है। फिलहाल वारदात में प्रयुक्त पिस्टल व बाइक अभी पुलिस को नहीं मिली है, जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है।

### बदला लेने चलाई गोली

सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने बताया कि सत्यम मोराई व आरोपी मो. मंजर के बीच पुराना विवाद चल रहा था। बताया गया कि दोनों के खिलाफ पूर्व से अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पूर्व में सत्यम ने उनके ऊपर गोली चलाई थी, जिसका बदला लेने के लिए उन्होंने घटना को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व बाइक बरामद करने का प्रयास कर रही है।






# ऑटो चालक पर हमला, आरोपी फरार

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए आरोपियों ने ऑटो चालक पर जानलेवा हमला किया। घटना में ऑटो चालक शिवसागर पयासी को गंभीर चोट पहुंची है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ईशू सिंह और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की है। घटना की शिकायत उसके द्वारा थाना में की गई लेकिन पहले तो पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की, जब उसके द्वारा उच्चअधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया तब जाकर एफआइआर दर्ज की गई। पीड़ित ने बताया कि घटना के आरोपी धनबल के दम पर मामला मैनेज करने का प्रयास कर रहे हैं और वो अभी फरार हैं। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है।

# बेटी की शादी के लिए छुट्टी में था लाइनमैन, फिर भी कर दिया निलंबित

## पश्चिम संभाग के डीई पर तानाशाही का लगा आरोप

**जागरण, रीवा।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड पश्चिम संभाग रीवा के डीई पर फिर तानाशाही का आरोप लगा है। एक लाइन स्टाफ बेटी की शादी के लिए अवकाश पर था। इसके बाद भी उसे निलंबित कर दिया गया। एक तरफा कार्रवाई को लेकर कर्मचायिों में आक्रोश है।

मिली जानकारी के अनुसार रामदरश शुक्ला ने बेटी की शादी के कारण 24 से 26 अप्रैल तक अवकाश की सूचना कार्यालय में दी थी। 27 अप्रैल को उनका साप्ताहित अवकाश था। इसी दिन तेज आंधी, तूफान आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अधिकारियों ने रामदरश के अवकाश पर वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। कार्यपालन अभियंता पश्यिम संभाग ने कार्यालय न पहुंचने पर रामदरश को निलंबित कर दिया। जबकि उस दिन रामदरश अवकाश पर थे। इसकी सूचना भी विभाग को दी गई थी। कर्मचारियों का आरोप है कि अधिकारी अपनी लापरवाही छुपाने के लिए कर्मारियों को ही निशाना बना रहे हैं। कार्यपालन अभियंता ने निलंबन आदेश में कहा है कि 27 अप्रैल को प्राकृतिक आपदा के कारण चोरहटा अंतर्गत कई जगहों पर विद्युत पोल और तार टूट गए। इसमें सभी 11 केवी लाइन फाल्ट होने के करण लाइन सुधार के लिए सभी स्टाफ को बुलाया गया लेकिन रामदरश बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। फोन पर संपर्क करने की भी कोशिश की गई लेकिन रामदरश का मोबाइल बंद रहा। इस कृत्य को डीई ने गैर जिम्मेदाराना और कार्य के प्रति उदासीनता मानते हुए लाइनमैन रामदरश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई को लेकर ही कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

# सब्जी खरीद रहे युवक को बाइकर्स ने मारी ठोकर, मौत

**रीवा।** शहर की सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गए शख्स को एक बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया वहीं घायल को गंभीर अवस्था में संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अधेड़ अमहिया से सब्जी खरीदने के लिए गया था। इसी दौरान जब वह सब्जी मण्डी के अंदर सब्जी ले रहा था तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना में मोहम्मद शाहिद मंसूरी पिता मरहूम मो. सिद्दीकी 50 वर्ष निवासी अमहिया को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी गए हुए थे। बताया गया कि वह है मंडी में सब्जी खरीद रहे थे, तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसे के दौरान वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। सिटी कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर दुर्घटना कारित करने वाले बाइक सवार की पहचान का प्रयास कर रही है।









# आईजी आपके द्वार जन चौपाल का मैहर से शुभारंभ

## नशे पर नकेल कसने जन चौपाल कर आईजी ने शुरू कराया अभियान




**जागरण, रीवा।** आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत ने नवाचार शुरू करते हुए जोन के समस्त जिलों में जन चौपाल आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की। सोमवार को मैहर जिले के ग्राम पहाड़ी में पुलिस जन चौपाल के माध्यम से जनता से बात कर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आइजी गौरव राजपूत के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान आइजी ने ग्रामीणों से नशे की रोकथाम व सायबर फ्रॉड के संबंध में चर्चा की। मौके पर आई समस्याओं का भी उनके द्वारा निराकरण किया गया। जन चौपाल में उपस्थित लोगों से नशे के खतरे के साथ ही इसके रोकथाम के संबंध में भी उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ कार्रवाई थानों तक सीमित न होकर पूरे जोन स्तर पर प्रभावी रूप से की जाएगी। आयोजन के माध्यम से आईजी खुद अलग-अलग जनपदों में जाकर लोगों से मिलकर बातचीत करेंगे साथ ही संपर्क स्पापित कर सूचना एकत्र की जाएगी। आईजी ने कहां कि नशे के कारण युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद हो रहा है, ऐसे में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने इस दौरान एक हेल्पलाइन नंबर 7049123031 जारी किया, जिसमें ग्रामीण गोपनीय सूचना दे सकते हैं। इस पहल को साकार करने के लिए आईजी ने जनभागीदारी की अपील की, जिससे समाज से नशे को जड़ से समाप्त किया जा सके। कार्यक्रम में आम जनता के साथ साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संबंधित एसडीओपी संबंधित थाना प्रभारी जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्य, सरपंच क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ समाजसेवी मौजूद रहे।















## दो माह बाद मिला विक्षिप्त नाबालिग बालक

**रीवा।** नईगढ़ी पुलिस ने दो माह पूर्व गुम हुए विक्षिप्त नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिजन को सौंप दिया है। घटना के संबंध में नईगढ़ी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नाबालिग विक्षिप्त बालक के परिजनों ने 25 फरवरी को थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका 16 साल का लड़का जो दिमाग से कमजोर है, शौच करने के लिए घर के बाहर गया था और फिर वापस नहीं आया। इसके बाद पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर नाबालिग की तलाश शुरू की। बताया गया कि 04 मई को पुलिस ने बालक को खोजकर सकुशल परिजनों को सौंप दिया है।


















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com